लक्षण, रोगी को ऐसा मालूम होता है कि कोई अन्य वस्तु शरीर में चुभती है और देखने से वह स्थान लाल मालूम होता है फिर वह चमड़ा फट कर घाव बन जाता है फिर वह स्थान काला हो कर मुरदार हो जाता है और वह रोग सपाईनल कारड की चोट के कारण होता है और कभी यह रोग चमड़े के ढीले होने से भी होता है॥

चिकित्सा, जिस अवस्था में मालूम होकि रोगी बहुत काल तक बिसतरे पर पड़ा रहेगा तो फिर रोगी को पानी या वायु से भरे हुवे बिसतरे पर सुलावें पीठ और बैड सोर के स्थान को बचाने के वास्ते रैकटीफाईड स्पिरिट या सोप पलासटर लगावें बैड सोर के स्थान को रोसमयसिरका या सपिरट केफर या नाइट्रिक ईथर एक हिस्सा पानी तीन हिस्सा मिला कर धोवें रोगी को सदैव काल करवट बदल कर लटावें और यदि घाव हो जावें तो पहिले पुलटस लगा कर उनको साफ करें और फिर रेज़न आइएट मेण्ट से ड्रेस्स करें ॥

तीसरा गेंगरीन का आरटीरियल आबसट्रकशन् से होना जैसे उपरेशन में बड़ी आरटरीका बांधा जाना या थ्राम्बोसिस या एम्बोलिजम् के रोग के कारण या आरटरी का बंद हो जाना

लक्षण, पहिली अवस्था में उपरेशन के स्थान से नीचे का हिस्सा सरद भारी और सुन्न हो जाता है और रंग उसका भूरा हो जाता है फिर पैर का चमड़ा सुकड़ जाता है और काला हो जाता है कभी छाले पड़ जाते हैं कभी सब अंग मुरदार हो जाते हैं

दूसरी अवस्था को सपान टेनिअस गेंगरीन कहते हैं इस में आरटरी के अंदर सूजन होकर लेंफ रोगी आरटरी के अंदर उत्पन्न होकर खून के दौर को बंद कर देता है इस अवस्था

को थ्राम बोसिस कहते हैं आद में चमड़े पर पीड़ा होती है फिर अंग काला हो कर मर जाता है कभी २ बारीक टुकड़े बड़ी आरटरी या दिल से निकल कर पतली आरटरीओं में फस जाते हैं इस को ऐमबोलिज़म कहते हैं खून का दौरा इस हिस्सा में कम हो जाता है और वह स्थान मर जाता है और कभी नाड़ी के परदे सखत हो जाते हैं = और खून का दौरा भली प्रकार नहीं हो सका यह सीनाईल गैंगरीन में होता है

वृद्धावस्था ग्रीन

सीनाईल गेंगरीन, यह रोग बूढ़ों को उंगली और अंगूठे पर होता है आद में अंगूठे और अंगूली के छूने का बल दूर हो कर नीला रंग हो जाता है और ऊपर का चमड़ा उखड़ जाता है पीड़ा कभी बहुत होती है कभी नहीं होती मरा हुवा अंश सुकड़ कर खुश्क हो जाता है और फिर गल कर उड़ जाता है और घाव अच्छा हो जाता है फिर दूसरी वेरी गेंगरीन हो जाता है फिर रोगी निर्बल हो कर मर जाता है

पथोलोजी आरटरी की बनावट में किसी तरह का रोग जैसे अथरौमैटसड़ी या जिंट जिसमे नाड़ी के अंदर का परदा बदल कर आटे की तरह हो जाता है जिस के कारण नाड़ी का राह बंद हो हो जाता है खून का दौरा सुस्त हो कर उस अंग की बनावट को खराब कर देता है और थोड़ी सी सूजन होने से गैंगरीन हो जाता है और स्त्रीओं को

यह रोग नहीं होता

चिकित्सा रोगीको आराम से रक्खें जुलाब देवें भोजन हलका और बलवान जैसे चनो का पानी मांस का रस पोर्ट वाइन देवें और सोनेके समय डोवरस पोडर और ऊंगली पर पट्टी और पाओं को रूई से ढांप कर बैंडेज बंध देवें यदि पीप हो तो पहिले पट्टी को हर रोज या सप्ताहके पीछे बदलना चाहिये और कोई उपरेशन न करें विरन हो जब सारे हिस्से गल जावें और हडी रह जावे तो उसको आरी से काट देते हैं यदि रोग हो तो जुलाब देवें

चौथा

वीनस बलड के रोकनेसे गैंग्रीन होसकता है यह निर्बल आदमीओं और फीवर और वेनसके घाव मे होता है कभी सब खून के दौरेके रुकने से अंग मुरदार होजाता है ॥

जैसे सैंगूलेटिड हरणीओं मे इन सब कारणो का वर्णन अपने २ स्थान पर कियाजाएगा॥

पांचवां

वाईट गैंगरीन इस रोग मे गोलटुकडा हाथ के चमडे का पहिले पहिल पीडा करने लगता है फिर मर कर खुश्क और श्वेत होजाता है और पालना करने वाली रोगी स्थान की नाडीओं खुश्क होजाती हैं

कारण दिलकी वेनस के किवाडों मे एम् बोलीका अटक जाना

चिकित्सा समय से करें और कई फरेंकी डक्टर नेश्तव लगा कर खून को ओन बना लेते हैं उसका उपाय भी समझ कर करें

८ आठवां परिछेद

ऐरिसिपलिस अर्थात् हरख बाद संस्कृत मे इसे विसत्रत ज्वर रक्त प्रदाह बोलते हैं इस रोगमे खास प्रकार के विष से खून खराब होजाता है जो सूजन इस रोग मे होती है वह कभी तो केवल चमडे पर कभी चमडे और सैलूलर टिशु के अंदर और कभी अंदर के अंगों में हो करके दूर तक फैल जाती है और इसके साथ ज्वर भी होता है

कारण यह रोग कंटेजियन् है और कभी २ वायु के साथ विष मिल कर मनुष्य के शरीर मे रस जाता है प्रीडिसपोजिंग काज वह मनुष्य जो शरीरकी प्रकृति के अनुसार पुरी २ तरह पर नही वर्तते जैसे सफाई का अच्छा न होना अच्छे भोजन की न मिलना वायु का अच्छा न होना और निर्बल मनुष्य अर्थात् ऐसे लोग जो सर्बदा काल गर्मी और सर्दी मे फिरते हैं और स्वभाव जिनका खराब हो इस रोग मे पकडे जाते हैं कई रोग भी इस रोग के उत्पन्न होने को मदद देते हैं ॥

जैसे डायाबीटीज एलबूमीनोरिया गोट प्लेथोरा (

रोगों मे कई ऋतुओं में बरसात और बसंत में यह रोग फैलताहै बहुतसे रोगीओं का एक स्थान पर एकत्र होना मुरदो के गलने से दुर्गंधि का उत्पन्न होना और वायुका खराब होना या इन के जलौका के घाव मे लगजाने से इरीसिपलस उत्पन्न होता है अकस्मात् टिंगकाज इस रोगका घाव है खास ऐसे घाव जो कुचले हुए और गहरे होतेहैं

प्रकार

सुरख बाद दो प्रकारका होता है प्रथम बाहरका द्वितीय अंदर का व्याख्यान प्रथम बाहर का यह चमड़े और सैल्यूलरटिशु पर होता है इसके तीन प्रकार होते हैं पहिले क्युटेनिअस या सिंपल ऐरीसिपलस अर्थात् सुरख बाद जिलदी स्थानिक

लक्षण

रोगी को ज्वर शीत के साथ होजा है सिर मे दरद होता है और जिमी चलाता है और नाड़ी तीव्र चलती है जिव्हा मैली और शरीर गरम होजाता है एक दिन से दो दिन तक सुरखी चमड़े की हदी मे आती है जेकर घाव हो तो उसके जलौका खुशक होजाते हैं किनारे पर वरम और सुरखी हो जाती है यदि घाव न हो तो सुरखी प्रथम चेहरे पर और पीछे पैर और सबसे पीछे धड़ पर होजाती है ॥ १९

और कभी अधिक कभी फीकी होती है

दबाने से गुम्म होजाती है ढीले स्थान जैसे

पपोटे टैसटीकल फूल जाते है छाले पड जाते हैं जो थोडे काल के पीछे खुशक होजाते हैं पीडा जलन के साथ होती है कभी लाली एक स्थान से दूसरे स्थान चली जाती है यह अवस्था भय देने वाली होती है ॥

कभी फोडा उत्पन्न होने से लेब सारविङ् ग्लैनड्स मे सूजन आजाती है(शारीरक लक्षण)

रोगी को इनफला मेटरी फीवर होता है काले रंग के दस्त आते हैं यदि सिर पर हो तो दमागी लक्षण उत्पन्न होते हैं खास यह लक्षण क्रम क्रम से दूर होकर रोगी यातो अच्छा हो जाता है या दूसरी प्रकार का इरीसिपलस हो जाता है ॥

दूसरी प्रकार सेल्यूलर क्युटेनिअस या फ्लेगमेनस इरीसिपलस अर्थात् पीप के उत्पन्न करने वाला सुरख बाद इस रोग मे सूजन बढ़त होती है ॥

पीप दूर तक फैल जाती है॥

और कई प्रकार के अंगों की बनावट गलकर निकलती है ॥

स्थानिक लक्षण आद मे ज्वर होता है फिर रोगी स्थान पर सूजन होकर लाली हो जाती है पीडा जलन और टीस के साथ होती है ॥

वर्म फैला हुआ दबाने से दब जाता है ॥

परन्तु वहुत जलदी वढ़ कर चमड़े को सख्त और तन देता है वड़े २ छाले पीप और खून से भरे हुवे मालूम होते हैं यह ६ से ८ दिन तक रहता है अगर इस समय मे रोगी राजी होजाये तो अच्छा है नहीं तो सलफींग होजाता है और सूजन और पीड़ा भी कम होजाती है परन्तु चमड़ा काला होजाता है वह स्थान ढीला नरम्म और पिलपिला होजाता है चमड़े के नीचे का अंश गलने लगजाता है यदि निश्तर लगाया जावे तो सैल्यूलर टिशू सुपेद जलांश से भरा हुआ दखाई देता है यह जलांश लेस वाला होता है पीप और सलफ मे वदल जाता है जलांश पतले होकर खराव दुर्गंध वाले होजाते हैं चमड़ा काले छिछड़े मे वदल कर छिद्र वाला होजाता है इसे फेशिआ मांस नाड़ी हड्डी गलकर वाहर निकलती हैं यदि रोगी अच्छा होगया तो उन स्थानो पर सीकैटरीजेशन वन जाता है नहीं तो सैप्टी मुरदार पड़ जाता है जोड़ पीप से भर जाते हैं और रोगी मर जाता है॥

शारीरक लक्षण ज्वरके पीछे पीप के निकलने के कारण रोगी निर्बल होजाता है यदि इससे बच जाये तो हैकटिक फीवर के लक्षण उत्पन्न होते हैं. दस्त और वमन होती हैं फोड़े उत्पन्न होते हैं मूर्छा होजाती है रोगी मरजाता है कभी जलांश के निकलने के कारण चमड़ा और ढीले स्थान

सदैव काल के लिये सूज जाते हैं पीडा नहीं होती रोगी अंग हिलने से रहजाता है ॥

तीसरी प्रकार सेल्युलर ऐरीसिपलस या डीफ्यूज इनफलामेशन आफ दी सेल्यूलर टिशउ या सेलूलाईटिस पर चोट और घाव के कारण होता है ऐसे घाव जो किसी मुरदे की परीक्षा करने के समय या किसी विष वाले कीडे या जीव के काटने से होता है इस रोग मे सेल्यूलरटिशु बडी जलदी गलजाता है ॥

स्थानिक लक्षण वह स्थान सूजा हुआ और सख्त तना हुआ होता है उस अंग मे पीडा होती है लाली फोडीसूरत तक होती है और चमड़ा काले छिछडे मे बदल जाता है

रोग सब अंग मे फैल जाता है जैसे अगर अंगुली मे होतो बगल और छाती तक पहुंचता है बाकी लक्षण इसके सेल्यूलर क्यूटेनिअस एरीसिपलस की तरह होजाते हैं ३६ से ४८ घण्टे के अन्दर संपूर्ण छिछडे मे बदल जाता है मृत्यु दो तीन दिन मे होती है शारीरक लक्षण टाईफाईडफीवर की तरह होते हैं

परीक्षा स्मालपाकस अर्थात् भाजामीज़लस अर्थात् खसरा से इरीसिपलस मे छाले नही होते यह चोट के कारण होता है इसमे चमड़े की लाली होती है ॥

प्रागनोसिस अर्थात् रोग का फल पहिले कहदेना

यदि रोगी निर्बल बूढा और शराबी हो या यह रोग सिर और गलेमे हो दमरुक कर आवे और मूर्छा होने वाली हो या यह रोग फ्लैगमैनस की प्रकार का हो या बडा हिस्सा फैलिया और चमड़े का खास कर पैर और जोड़ गल गिया हो या हड्डी नंगी होगई हो और गुर्दे के रोग भीहो तो ऐसी अवस्था मे रोगी की जान का भय होता है और यह रोग चोट वाले और घाव वाले स्थानमे होता है नयेजन्मे हुये बालकों की नाभी के इरद गिरद होजाता है और जब कोई घाव नहो तो मस्तक पर होता है और इसी स्थानसे सिर गलेऔर पीठ प्रेक फैल जाता है और जब यह रोग सिर मे होता है तो आरंभे सिरकी पीडा और मूर्छा होजाती है यदि गले पर होतो श्वास लेने और खाने मे पीडा होती है ॥

चिकित्सा

पहिले सिम्पलईरीसिपलस की आदमे ऐपी कयकुआना देकर रोगी को वमन करावें काला सिन्थ या कैलोमिल की गोली या और किसी सलाईन पर गेटिव का जुलाब देवें यदि रोगी जवान और बलवान् हो तो भोजन कम देवें सलाइन मिकसचर चार २ घण्टे के पीछे देवें जब रोगी निर्बल हो तो ऐसी टेट आफ ऐमूनीआ कैंफर मिकसचर के साथ देवें निर्बल मानुष्योंमे कारबोनेट आफ एमूनिआ डिकाक शन्आफ ए. आरक

के साथ देते हैं बरांडी शराब अण्डे के साथ ग्रही है टिञ्चर आफ सटील २० बूंदें तीन २ घण्टेके पीछे निर्बल मनुष्यों को देना चाहिये हलका जुलाब भी देवें ॥

स्थानिक चिकित्सा गरम पानी की टकोर करें(सरदी न लगने दें तनावट और सूजन के दूर करने के लिये सूजन वाले स्थानको चीरा देकर खून और सीरम निकालें इस लिये के तनावट और वरम दूर होजाये सीरम के निकालने के लिये गरम पुलटस लगावें आकसाइडआफजिंक या मेदा से उस स्थानको ढांप रक्खें यदि रोग ऊपर को फैलता हो तो कासटिक की बत्ती से उसको जला देवें कभी कलोडीअन् भी लगाते हैं कभी कम्पोण्ड टिंकचर औफआयोडीन या टिंकचर आफसटील या गलीसरीन फलाद के साथ लगाते हैं अब ब्रोमीन के पानी मे लिण्ट तर करके लगाते हैं और आइलआफ सिलक की पट्टी बान्द देते हैं कभी कारबालिक लोशन की पचकारी चमड़े के नीचे करते हैं ॥

चिकित्सा

फ्रेगमेन्टसउरीसीपलस की आदमें कय और(जुलाब की औषधिओं से रोगी के पक्काशय और आंद्रों को साफ करें कारबोनेट आफ एमूनिआ देवें जब रोग बढ़े तब सटीमूलिण्ट जैसे टिंचर आफ सटील पोर्टवाईनबारकएमूनिआ देना चा(

हये

स्थानिक चिकित्सा रोगी स्थान को आराम से ऊंचारक्खें पुलटस लगावें टकोर करें और जब सख्त और तनाहुआ हो तो उसको आरट्री बचाकर गहरा चीर दो तीन इंच लम्बा एक इंच गहरा देना चांहिये यह चीर थोड़े २ दूर देवें फिर पुलटस लगावें जब स्थान सूजा हुआ नीला और नरम हो जावे तब चीरा देकर पीप और सलफ को निकालें कलोराइड आफ जंक १५ ग्रेन को एक औंस पानी मे मिलाकर घाव को धोवे और रोगी को खुली वायु वाले कमरे मे रक्खें

सेलूलर इरीसिपलस इसके उपाय मे ऐमोनिया ब्रांडी और शराब देवें स्थानिक चिकित्सा फ्लैगमेनस इरीसिपलस की तरह करें जब कोई दिमाग का लत्तण नहो तो अहीफेनकलोरलहाईड्रेट देवें यदि रोग बाहर से अंदर जानेलगे तो गरम टरपनटाइन कपड़े पर छिड़क कर लगावें जिससे रोग बाहर निकल आवेगा अन्दर का इरीसिपलस इस स्थान मे म्युकस मेम्बरेन और सीरस मेम्बरेन पर आरट्री और वेन के परदों मे और लिम्फैटिक गलैंडस के अन्दर होता है स्थानिक लत्तण और शारीरक लत्तण बाहर के इरीसिपलस की तरह होते हैं यह रोग गले के अंदर फेरिंगास और पेरीटोनिअम मे होता है उपाय इसका आगे लिखा जाएगा ॥

पथालोजी इसरोग के आदमे सर वाई कल गेलेडस सूज जाते हैं डाकटर वैसटिमान साहिब यह कहते हैं के बारीक आरटरी मे वाइटकारपसल्स सफ सकर एम्बोलीजम बनाता है और इसी तरह गैलैंडस सूज जाते है

हिजीएनकाडीटमैएट जब यह रोग कंटेजियस हो तो नजदीक के मनुष्यों को कंटेजीअसफीवर हो जाता है इस वाले किसी हसपताल मे यह रोग हो तो हर एक रोगी को अलग कर देवें और रोगीओं के लिये १५०० घन फुटकेहूर होने चाहियें। अच्छी वायु वाले मकान मे रखें और एक रोगीकी पट्टी की सपंज दूसरे से न लगावें जलदी जलदि उस स्थान मे कोऐसे थैलीओं मे भर कर जलकावें और कई प्रकार की औषधिओं और पानी जैसे मेगड़गलसपौडरकांडीज फलूयड कलोराईड आफजिंक कलोराईडआफलाइम टिंकचरआयोडीन। कारबालिकएसिड वरतें डाकटर को चाहिये के ऐसे रोगी के देखने या मुरदे के चीरने के पीछे किसी और रोगी को देखने या जच्चाखाने न जावें यदि जाना भीहो तो हाथें को कारबालिक लोशन या कोई और दुर्गंधि दूर करने वाली औषधि लगा कर किसी खड़े या चलते हुवे पानी में धोवें फिर और रोगी को देखे जिस समय यह रोग समाप्त होजा वे यदि हसपताल कच्ची ईंटो से बना है तो उनके फरश खुदवा कर दिवार को पलासर

र करावें यदि पके हों तो चूना लगावें इस रोग के समय में रोगी के बिस्तरे और चारपाई को धूप मे खुश्क करें हफ्ता पताह मे आने से पहिले रोगीको गरम पानी और साबुन से नहलावे और दूसरे रोगी के बिस्तरे पर ना सोने दें ॥

नावां परिच्छेद

पाईमिआ अर्थात् सपूयरक्त इसको सेपटीसीमिआ या आ:इ को सिप्टिकोमीआभी कहतेहैं

वर्णन यह खास प्रकार का ज्वर है जिसमें खून खराब होकर कई प्रकार के लक्षण उत्पन्न करता है दूष अंश से रुजन के स्थान पर या जला अंश कई प्रकार के घाव से या वेनो और लैम फेटक से दाखल होकर वह लक्षण जो नीचे लिखे जाते हैं उत्पन्न करता है कभी खास तरह का विष खूनमे मिल कर कई तरह पर अंदर के अंगों पर खराबी उत्पन्न करता है और पीप संपूर्ण अंगो और जोड़ों मे एकत्र होजाती है ॥

लक्षण रोगी को तप कांपने के साथ आता है शरीर गरम होजाता है गरमी १०७ दर्जे पर पहुंचती है फिर पसीना होता है और रोगी ठण्डा पड जाता है यह अवस्था दो तीनवेर कभी दूसरे दिन कभी दिनमे दो तीनवेर होती है नाड़ी तेज़ और बेहद चिंता वाला होता है रोगी के दिल पर बोझ होता है और निर्बल हो जाता है अकी पीप का घाव से निकलना बन्द हो

जाता है जिव्हा शुष्क होती है सिर मे पीडा होती है नींद जाती रहती है चमड़े का रंग फीका हो जाता है जी मचलाता है रोगी निर्बल होजाता है दांत काले हो जाते है ६ से १० दिन के अंदर कई खाल में और अंदर के ग्रन्थीमे पीप पड जाती है कई जगह फोडे होजाते हैं और चीरा देने से खराब और पतला पीप निकलती है इस १० बारह १२ दिन के अंदर रोगी मर जाता है यह लक्षण भिन्न कई तरह पर होते हैं जैसे (१) कभी ऐसा होता है कि रोगी किसी लक्षण के न उत्पन्न होने से भी मरजाता है (२) विष केवल लिवर पर ही असर करता है इस अवस्था मे रोगी को काली कय और दस्त आते हैं (३) सिरफ इनटेसटाईन परही असर होता है ऐसी अवस्था मे खून से भरे हुये दुर्गंधि वाले दस्त आते हैं और मरने के पीछे आंतों मे खून एकत्र होता है (४) सीरस मेंब्रेन पर उसका असर होता है रोगी को पलूरसी होजाती है खांसी होती है छाती पर ठोकने से ठोस आवाज सुनाई देती है जिससे पलूरा की थैली मे पानी का एकत्र होना मालूम होता है कभी निमोनिआं भी होजाता है लंगस के अंदर फोडे हो जाते है कफ होती है और उसके साथ जलांश निकलता है कभी पैरीकारडाईटस होजाता है दमाम में जल भर आता है रोगीको मूर्छा होजाती है कभी पैरीटुनाईटस

होता है (५) चमड़े से बदबू वाला पसीना निकलता है या रोगी को ईरीसिपलस होजाता है या (कारबांकल होता है या स्माल पाकस की तरह दाने होते हैं और कभी चमड़ा लाल ही होजाताहै (
(६) कभी बहुत पीप निकलती है ॥

पथालोजी इस रोग मे तीन अवस्था होती हैं पहिले खून के सुफैद दाने बहुत होजाते हैं और एकत्र होकर खून के दौरे को रोकते हैं और पीप मेंबदल जाते हैं यदि किसी कारण से खून का दौरा रुक भी जावे जैसे दिलके हिलने का कम होजाना या नाड़ों के परदों का सूज जाना या खून के खराब होने से थरांबस पैदा होकर यानी गलकर खून के साथ दौरा करता है या पतली नाडियोंमे फंस कर खून के दौरेको बंद करता है कभी खराब जलाया घाव से हवा आकर खून मै दौरा करता है यह बात अच्छी तरह मालूम नही हुई के पीप खून के साथ दौरा करती है परन्तु यह बात ऊपर के बियान से मालूम होगई कि वेनस मे खून जमा होकर यदि अलग होजावे तो यह रोग उत्पन्न करता है ऐसे रोग हड्डी या वेनस कि जिनमे पीप बहुत खराब निकले पाईमीआ होता है छोटे २ टुकड़े खूनके जमकर बारीक आरटीओं में फंस कर उनके खून के दौरे को बंद करता हे और इसी तरह कई प्रकारके २ रोग होते हैंपाय ईमीआ में पाए जाते हैं जैसा फोड़े का चमड़े पर होना।

लांगस का सूजना या लिवर का रोग होजाता है यदि खून का दौरा बंद होजावे तो रोगी मरजाता है कभी सेलूलर टिशु मे पीप भरजाती है और बहुत दूरतक फैल कर किसी जगहां फोड़े किसी जगहां को तखत कर देता है इसको सैल्युलाइटस कहते हैं जिसका वर्णन पीछे होगिया है ॥

परागनोसिस इस रोगका फल खराब होना है यदि रोगी बलवान हो और नाडीका चलना और होश ठीक होतो जीने की उमेद होती है कईबारी कांपना खराब है कभी इस रोग मे रोगी बहुत जलदी और कभी कुछ काल तक दुःख पाकर निर्बली से मरजाता है ॥

कारण प्रीडिसपोजिंगकाज खून का कम पैदा होना अच्छे भोजन का नमिलना उस अंग केरोग दिल का दुःख किसी स्थान या हसपताल की खराब वायु

ऐकसाईटिंगकाज वेनस का घाव होना और इस से जमे हुवे खून का निकलना जैसे खून निकल जाने के पीछे हाथ को बहुत हिलाना यह स्त्रीओं में बच्चा जनने के पीछे बहुत हिलना विष वाले जलांश का शरीर मे चलाजाना खास उन वेनस मे जिन मे किवार नही हे जैसे हडी(या) लिवर की वेनस यह रोग कण्टेजियस है जैसे इरीसिपलस या पारपुरल फीवर से विषवालां जलांश खूनमे मिल जाने से होता है कभी यह कालरा और स्मा

लपकाह का फल होता है कभी सरदी से होजाता है और कभी चीरने खास कर हड्डी के निकालने से यह रोग होता है ॥

चिकित्सा इसके दो उपाय है पहिले खून को साफ करो दूसरे रोगी को बलवान करो इस काम के वास्ते कैलोमिल और जुलाब देवें कोई जराह सिलफ्युरिस एसिड खलाते हैं परन्तु कलोरिटा आफ पुटाश हाइड्रोक्लोरिक ऐसिड या क्लोरीन का पानी या डाइल्यूटनाइट्रो म्युरैटिक ऐसिड के साथ देना अच्छा जानते हैं जिस स्थान मे रोगी हो उसको कारबालिक ऐसिड से साफ रक्खें और अच्छी वायु देवें ॥

दूसरे रोगी को बलवान करने के लिये अच्छा भोजन जैसे मांस का पानी पोरट वाइन बरांडी और दूध भी अच्छा है और टिंक्चर स्टील कारबोनेट आफ एमूनिआ कुनैन भी देते हैं रात को अहिफेन देवें और उपाय इस रोग का लक्षणों और फलों की तरफ देख कर किया जाता है जैसे अगर चमड़े पर सूजन हो तो उस का उपाय फोड़े की तरह करें अगर सूजन पसूरा और पेरीटोनियम मे हो तो उसका भी उपाय करें अगर दस्त आवें चाक और बिसमथ देवें परन्तु रोगी के बल की तरफ खियाल रक्खें अगर पीप हो तो चीरा देकर निकाल देवें हस्पतालों में बहुत से रोगी न एकठे होने दें अर्थात् उन के इकठे होने से देश मे रोग फैलता है खास बहुत से घाव वा

लों का एक जगह इकठ्ठा होना और उन से पीप निकलना वायु को खराब कर देता है

इस वास्ते ऐन्टीसेपटिक औषधिआं वरतें जो पीप के निकलने को कम करदें

दसवां परिछेद

रोग मेषीआ अलवा डोलेंस अर्थात

(वर्णन) इस रोग में विष वाले जलांश (के असर कर जाने से वेनस में खून जम कर उन स्थानों में जहां वनस का अंत है पस भर जाता है

लक्षण सूजन बहुत दूर तक फैला हुवा और बहुत पीडा चमडा फीका बहुत गरम और हिलने से रहजाता है और जब यह रोग स्थानिक होता है तो बडी २ वेनस मे खून बंद होजाता है

इस अवस्था मे सूजन वेनस के नीचे की तरफ होती है और कभी वेनस के गिरद फोडे होजाते हैं अगर यह रोग पाईमीआं के साथ हो तो लक्षण भी उसकी तरहं होते हैं अगर बच्चा जनने के पीछे हो और खून भी निकले तो इस अवस्था मे यह रोग रानों पर होता है स्त्रीओं को पुरुषों से बहुत होता है ॥

टरमीनेशन्स अंत इस रोग का बुरा है (१५) पंद्रां या (२०) दिन के अंदर रोगी मरजाता है

चिकित्सा फोमेन्टेशन और ३ पुलटस पर लाडनम या लिनिमेण्टम ओपीआई छिडक कर लगावें ॥

पाओं को फलालैनसे ढांप रक्खें पीडा दूर करने

के वास्ते ओपी अम्ल खुलावें खून निकालना खराब है और जुलाब देना अच्छा है भोजन और ओषधिआं देवें ॥

ग्यारवां परिच्छेद

स्क्राफूला अर्थात् गण्ड माला

वर्णन यह दैवेच्छा से निर्बली होजाती है जिसमे कुछ काल तक सूजन स्थिर रहती है फल इसका घाव होता है स्क्राफ्युलस टैम्परेमैण्ट दो प्रकार की होती है पहिले ऐसे मनुष्यों को जिनका चमड़ा साफ और रंग सुफेद और शरीरकी वेनस अच्छी तरह दिखाई देती है आंखें नीली मस्तक खुला बाल भूरे लंबा शरीर छाती चौड़ी कमर सुतम सुंदर स्वरूप कोमल स्वभाव और बड़े याद रखने वाले हों दूसरा वह जिनका चेहरा सुस्त चमड़ा मोटा और काला आंखें सबज पुतलीआं फैली हुई और देखने मे न याद रखने वाले परन्तु असल में बुद्धिमान् होते हैं दोनो प्रकारके रोगीओं को तेल वाली वस्तु से बड़ा भय होता है और अगर लिमफैटिक टिपरेमैण्ट अर्थात् बलगमी स्वभाव के मनुष्यों को होतो चमड़ा उसमे मोटा नही होता ठोडी छोटी और पाओं लंबें और छाती तंग टांगें मुड़ी हुई होती हैं स्त्रीओं में युवा अवस्था देर से होती है और ऋतु के आने मे खराबी होती है खाना अच्छी तरह पाचन नही होता जिव्हा मैली उसकी नोक और किनारे लाल और ऊपर से फूली हुई

और कभी भूख थोड़ी कभी बहुत पखाना कब्ज़ खून पतला मांस ढीला और सब अंगों में निर्बली पाई जाती है और दांत जलदी गिरजाते हैं ॥

कारण यह रोग बाप दादा से चला आता है निर्बली गरीबी तंग मकान मे रहना धूप और ताजे वायु का न लगना घरों की सफाई न होना कभी बड़े रोगों का फल होता है जैसे स्मालपाकस मीजलस दो सालके पहिले और ३० सालके पीछे की अवस्था मे यह रोग बहुत कम होता है ॥

युवा अवस्था मे और दांतों के निकलनेके समय खास कर यरमे नैएटटीथ के निकलने के समय इस रोग का बड़ा बल होता है बड़े २ शहरों मे यह रोग बहुत होता है खास ऐसे मनुष्यों को जो एकले या बंद मकानो मे काम करते हैं ॥

पयालोजी एक प्रकार का अंश कई जोड़ों के अंदर पैदा होता है जिसको ट्यूबर कल बोलते हैं ट्यूबर कल दो प्रकार का होता है एक मे जरद रंगका जलांघा पनीरकी न्याई अंग के अंदर मालूम होता है और दूसरी तरह मे खाकी रंग के दाने ज्वार की न्याई या सख्त फाईब्रीन की न्याई अंगों में मालूम होते हैं बढकर पहिली तरह मे बदल जातेहैं यह अंश कई तरहं की गिलटिएं और सेलूलर टिशू और आंत्रा फिफड़ा और दिमाग के अंदर पैदा होजाता है और कई प्रकार के रोग पैदा करता है और प्रथम जब यह अंश उत्पन्न होता है ॥

उस समय रोगीको नतो किसी प्रकारका दरद और न क्लेश होता है परन्तु स्वभाव उसका रोगी और सल रहता है ॥

उस अवस्था मे यह अंश एक काल तक उस स्थान मे रहता है और कई अवस्थों में थोड़े कुछ काल के पीछे सकड जाता है ऐसा सकरता है कि (सारा लोप होजाता है और कई वारी एक दानादार (चीज मे बदल जाता है जिस से उसका कुछ फल (मालूम नहीं होता और जब यह रोग बढता है तो आद में वह अंश मध्य मे स्थिर रहता है और पीछे उसके सूजन और पीप पैदा होकर घाव पड जाते हैं (और साथ पीप के उन अंगोंके टुकड़े भी निकलते हैं इसहाल अर्थात् डीसेनटरी और कफज्वर के लक्षण उत्पन्न होते हैं यहां तक कि सारी बनावट (जोड़की गलकर पीप के साथ निकल आती है और रोगी को बड़ा क्लेश होता है और निर्बली होती है (इसी अवस्था मे रोगी मरजाता है और यह अवस्था या नेफाईटिस अर्थात् विषम ज्वर मे होती है ॥

प्रसिद्ध चिकित्सा प्रथम रोगी को आरोग्य अवस्था पर लावें फलकी रक्षा करें और औषधि और भोजन हजम होने वाला देवें जैसे दूध मांस अण्डा और बराण्डी होते हैं रोगी को फलालयन के कपडे पहनाए जावें (और वायु में रखें और गरम देशों में लेजावें जैसे समुद्र के पास और हर एक प्रकार की मेहनत से बचावें रोगी को गरम पानी से स्ना

न करावें और समुद्र के पानी से स्नान कराना भी फल दायक होता है और फल वाली औषधियें जैसे काडलेवरआइल पोरटवाईन आयोडाइड् आफ पुटाश इत्यादि देवे अजीर्ण को दूर करनें के वास्ते लाईकार पुटाश साफ डीकाकशन आफ सार सिपरेला भी पिलावें और हलके जुलाव से पेट को साफ करें और पीडा के दूर करनें के वास्ते अहिफेन खिलावें॥

सक्काफाला का फल प्रथम छोटे २ फिनसीओं पीप सें भरी हुई चमडे और कान के पीछे पपोटे सिर मुख नाक इत्यादि स्थानों पर निकल आती है॥

(चिकित्सा) रोगी स्थान को साबन और गरम पानी से धोकर आकसाइड आफ जिंक आइण्टमेण्ट या बलैकवाश या नाईट्रेट आफमरकरी लगावें दूसरा सक्काफाला का फोडा यह कई तरह पर होसक्ता है अर्थात् चमडे हड्डी के मध्य में और किसी जोड के सूजन होकर पीप निकलती रहती है या चमडे में सूजन और थोडा सावरम पैदा करता है पीडा नही होती है थोडे काल के पीछे उस में पीप पैदा होकर सारा हिस्सा गल कर निकलता है और कभी २ जलाश सेलूलरटिशू के अंदर होती है पीछे सूजन होकर निकलती जाती है तीसरे गरदन के लिमफैटिक गलेंड अर्थात्

उभरने वाली गिलटीओं के फूलजाने को गण्डमाला कहते हैं यह दो प्रकार का होता है पहिले सूजन होकर गलेएः बढ़जाते हैं और दूसरे मे अंश अंदर पैदा होकर देर तक रहता है फिर पीप बन कर निकल जाता है और स्वरूप ग्लैंडस का वैसाही रहता है परन्तु सब इरद गिरदके ग्लैं उस पीप से भरे रहते हैं और जिस समय पीप निकलती है उसके साथ ग्लैंड का अंश भी निकलता है और जब घाव सुकड़ जाता है तो दाग पीछे रह जाता है, कभी २ लेरिंगस अर्थात् कण्ठकी नाली के अंदर पीप जाकर मार देती है ॥ चौथे ४ स्क्राफुलस अलसर गरदन की गिलटियां सूज जाती हैं और फिर सेलुलर टिशु गलकर निकलता है और वह स्थान हिलता जुलता नहीं और घावके किनारे बाहर की तरफ मुड़े रहते हैं और उस पर खराब अंगूर नजर आता है पतली पीप निकलती है कभी यह घाव एक तरफ अच्छा होताजाता है दूसरी तरफ फैलता जाता है ॥

चिकित्सा दोनों की पहिले स्वभाव के ठीक करने का उपाय करें यदि पीप पैदा न हो तो टिंक्चर आफ आयोडीन मरक्यूरिअल प्लास्टर जिंक लोशन और क्लोराईड आफ अमोनिअम देवें और जब पीप पैदा हो तो चीरादेकर निकाल देवें। फिर टिंक्चर आफ आयोडीन जिंक लोशन कोपिच

कारी करें घाव पर आयोरीन आराम से छिड़कें। कभी २ तब गण्डमाला को निकाल देते हैं यह घाव बहुत देर तक रहता है उस वास्ते इसका उपाय इसके लिए अलसर की तरह करना चाहिये ॥

पांचवां टेबीज़मेसेण्टरी इस रोग में अंत्रा ट्यूबरकल मेसेण्टरी की गण्डमाला में भरजाता है सरूप और असर उनका बदला जाता है ॥

लक्षण निर्बली भूख कम या बहुत पेट फूलाहुआ सख्त और स्वेत जिह्वापर दाने और सांस से दुर्गन्ध आती है दस्त पतले मिट्टीके रंग के आते हैं कभी कब्ज़ी रहिती है रोगी को थाईसस अर्थात् विषम ज्वर होजाता है यह रोग बच्चों को होता है ॥

(चिकित्सा) बल वाली औषधीआं जैसे सिनकोना काड लिवर आईल आयोडाईड आफ़ आयरन सारसिपरेला देवें और भोजन भी बल वाला देवें जैसे मांस का रस दूध कम थोड़े २ काल के पीछे देवें कई प्रकार की लिनेमिण्ट पेट पर मलें और समुद्र के पानी या टीडमैन साहिब के साल्ट को एक औन्स एक गैलन पानी मिला कर न्हलावें अगर कब्ज़ी हो तो जुलाव देवें और वायु परिवर्तन करें

बारहवां परिच्छेद

ट्यूमरस अर्थात् अर्बुद रसौलीआं

वर्णन रसौली की चिकित्सा मे किसी तरहके वर्म और फूलने को नहीं कहते परन्तु ऐसे रोगोंको कहते हैं जो तारविड शोथके कारण हों और तारविड शोथ जैसे हुए लोथड़े हैं जो आपही आप बढते जाते हैं और यह रसौलीयें उन्ही अंशों से बनती हैं जिन २ स्थानों मे यह पाई जाती है। इन चेतन्न लोथड़ों की जड़ सेलस अर्थात् खाने हैं जिनका वर्णन (टीपेम्बर) के वर्णन में होचुका है। अगर हिंसक रसौलीओं की बनावट शरीर की बनावट से किसी और तरहं की हो तोभी इनमें से सब पाई जाती हैं रसौलीओं के तीन प्रकार हैं। पहिले बनाईन या नानमलिगनैण्ट या इनोसेण्ट अर्थात् न मारने वाली यह रसौलीयें बनावट में शरीर के उसी हिस्सा से बनी हुई होती हैं जिसमे यह पाई जाती हैं एक पड़दे मे छपी हुई होती हैं वह न गलती हैं न किसी और अंश मे बदलती हैं निकालने के पीछे फिर नही आती हैं कुछ काल तक एकही तरहं रहकर या छोटी होजाती हैं या मुरदार होकर गुम होजाती हैं। इस प्रकार की रसौली यें किसी स्वभाव से सबन्ध नही रखती और बाप दादा सेभी नही चली आती हैं ॥

दूसरे मलिगनैण्ट अर्थात् हिंसक रसौलीयें वह एक जगह पर नहीं होती हैं ॥

कारण उनके शारीरक और परम् पदसे होतेहैं

बड़ी जल्दी बढ़ती हैं और दूसरी जगहं पर(जल्दी फैलती हैं शरीर निर्बल होजाता है यह रोग सदैव काल बढ़ता है किसी स्थान में यह कम क्रम से बढ़ती है और किसी मे बड़ी जल्दी बढ़कर खास दर्जे पर पहुंच कर गलनेलगती हैं खराब पीप और सलफ निकलतेहैंइसका विष समीप के मांस और गिलटीओं में चलाजाता है काटने के पीछे फिर रसौली होजाती है और(विष शरीर में जाकर फिर उत्पन्न होती है ॥

अनीमिओं के लक्षण पाए जाते हैं अंदर से नरम होकर बाहर की तरफ गलती है इसका(अंश उस बनावट से जिसमे यह होती है कई प्रकारकी होती हैं रोगी निर्बली और खूनके निकलने और अंदर के रोगों के कारण मर जाता है तीसरे सेमीमलिग नैण्ट ये वह रसौलीअें हैं जो हिंसक से बनावट मे किसी और प्रकारकीहोती हैं परन्तु काम और गुण मे हिंसक रसौली की तरह होती हैं वर्णन करनेके लिये सब रसौलीअें पांच प्रकार की होती हैं

(पहिले) वह रसौलीअें जो सेल्यूलरटिशु की तरह होती हैं (दूसरे) ऐसे अंशों से जो बहुत सूजन के कारण कई प्रकार के अंशों से बनजाते हैं (तीसरे) खाने वाली रसौलीअें (चौथे) एपीथीलियम और कैन्सर के अंश से (पांचवां) ऐसी रसौलीऐं जो सूखने वाली नाड़ीओं के अंशों से बनती हैं ॥

पहिले वें रसौलीओं जो सेलूलरटिशु की तरह होती हैं।

फेटीट्यूमर यालिपोमा यह चरवी से बनती हैं और फाईब्रसटिशू के परदे मे छपी रहती हैं और उनके पालने के लिये कई प्रकार की नाडीओं होती हैं जो उसको कई हिस्सों मे बांट देती हैं॥

(स्वभावफैटी ट्यूमर नरम पिल पिली जिनमे पीडा नहीं होती पीठ गरदन कंधों पर पाई जाती हैं कभी फेशीओं के विचले परदे मे भी होतीहैं जैसे मांस कभी २ ऐसे स्थानों में जहां चरवी नही होती जैसे पपोटे गिनती मे एक होती है। और बढने मे धीमी कभी यह बहुत बडी हो जाती है ३५ सेर तक निकाली गयी है इस तरहें की रसौली में सिवाय बोझ के और कोई दुःख नही होता यह गलती नहीं परन्तु सूजन के कारण पीप उत्पन्न होजाती है॥

कभी २ अपनी जगह से ऊपर या नीचे चली जाती हैं और हर अवस्था मे होती है॥

परीक्षा कानिक एबसिस और थैली वाली रसौली से इस तरह करते हैं कई एकसपलोरिंग नीडलसे परीक्षा अच्छी तरह होसकती है अ[illegible] कानिकएबसिस से पीप और थैली वाली रसौली से जलांश निकलता है॥

चिकित्सा (योग) लाईकार पुटाशी एक ड्राम यानी एक औंस दिन मे तीन वेर देवें॥

परन्तु उपरेशन से रसौली को निकालना चाहिये कभी२ रसोली छोटी होती है तो सीटन लगाकर पीप जारी करते हैं

फाईब्राईड ट्यूमर यह ट्यूमर पेरीआस्टीअम के पास होती है जैसे जवडे में हडी के अंदर कुचों और यूटरस में और नरवस के साथ होती है

पथालोजी यह रसौलीयें लिगेमेंटस टिशु से वनती हैं जो कभी घेरे वाली कभी एक दुसरे से मिली हुई होती है कई इन में से नाडी वाली होती है नाडीया से खाली कई

स्वभाव इस प्रकार की रसौलीयें सख्त नरम और अण्डे के सुरूप की तरह होती हैं और कभी कई हिस्सो में बाटी हुई बढने में धीमी और गिनती में एक होती है यदि एक से बहुत होती हों तो एक ही मास में होती है कभी यह गल कर पीप के साथ घाव के रसते निकलती है

कारण मालूम नही है परन्तु चोट से भी निकलती है

चिकित्सा रसौली को निकाल लेवें और जब इस तरह की ट्यूमर निकालनें के पीछे फिर होजावे तो उसको रीकर रेंराड फाईब्राईड ट्यूमर कहते हैं जिस का उपाय उपरेशन सें करते हैं और आयोडाईड आ

क पुटाशयम भी देते हैं कभी अच्छे होजाते हैं और फिर होजाते हैं कैन्सर बन जाता है और इस तरह की फाईब्राईड रसौली हितक होती है

फाईब्रो सैल्लर ट्यूमर इस तरह की रसौली नरम और लचकीली होती है इस में भी पीड़ा नही होती यह जलदी बढ़ती है और कभी यह गल जाती है एक बार हीं निकलने से फिर नही होती

पयालोमी इस तरह की ट्यूमर कटने से नरम गुच्छे तारों और लेस वाले जलाश से मिले हुये होते हैं जिन में जलांश भरी होई रहती है ऐसे स्थानों में रहती है जहां चरबी नही होती जैसे टैसटीकलज़ वजपना के किनारे बगल के मांस के अंदर और सिर पर होती है

एरीओलाप ट्यूमर यह रसौलीयें सैल्युलर टिशु से बनती है ज़नरेटिव और गेन्स के पास में पाई जाती हैं मरदों में पीनस और टैसटीकलस और स्त्रीओं में लेबिया के पास होती है॥

स्वभाव यह रसौलीओं नरम पिल पिली कई हिस्सों में बांटी हुई और लटकी हुई होती है गरम देशों में काले आदमीओ की एक मनतक बढ़ी हुई होती है जब पेरप

र हो तो इनको पैलीफेराईसस कहते हैं

पथालोजी सैल्लरटिशु की तारें मस्कुलरटिशु की तारों के साथ जलाश से वढी होई पाई जाती है

चिकित्सा आद में टिंक्चर आयोडीन लगावें और फिर उपरेशन करके निकाल दें

गलाईओमा दिमाग और रटना के नरव की तारों के मध्य में जो सैल्सलरटिशु है उस से बनती है माई ओमा सरेश की तरह नरम और चमकीली होती है

बनावट इस की आमवलाइ कलकारड की तरह होती है यह रसौलीआं प्रोटेटिड गलैंडस थायराईड ग्लैंडस और नाक में होती है॥

चिकित्सा यह उपरेशन करके निकाल दें

रसौली नम्बर (३) या (४) या (५) और रिकरैराट फाईब्राईड ट्यूमर जिस का करणन फाईब्राईड ट्यूमर के साथ किया गया है सारकोमेल के नाम से प्रसिद्ध है

फाईब्रोपलासटिक ट्यूमर या सारकोमा और माईलाईड ट्यूमर यह रसौली दो प्रकार की होती है पहिले जिस में लंबे या गोल दानें इसी में आते हैं इन को सपिंडल सैल्ड सारकोमा कहते हैं दूसरे गोल चिपटे दानें होते हैं पहिले प्रकार कार्टिलेजिनसटि

टिशु के साथ पैरीअसटीअम में पाये जाते हैं दुसरे प्रकार जवडे में हाथ और पाव में गरदन हडी कुच और रैकटम के अंदर होते हैं यह रसोली चिकनी साफ सवज़ रङ्ग के जलाश से भरी हुई होती है कभी जलांश भूरे और लाल रङ्ग की लेस वाली होती है पर्दे से छपी हुई नाडी की तरह हिलती है निकालनें से फिर होजाती है

चिकित्सा फाइव्रस टूमर की तरह करें

फाईब्रेनस टूमर यह रसौली जमें हुये खून से बनती है और अचानक होजाती है और बनावट में कैन्सर की तरह होती है फाइब्रोस्क्लीएटिड टूमर यह रसौली बनावट में फाइव्रस टूमर की तरह है परन्तु इस में तारें की जगह दानें पाये जाते हैं

चिकित्सा उपरेशन करें ॥

कारटीलेजनस टूमर इस को इनकाण्ड्रोमा भी कहते हैं यह कुरीफाईव्रस टिशु से बन जाती है बनावट में हड़ गिनती में कई एक होती हैं कभी सख्त कभी कोमल यह रसौली हडी के ऊपर या अंदर होती है हाथों में भी पाय जाती हैं जब हडी के अंदर हो तो हडी गल जाती है कभी हडी के टुकड़े इस में पाये जाते हैं और कभी गिलटीओं के बीच होती है जैसे कुच टेसटीकलस पारटिड गिलटी

ओं और कभी लोगस में पाई जाती है और वहुत देर में वढती है वच्चों में यह रसोली वहुत होती है इस प्रकार की रसोली कभी वरवी और मट्टी के रङ्ग में वदल जाती है यह रोग परंपरा है कभी हिंसक होता है

चिकित्सा चमडे को चीरा देकर रसौली को निकालें या शरीर के उस हिस्से को जिसमें यह हो काट डालें निकालने के पीछे फिर नहीं होती परन्तु जव यह मारदेने वाली होती है जैसे टैसटीकलज़ मै तो फिर होजाती है आसीअस ट्यूमर यह हडी से वनती है और जव हडी परपाई जाती हैं और पैरीअसटीअम् से मिलती है तव इस को ऐगज़ासटोसिस कहते हैं यदि यह और रसौलीओं के साथ हो तो इस को आसटियो सारकोमा कहते हैं जव कैंसर के साथ हो तो इस को मलिगनैराट आसटी आईउ कहते हैं

चिकित्सा चमडे को चीरा देकर रसौली को निकाल लेवें ॥

दूसरा प्रकार पहिले वह रसौलीयें जो चमडे और म्यूकस मैम्बरेन में होती है जैसे कारणस अर्थात् गांठीमस्से अर्थात् वारटिस काराडीलोमा या म्यूकस ट्यूवरकल कीलाईउ ट्यूमर और पालिपस का वर्णन आगे किया जायेगा ॥

दुसरे लाव्यूलर ट्यूमर यां ग्लैंडूलर ट्यूमर यह ग्लैंडस के अंश से बनती है कुचों में होती है परन्तु परासटेट ग्लैंड थाएराइड ग्लैंड में भी पाई जाती है।।

स्वभाव हिलाने से नरम लचकीली और हिस्सा वाली मालूम होती है इस में पीड़ा नही होती पीप इसमें बहुत होती है और कभी यह आप ही गुम होजाती है कभी देर तक रहती है और कभी इतनी बढ़ जाती है कि चमड़ा फट कर खून निकलनें लगता है जिससे ऐसी निरबली होजाती है कि रोगी की जान का भय हो जाता है

कारण चोट और अंदर के रोग

चिकित्सा आयोडाइड आफ पुटाशिअम और फुलाद खुलावें टिंकचर आयोडीन लगावें कई प्रकार की मालश भी करें फिर उपरेशन भी करें।।

(३) वैसक्यूलर ट्यूमर यह खून से भरी हुई होती है यथार्थ वर्णन इस का आरटीज़ के रोगो में आयेगा।।

(४) न्यूरोमा ५ मसक्यूलर ट्यूमर इन रसौलीओं का वर्णन अपनी २ जगह में किया जायेगा।।

तीसरा प्रकार पहिले सिस्टिक ट्यूमर अर्थात् थैली वाली रसौली यह कई प्रकार पर बनती है

(१) सेल्यूलर टिशू के खानों के अंदर बन जाती है

(२) किसी ग्लैंड की रुकी हुई नाली फैल कर थै

ली की तरह होजाती है॥

(३) जिमें हुई खून के अंश अलग होकर थैली बना लेते हैं॥

(४) कई अंशों के दानें क्रम २ से बन जाते हैं और यह कैसे कई प्रकार के होते हैं॥

(पहिले) सीरस सिस्ट इस में खून का पानी भरा रहता है और गरदन थाए राइड ग्लैंड और जबडों के पास पाये जाते है जलांश इस का कभी जरद और कभी खून की तरह होता है॥

(दूसरे) सेगुएनस सिस्ट इस में खून भरा रहता है और नर्वस के फूल जानें से होजाती है चिकित्सा सुई से छेद कर पीप निकालें या चमडे को चीरा देकर रसौली को निकालें॥

(तीसरे) साईनोवीयल सिस्ट उस से साईनोवीयल मेम्बरेन की जलांश जिस को साईनोवीया कहते हैं भरी रहती है जैसे गैंगली यन के रोग में॥

(चौथे) ग्लैंडस की नालीयों की रुकावट से पैदा होती है और कभी २ ग्लैंडस के हिस्से भी इस में होते है यह बहुत जलदी होती है कभी स्त्रीयों के कुच सिर और छाती में होती है इस तरह की रसौली में लेस वाले जलांश के सवाय दान्त दुग्ध और बाल भी पाये जाते है॥

(पांचवें) कई रसौलीये एक ही ग्लैंडस में होती है

जैसे स्त्रियों के कुचों में पाय जाते हैं

छटे) रसोली के साथ मास की तारें होती है जैसे कुचों में पाय जाते है

सातवें) सीरो सिसटिक ट्यूमर या आले फोरस सिसटिक ट्यूमर इस में थैली के साथ और प्रकार की रसौली भी होती है

चिकित्सा ईन सब रसोलीयों के समड़े को चीर देकर निकाल लेवें कभी आयोडीन भी लगाते हैं कभी सीटन भी लगाते है

चौथी प्रकार) पहिले ऐपी थीली ओमा अर्थात चमड़े की रसौली ।।

ईसमें ऊपर का चमड़ा अर्थात ऐपी थीलीअम बढ़ जाती है कभी म्यूकस मेम्बरेन भी मिली हुई होती है और गलने लगती है कभी पसने वाली नाडीयों की गलैंडस में और चमड़े के और हिस्सों में ऐपी थीलीअम के अंश पाये जाते है

लक्षण पहिले चमड़ा मोटा होजाता है फिर उस स्थान पर नर्म नाड़ीओं वाली और खुजली करने वाली जगह प्रकट होती है और चमड़े के मोटा होने से कई प्रकार की ऊचापे उत्पन्न होती है और ईस जगह का चमड़ा उखड़ जाता है केवल खुशक खरिंड दिखाई देता है और वह ऊंचा सा नोक वाली और कभी र गोभी के फूल की तरह खुली हुई होती है और

कभी चौड़ी चिपटी होती है और चमड़े के नीचे के पड़दे पर फल होता है और वह स्थान भी ऊपर के परदे की तरह होजाती है और पासकी गिलटीयों में भी यह रोग होजाता है
डायागनोसिस) ऐसा करनें से चमड़ा मोटा पीप और छिलकों से भरा हुआ दिखाई देता है रंग बहुत पीला सख्त और उखड़ जाता है और उस के बीच ऐपीथीलीयम के हिस्से मालूम होती है चमड़े के नीचें का परदा सख्त और तना हुआ होता है और बहुत से भूरे टुकड़ों से ढपा रहता है और माईक्रसकोप से देखा जावे तो चमड़े के हिस्से एपीथीलीअम से सेयुक्त दिखाई देते है कभी परदों के बीच प्याज़ की तरह परदे मालूम होते हैं उस रसौली में एक तरह का निरमल जलांश होता है जिस में एपीथीलीअम के दाने मालूम होते है॥

रोग का बढना आरंभ में रसौली एक स्थान पर स्थिर होती है यदि किसी कारण से यह गलने लगे तो बड़ी जलदी बढती है चमड़ा और ऊपर का हिस्सा सेलसलारटेशु का एपीथीलीअम से भर जाता है और सख्त हो कर (सुड़ जाता है फिर पास की गिलटीयों में पीप भर जाती है फिर मास और हड्डी भी इस रोग में ग्रसी। जाती है दुर्गंधी वाला घाव बड़ा

होता जाता है इस घाव से खून वाली और पतली पीप निकलती है जो ऐपीथीलीयम के साथ घाव पर खुश्क ही होजाता है और जब उसको अलग किया जावे तो एक बड़ा घाव मालूम होता है जिस से पतली पीप निकलती है और घाव के चारो तरफ खराब अंगूर उठे हुए मालूम होते है इस प्रकार होठ मसाना वड़ी आंटरी मीप्लज थीली एक वड़ी गठे में फैल जाते हैं पास के ग्लैंडस में भी पीप के असर करने से घाव पड़जाते है रोगी पीप के निकलने और पीड़ा के होनें सें सुख में नही रहता खराब पीप शरीर में गुम्म होने लगती है यदि गुदा और जनरेटिव आरगेन्स के पास हो तो उनके काम बन्द होजाते है और कभीर इस का विष फिफड़े जिगर और हारट में भी पाया जाता है

कारण घाव और थिम के स्थान पर यह रोग बहुत होता है मरदों को स्त्रियों से बहुत होता है और (४०) वर्ष की आयु मे होता है यह रोग परंपरा भी है कभी पुरानें घाव में खुजली होती है यह रोग होठ जिव्हा लिंग (वृषण) अर्थात् टैस्टीकल वजायना अर्थात् योनि हाथ और पाव की पीठ पर लेरिंह और मसाना मैंभी होता है

डायागनोसिस) अर्थात परीक्षा कैन्सर सें इस

रोग का इस तरह भेद किया जासकता है कि इस में कैन्सर के उलट शारीरक लक्षण कम होते हैं अस्त्र चिकित्सा के पीछे अच्छा होजाता है इस में कैन्सर का जल और दाने नहीं पाय जाते कभी२ यह दुर के अङ्गो पर भी होजाता है यह रसौली चमडे और म्यूकस मेम्बरेन पर होती है आद ही सें गलनें लगती हैं और गलनें के पीछे फैल ती है॥

चिकित्सा) छुरी से संपूर्ण काट दें यह रोग फिर भी होसकता है इस वास्ते इस को दो तीन वारी काटना चाहिये कई प्रकार के तेजाबों सें भी जला देते हैं जैसे पुटासा फ्युज़ा नाईट्रक ऐसिड अपसिटिक ऐसिड और उपाय कैन्सर की तरह करें अपक्रेज़र शस्त्र से या लिगेचर सें बान्ध कर रसौली को अलग करते हैं

दुसर अपलोनो सस वा कृष्ण वर्ण कर्कट यह वह रसौली है जिस में काले रङ्ग की जलांश पाई जाती है जिस को पिग्म मेन्ट बोलते है यह जलांश उस अंग की जलांश से मिलती है जो आंखों के कोरायड कोट और काले मनुष्यों के चमडे में हद्द और निर्बल॥ मनुष्यों के फिफडे और कई प्रकार के रोगों अर्थात् कैन्सर में पाय जाते हैं

(तीसरे कैन्सर) अर्थात कर्कट

वर्णन) इस रोग में खास प्रकार के दाने पा

ए जाते है जिन को कैन्सरसैलज़ बोलते है जो माईक्रसकोप के नीचे देखनें से गोल बहुत छोटे घेरे की तरह के सरूप देखनें मे आते है और एक प्रकार का पानी पाया जाता है जिस को कैन्सर ज़्यूस कहते है यह दोनो अंश या तो फाईब्रस टिशु की थैलि के अंदर पाये जाते हैं जिसकोस्ट्रोमा बोलते है या उस अंग के खानो में होते हैं जिस में यह रोग उत्पन्न होजाता है इस रोग के स्वभाव और हिंसक रसोली यों की तरह होते हैं कैन्सर सैल्स अर्थात् कैन्सर के दाने माईक्रसकोप के नीचे देखनें से गोल बहुत छोटे घेरे दृष्टी में आते हैं जिन के अंदर बारीक घेरे मालूम होते हैं और ऐसीटिक ऐसिड के लगानें से बाहर के घेरे साफ चमकीले हो जातें हैं और अंदर के घेरे भली प्रकार देखे जाते हैं कभी यह दानें गोल नही होते और त्रिकोन और नोक वाले होते हैं ॥

कैन्सर ज़्यूस अर्थात् कैन्सर का जल यह जसोंशा दुध की तरह होता है और पानी से मिलकर लेस वाला हो जाता है

स्ट्रोमा अर्थात् कैन्सर की थैली इस रोग में पानी और दाने कैन्सर के पाये जाते है और यह फाईब्रसटिशु या उस अंग से जिस में यह रोग हो बनते है लिम्फेटिक्स और

नरवस अभी तक कैन्सर में नहि पाये गये हैं

प्रकार साफट कैन्सर या ऐन्सिफिलोमा या फंगस मैडिलेरस

वर्णन इस में कैन्सर सैल्स बहुत पाये जाते हैं और यह दमाग की तरह नर्म होता है और काटनें सें सुपेद पीली सी नाड़ि दखाई देती है यदि इस में खून हो तो गुलाबी रंग का मालूम होता है दबानें सें कैन्सर जूस निकलती है और आंख के ढेले और नाक के अन्दर हड्डीयों के सिरों में और टैस्टिकल्स में पाया जाता है॥

इस प्रकार का कैन्सर बड़ी जलदी बढ़ता है गोल चिकना कभी सख़्त और कभी नर्म होता है हिलनें से चमडे के नीचे हिलता है परन्तु फिर ऐसा मिल जाता है के हिलता ही नहीं यदि चमडे के नज़दीक हो तो चमडा गल जाता है और गलनें के पीछे बहुत जलदी फैल जाता है खाकी रंग के बडे २ अंगूर चारों तर्फ पैदा होजाते हैं जिन सें ख़ून वाला जलांश निकलता है कई बारी नाड़ी की तरह इसकी चाल मालूम होती है॥

हार्ड कैन्सर या अस्केरिस कठन कर्कट

वर्णन यह पहिली प्रकार के कैन्सर से कठोर होता है और कभी कुरेकी न्याईं सख्त और कभी पहिली प्रकार की न्याईं नर्म होता

है और काटने से चमड़े की न्याई कटता है और छिद्र वाले परदे में लिखड़े हुए खाने फाईब्रसटिशु के कैन्सर सैलिज से भरे हुये हृष्टी में आते हैं॥

स्वभाव यह कठोर और हढ़ दानें दार चमड़े के नीचे बे हरकत होता है और पीड़ा इसमें इस प्रकार की होती है जैसे वर्छी के लगानें से होती है चमड़ा फटजाता है और घाव पड़ जाता है इन्त को इस में वड़े २ गढ़े पड जाते है जिन के किनारे वहुत सख्त और वाहर को मुड़े हुये होते है और इस में से जो चीज़ निकलती है खून के साथ मिली होई होती है यह कैन्सर वहुत स्त्रियों के कुच जिव्हा और कंठ और गुदा लेम्फेटिक ग्लेंड में पाये जाते है

मैलेनोटिक या वलोक कैन्सर वा कृष्ण वर्णी कर्कट यह नर्म कैन्सर का स्वभाव रखता है परन्तु इस में काला जलाश पाया। जाता है यह जलाश कभी वारीक काले चिन्हों के सरूप में रसौलीओं में नजर आते है या। गोल दानें जलसे भरे हुवे सैल्यूलर टिशु में पाये जाते है कई वारी यह जलाश परदें दार होता है चिन्ह इसके सफद कैन्सर की न्याई होते है [illegible] पर होता है और अंदर की चीज़ें जैसे हार्ट तिली इत्यादिक।

में यह फैल जाता है ॥

(हैमेटायड कैन्सर) इस में नाडीयें बहुत होती हैं ॥

(सिस्टिक कैन्सर) यह कीसे दार रसोलीयों के साथ होता है ॥

(आस्टिओयड कैन्सर) वा अस्थि कर्कट यह हड्डी में होता है ॥

(कोलायड कैन्सर) जिस को सल्वी ओलर कैन्सर कहते हैं यह फालूदा की न्याई होता है ॥

कारण भली प्रकार से मालूम नहीं परन्तु कृष्ण वर्ण के मनुष्यों को गौर वर्ण के मनुष्यों से धनि पुरुषों को निर्धनों से बहुत बिमारी होती है परन्तु इस का कोई खास कारण नहीं है सरद मुलकों में यह रोग मुहतदिल मुलकों से बहुत होता है और विषम ज्वर के साथभी पाया जाता है यह रोग चिन्ता से भी होता है और पिता से पुत्र को भी होजाता है और स्त्रिओं को पुरुषों से अधिक होता है चालीस (४०) और (६०) वर्ष की आयु के मध्य यह रोग बहुत होता है और कई शस्त्र चिकित्सा वाले यह कहते हैं कि यदि कैन्सर का जल रक्त में दाखल किया जावे तो यह रोग पैदा होजाता है और कभी२ चोट लगनेसें भी हो जाता है ॥

(पथालोजी) अच्छी तरह से मालूम नहीं स

कापड़ला आतशक की तरह ऐक नए प्रकार का रोग है और विष इस की उम की विष के न्याई बढ जाती है हर एक आयु में सब अङ्गों में हो सक्ता है

पहिले दर्जे के लक्षण पहिले पहिल थोड़े होते है रोगी को किसी तरह का क्लेश नही होता यदि ऐसे अंगों में हो कि जिन का काम बहुत सख्त है जैसे कुच और चमड़ा तो लक्षण इस के देर तक कम रहते हैं यहा तक रोगी को इस रोग की खबर नही होती॥

दूसरे दर्जे के लक्षण रसोली जलदी बढती है और नज़दीकके अंग और गिलटीओं पर फैल जाती है और नज़दीके के अङ्ग में इस की पीप भर जाती है यहां तक कि इसनें वाली गिलटीओं में सूजन होजाती है और वह बढ़ जाती है फिर रोगी अङ्ग का काम बन्द होता है जैसे यदि हार्ट में हो तो खून के दौरे में खराबी होती है पीडा से दुःख होता है जो क्रम२से तीक्ष्ण हो जाता है फिर चिनक उत्पन्न होजाती है और कभी रोगी को ऐसा मालूम होता है जैसे छुरी की नोक अन्द चुबती है रोगी के सारे शरीर में पीडा होती है निद्रा नही आती और पीडा कभी रोग के आद मे कभी रोग के बढ़ने में होती है इस रोग की तरह तीक्ष्ण पीड़ा और किसी रोग मै नहीं होती इस लिये यह एक

बड़ा भारी लक्षण इस रोग के पहचानने का है क्रम २ से कैन्सर के ग्रंथ पीप में बदल जाते हैं कभी गल कर भी निकलते हैं और कई सख्त होजाते हैं जब पीप एक तरफ से गल कर निकले और दूसरी तरफ से उत्पन्न होजावे तो इस प्रकार रोगी अङ्ग न कम्मा होजाता है कैन्सर में निर्बली बहुत होती है चहरा पीला होकर के पाचन में खराबी होती है रोज़ २ शरीर का बल घटता [illegible] है हडीयां सूक्ष्म होजाते हैं शरीर के अन्दर चरबी नहीं रहती और रोगी आप ने जीने से हाथ धो बैठता है

तीसरे दर्जे के लक्षण यह रोग खून में असर करने से अन्दर के अंगो पर जोर करता है जैसे दिल और फिफडे में कैन्सर की पीप पहिले लिवर फिर दिल और दिमाग़ के अन्दर [illegible] होजाती है और उन के काम को बन्द कर देती है खून का सुभाव बदल जाता है और फिर रोगी मर जाता है

(प्रागमोसिस) सदैव [illegible] बुरा होता है इस में मृत्यु या देर से या जल्दी जरूर होती है खास कर नरम कैन्सर में रोगी सख्त कैन्सर से कम जीता है जवान मनुष्य वृद्ध से जलदी मरता है और जब यह रोग अन्दर के अङ्गों पर असर करता है तब यह बड़े भय के देने वाला होता है कई रोगी थोड़े मास तक

और कई थोड़े वर्ष तक जीते है

(डायाग्नोसिस) अर्थात परिता पहिले रसोली और से इस रोग में पीड़ा केन्सर की तरह नहीं होती और यह हिलानें से चमड़े के नीचे हिलती है घनें और पानी केन्सर का इन में नहीं होता दूसरे बहुत सूजन से इस तरह पहचानते हैं कि यह चमड़े के परदे में फैली हुई होती है और फल सूजन के मालूम होते हैं केन्सर सख्त गोल और रसौली की तरह होता है

(तीसरे) फोड़े सें इस तरह पहचानते हैं कि फोड़ा बहुत ढीला और ऊंचा नीचा होता है

(चौथे) अलसर से इस तरह पहचानते हैं कि केन्सर का घाव सख्त और हिलानें से नहीं हिलती और जड़ से जमा हुआ हड्डी में आता है ॥

(पांचवें) एपीथीलीओमा सें इस तरह भेद करते हैं कि इस में केन्सर जूस नहीं पाया जाता यदि किसी प्रकार का जल निकल भी जावे तो केन्सर जूस की तरह पानी में नहीं मिलता और केन्सर सेलज़ की जगह एपीथीलीयम के टुकड़े पाये जाते हैं

(छठें) ऐन्यूरिजम से इस की यह पहचान है कि ऐन्यूरिज़म बहुत काल तक रहता है और और केन्सर की तरह बहुत जलदी नहीं बढ़ता और दबाने सें खाली भी होजाता है॥

(सातवें) गिलटीओं की रसौलीओं से इस तरह पहचानते हैं कि रसौलीआं हिलानें से हिलती हैं और चमडे से जुडी हुई नहीं होती और इन में घाव का मुख बाहर की तरफ मुडा हुआ नहीं होता और लिम्फैटिक ग्लैंडस में वर्म नहीं होता पीडा या किसी और प्रकार के शारीरक लक्षण नहीं पाये जाते ॥

(आठवें) कीसे वाली रसौलीओं से यह पहचान है कि यह थोडी बढ़ती है और कीसे वाली होती है और केन्सर रोग के लक्षण इस में नहीं होते हैं ॥

(नावें) लिम्फैटिक ग्लैंडस के वर्म से इस तरह पहचाने जाते हैं कि यह जुडी हुई नहीं होतीं और साफ गोल हद्दी में आते हैं और सखत केन्सर की तरह न सखत और नरम केन्सर की तरह न नरम होते हैं और केन्सर की तरह जल्दी नहीं बढ़ते

(दसवें) ट्यूबर्कल से यह पहचानते हैं कि यह रोग फिफड़े और जवान मनुष्यों के लिम्फैटिक ग्लैंडस में पाया जाता है उलट इस के केन्सर जवान मनुष्यों की हड्डी और निर्बल स्त्रियों की घुटस और कुचों में पाया जाता है। ट्यूबर्कल की पीप देर तक एक जैसी रहती है और रोगी अङ्ग के हिस्से ट्यूबर्कल के अंश के साथ निकलते हैं और केन्सर के दाने इस अंश

से और ही प्रकार के होते हैं

(ग्यारवें) फ़ारब्रस ट्यूमर से यह पहचान है कि यह रसोलीआं गोल सख्त लचकी और हिलने वाली होती है

केन्सर की तरह जुड़ी हुई नहीं होती पास के गेंदें उस में वर्म नहीं होती और शारीरक लक्षण इस में बहुत कम होते हैं केन्सर का पानी और दाने इस में नहीं पाये जाते ॥

(बारहवें) फुरी की रसोलीओं की यह पहचान है कि यह रसोलीयां गोल और चिकनी होती हैं और जोड़ के स्थान पर अलग होते है और इनमें शारीरक लक्षण नहि होते कई रसोलीयां केन्सर से मिलती है परन्तु केन्सर का सुभाव जिस का व्यान पीछे आ चुका है यदि भली प्रकार से देखें तो परिक्षा इस की भली प्रकार कर सकते हैं

चिकित्सा केन्सर की इस रोग के अच्छे होने या बढ़नें को बन्द करनै के वास्ते कोई खास विधि या औषधि मालूम नहीं इस के बढ़नें और रोगी के दुःखों को कम कर सकते हैं जहां तक होसके छुरी से रोगी अङ्ग को काटें परन्तु विदित हो कि काटनें के पीछे दूसरी वारी उस स्थान पर हो सकती है कभी केन्सर कौ काटने से रोग अंदर की तरफ को चला जाता है कभी रोगी उपरेशन के कारण मरजाता है परन्तु विदित हो कि जब तक यह फिर नहीं

होता तव तक रोगी सुखी रहता है इस वास्ते जराह को चाहिये कि मालूम करे कि रोगी की जान का खतरा उपरेशन के पीछे है या नहीं यदि शारीरक लक्षण या पीप के निकलनें के कारण रोगी निर्वल हो जावे कि थोड़ा सा खून निकलनें से उस की जान जाती रहे तो ऐसी अवस्था में उपरेशन कभी न करना चाहिये भोजन जलदी पचनें वाला और वल वाला देवें, पीड़ा के दुर करने वाली ओषधियां देवें रोगी को कई जराह रोग के वढ़नें को बन्द करने के वास्ते आद ही में जबके रोगी का वल तलफ न हो गया हो थोड़ी सी जोंकें रोगी स्थान के पास लगाते हैं या यदि रसौली में पीड़ा होवे तो ऐम्पलास्टर वैले डोना लगावें या वर्फ रक्खें यदि रसौली फट गई हो तो दुर्गन्धि के दुर करने वाली ओषधियां अफेन के साथ मिला कर देवें इस रोग के दुर करनें की तीन विधि हैं पहिले उपरेशम दुसरे तेजाव का लगाना तीसरे दवाव परन्तु उपरेशन अच्छा है क्योंके जो घाव उपरेशन के पीछे रहजाता है वह खुश्क होजाता है तेजाव या कास्टिक इन अवस्था में अच्छा होता है जहां छुरी न लगाई जावे वहां क्लोराईड अफ जिंक को डाईलूट करके कैन्सर के घाव में लगावें चमड़े के कैन्सर में तेजाव अच्छा है इस से संपूर्ण कैन्सर गल

कर निकलना है जैसे (योग्य) जिङ्क एक हिस्सा पानी ६४ हिस्सा या संखिया की लुपरी से जला देवें कई जगाह सलफिट आफ जिङ्क युक्त करके ग्लिसरीन के साथ लगाते हैं जैसे (योग्य) ग्लिसरीन (१) ड्राम सलफिट आफ जिङ्क (२) ड्राम सलफ्यूरिक एसिड या नाई ट्रक एसिड लगाते है टिङ्क्चर आफ स्टील एसिड नाई ट्रेट आफ मरकरी परमैग्नेट आफ पुटाश वरोमीन भी वरतते है कभी जगह क्लोराईड आफ जिङ्क या टिङ्क्चर स्टील पिचकारी से घाव के अंदर डालते है इस रोग के वढनें को वन्द करने के वास्ते कई जगह सर्द पानी को भी लगाते है वरफ और फ्रीजिङ्ग मिक्सचर भी इस में फल दायक है ऐंटिफलो जैस्टिक ओषधिओं से कुछ फायदा नहीं है वल वाली ओषधिआं देनी चाहिये जैसे आयोडाईड आफ अयरन इस रोग में पीडा वहुत होती है इस वास्ते निद्रा लानें वाली ओषधिआं देवें जैसे ओपीयम लाई ड्रेट आफ क्लोरल देवें रोग के आद में कई जगाह टिङ्क्चर आफ ऐकोनाईट और लाईकार ओप्याई देते है और जव घाव वढ जाता है तो लिंट को टिङ्क्चर ओप्याई या टिङ्क्चर आफ ऐकोनाईट में भगोकर लगावें और घाव को गटा पारचा से ढांपकर पुलटस लगावें जेङ्कास्टक लोशन भी अच्छा है और वाक लैड विस्मथ ऐएट

मेगट भी फल दायकहै कभी मैटिको के पत्ते पीस कर लगाते हैं और दुर्गन्धि दुर करने के वास्ते घाव को कांडीज़ फ़लूईड से धोते है घाव के आस पास मेगाड़ोगल्स पौडर छिड़कते हैं और मकान की दुर्गन्धि दूर करनें के वास्ते कोयला थैलिओं में भर कर लटका देते हैं या फलालैन के अंदर रकव कर घाव के ऊपर थोड़े काल तक रकव देते है और औषधिओ के सवाय कलोरिनेट आफ सोडा क्लोराईड आफ जिंक क्रयोजूट लोशन कारवालिक एसिड लोशन सलफ़ कार्वोलेट अफ़ जिंक ग्लिसरीन और क्लोराफारम के साथ लगाते है ईलास्टिक बैंडिज से रसौली को कस देते हैं कभी फुकनीओं में वायु भर कर रसौली को दवाते हैं कई जगह आयोडाईड आफ लैडुइ और ओप्यम की मालश करते है उपरेशन में कोई हिस्सा ग्लैंड का पीछे न छोडे यदि होसके तो फुली हुई गिलटियों को भी निकाल लेवें॥

वह अवस्था जिन में उपरेशन न करना चाहिये नीचे लिखी जाती हैं पहिले जब केन्सर. शरीर के कई हिस्सों में ऐक ही समय निकले दूसरे रोगी निर्वल और अनीम्यां के लक्षण हों तीसरे जब रसौली जलदी वढ़ती हो चौथे रसौली ऐसे स्थान पर हो जहां से उप

रेशन के पीछे संपूर्ण अंश कैन्सर का न निकाला जा सके और इन अवस्थाओं में जो नीचे लिखि जाते हैं जर्राह उपरेशन कर सकता है पहिले जब रोगी बलवान हो और रोगी परंपरा न हो दूसरे कैन्सर एक स्थान पर हो हिलने वाला न हो और गिलटीओं में भी वर्म न हो यदि कैन्सर आंख जिव्हा और टैस्टिकल में हो या बहुत बड़ा हुआ हो तो उपरेशन से बड़ा खतरा है ॥

शारीरक चिकित्सा बल वाली औषधि और भोजन को दवें काडलिवर आयल आब हवा का बदलना और कभी २ हलका जुलाब देते हैं और रोगी के दुःखो का उपाव करते हैं पांचवां प्रकार वह रसौलीआं जो लिम्फैटिक टिशु से मिलती हैं उन का बियान आगे किया जावेगा ॥

तेहरवाँ परिछेद

ऐलिफण्टाईसिस अर्थात् शोथ वा स्थूल रोग ॥

यह रोग पाव पर पाया जाता है परन्तु हर स्थान पर भी हो सकता है खास कर टैस्टिकलज़ में इस में रोगी अंग का चमड़ा मोटा हो जाता है स्त्रियों में कलाईटोरस फूल जाता है और एक खास अंश सेल्यूलर टिशु के अंदर भर जाता है और पीप उत्पन्न होजाती है कभी हड्डी व

ढ़ जाती है और दान उत्पन्न होजाते हैं काले मनुष्यों को यह रोग वहुत होता है बंगाला और पहाड के देशों में खास श्रीनगर में यह रोग वहुत होता है टैस्टिकलज़ कभी १५ या २० सेर होता है इस के साथ हाईड्रोसील भि होजाता है ॥

लक्षण आद में तप कांपने के साथ होता है जिस स्थान पर यह रोग पहिले पहिल हो उस स्थान पीडा वहुत्त होती है रोगी स्थान में वर्म आजाता है नज़दीक की नाडीआं और लिम्फैटिक ग्लैंडस फूल जाते हैं फिर फूलकर खराब सरूप और हाथी के पाव की तरह होजाती है छोने से सखत मालूम नही होता है कभी उस स्थान पर घाव होजाता है और एक प्रकार की जलाश निकलने लगती है॥

चिकित्सा यदि पाव पर हो तो काट डालें जेकर हैस्टीकल में हो तो उस को अलग करें और कभी हल्का जुलाव देवें और फिर बल वाली औषधियां देवें यदि यह नहोसके तो पाव को अच्छी तरह बैंडेज़ के साथ बांधें और आयोडीन की औषधियां और डायोरैटिक्स देवें पट्टे के बाहर की तरफ़ इस्त्र लगाकर पीप जारी रक्खे यां संपूर्ण अंश को काट कर अलग कर दें इस में खून वहुत निकलता है

इस वास्ते जित्नी जलदी हो सके टैस्टिकल्ज़ को जनरेटिव आर्गेन्स के साथ अलग करके संपर्ण अंश को काट डालें जब यह रोग पाव पर हो तो कभी २ बड़ी २ नाड़ीओं को ऊपर से बान्ध देते हैं ॥

दूसरा भाग (२)

चोट और घाव(वा) विलेज [illegible] पत्नावस्था के वर्णन में

पहिला परिच्छेद

कौलेप्स अर्थात् पतनावस्था

वर्तान जराही में कोलैप्स उस अवस्था को कहते हैं जिस में किसी तीव्रण चोट के कारण बल और जीवने के काम अर्थात हिलना बोलना इत्यादि सब बन्ध होजाते हैं पहिले जब यह अवस्था हार्ट अर्थात् दिल से मिली हुई हो तो इस अवस्था को सिन्कोपी कहते है दूसरे जब काम दमाग और नर्वस सिस्टम में खराबी हो तो रोगी कभी शराबीओं की तरह मूर्छा में होता है जिस को डलीर्यम ट्रीमन्स कहते है या सखत मूर्छा हो जाती है जिस को कोमा कहते है इस में जी मतलाता है और कय होती है और मूत्र बनता ही नही तीसरे यदि रोगी बाल अवस्था में हो तो (सपेज्म) अर्थात् खिचावट होजाती है ४८ घण्टे तक रोग की वृद्धि है परन्तु कभी जलदी सुख हो जाता है जिस को रीएक्शन बोलते है

लक्षण रोगी को बे सुद्धि रहती है नाड़ी निर्बल और सांस सिसक कर लेता है मूर्छा होती है उस समय रोगी की नाडी और सांस नहमालूम हो जाते हैं कभी कोलेप्स में दिलका हिलना बन्द होजाता है रोगी बडी जलदी मर जाता है ऐसी अवस्था में दिलके खानें खून से भरे हुई होते हैं परन्तु जब थोडी सी चोट लगे तो दिलका हिलना निर्बल होजाहै खून के दौरेमेंखराबी होती है और फिफड़े का काम अच्छी तरह नहीं होता और सब ऊपर के लक्षण प्रत्यक्ष होते हैं चमडे का रङ्ग पीला होजाता है होंठ फीके और रोगी की नथने फूली हुई और हंसी में भी भेद आजाता है रोगी की बुद्धि स्थिर नही रहती परन्तु बहुत सी अवस्था में प्रश्न का उत्तर पूरा देता है जब रीएक्शनकी अवस्था होती है तो रोगी को कय होती है शरीर गर्म होजाता है चमडा और होंठ लाली पर होते हैं और इस प्रकार क्रम २ से रोगी राजी हो जाता है ॥

कारण चोट और घाव या बहुत चिन्ता या बहुत खुशी डर बहुत सर्दी और विष जैसे संखीया या तमाकू और हेमुरेज पक्काशय पर चोट का लगना बिजली का गिरना यह बात याद रखनी चाहिये कि कई चोटें ऐसी हैं जिन के कारण से मनुष्य

अक्सर मर जाता है जोड़ै की तीक्ष्ण चोट तोप और बन्दूक के घाव शरीर का बहुत हिस्सा में जलजाना और वृद्ध अवस्था में चोट का लगना और बहुत देर तक शरीर का रोग में रहना रोग गुरदे और दिलके में कुलेफ के होवे सें बड़ी मदद होती है विदित हो कि कभी चोट का असर शरीर के दूसरे अङ्ग पर होता है। जैसे यदि पांव टूट जावे या शरीर के बड़े हिस्साउपरेशन हो तो मसाना कोषै लिसिस हो जाता है और मूत्र बन्द होजाता है और गर्भ वस्ति स्त्रि की गुदा लार्ज ईंटेसटाइन्स अर्थात् बड़ी आन्तों पर उपरेशन करने से भी गर्भ गिरजाता है ॥

चिकित्सा यदि रोगी को सख्त चोट लगे और खून के निकलने के सबब रोगी ऐसा बेहोश हो के उसके जीने का कुछ भरोसा न हो तो इस अवस्था में दिल और दिमागके काम को तेज करें जैसे ब्रांडी और गर्म पानी और बलवाला भोजन मांस का जल देवें और शरीरके गर्म करनें के वास्ते शरीर पर कम्बल लपेटै और गर्म पानी की बोतलें बगल अर्थात् काख और लातों के बीच में रक्खें परन्तु जराह को इस बात काख्याल रखना चाहिये कि गर्मी बहुत न होजावे नहीं तो तप या किसी अन्दर के अङ्ग में खून का निकलना

जारी होवे वेगा रोगी को लेटा देवें कय के रोकने के वास्ते सोडा वाटर ब्रांडी के सांथ देवें वर्फ चूसने को देवें अहिफेन की पचकारी गुदा में करें पक्काशय पर मस्टर्ड पलास्टर लगावें हिचकीआं वन्द करणे के वास्ते क्लोरीक ईथर और डाईल्यूट हाईड्रोस्यानिक ऐसिड देवें स्पैज़म और वेहोशी के उपाय में ऐमोनीयां वड़ा फल दायक है सिर अगर गर्म हो तो ठंडा पानी सिर पर रक्खें यदि खून निकले तो उस को जलदी वन्द करें और विदित्त हो कि मूर्छा की अवस्था में खून न निकालना चाहिये कई जराह ऐक्स्टरनल जुगलर वेन से खून निकालते हैं जिससे दिल का काम तेज़ होता है स्टिमूलिएंट औषधियां और भोजन वत्तराई से देना चाहिये क्योंके वहुत सी अवस्था में खराबी होती है जब खाने का वल न रहे तो रोगी को भोजन और औषधियां की गुदा में पचकारी करें यदि रीऐक्शन वहुत हो तो हाईड्रेट आफ क्लोरल और अहिफेन देवें जब कुलैप्स वहुत हो तो उपरेशन अर्थात् ऐम्पोटेशन न करना चाहिये परन्तु थोड़े से कुलैप्स और रीऐक्शन की अवस्था में उपरेशन कर सकते हैं ॥

इलीरीयम टौमैटिक (य) आघात जनित उन्मता

प ॥

यह तीन प्रकार को होता है पहिले प्रकार वह जो निर्वली और खराब अवस्था में रहने के कारण होता है ॥

लक्षण इसके शराबीओं की तरह होते हैं जिह्वा तर और कांपती है शरीर थरथराता है चमड़ा मुड़के सें भीगा रहिता है रोगी वे आराम और खराब सुभाव वाला होजाता है प्रश्न का उत्तर भली प्रकार नही देता परन्तु आपने आप को राज़ी खुशी जानता है जितना रोग वढ़ता जाता है उतना ही रोगी वेआराम और वकवासी होता जाता है विस्तरे पर आराम नही पकड़ता अपने साथीओं को मारना चाहिता है और पागल होजाता है कई अवस्था में लक्षण ऐसे निर्वल होते हैं कि रोगी कई बातें सोचता है अपने आप को काम में लगा हुआ खिआल कर्ता है और उन ही का ध्यान कर्ता रहिता है नाडी तेज़ चेहरा लाल सांस वडी जलदी लेता है कई अवस्थाओंमें रोगी ऐसा निर्वल होजाता है कि वहुत वेहोशी होजाती है इसी अवस्था में मर जाता है कभी शरीर का वल इतना घट जाता है कि रोगी निर्वली के कारण मरजाता है

चिकित्सा वल वाला भोजन देवें और रोगी को आराम सें रक्वें यदि रोगी निर्वल औ

र शराब पीने वाला हो तो उस को थोड़ा सा शराब देवें किसी चोट के १२ घण्टे के पीछे या उससे भी कुछ कम यदि रोगी की नाड़ी कुछ तेज न हो परन्तु निर्बल और रीति से बाहर चले और शरीर गर्म न हो चेहरा सुर्ख और रोगी अपनी अवस्था के उलट अपने आप को जानें और उत्तर अच्छी तरह न देवे तो बरंडी देनी चाहिये यदि डलीरयम हो तो हाईड्रेट आफ क्लोरल ब्रोमाईड आफ पुटाशीअम २० ग्रेन या अहिफेन ¼ ग्रेन दो २ घण्टे के पीछे देवें या बहुत सी एक हि दफा देदेवें और कभी चमड़े के नीचे मारफीया की पचकारी करते हैं रोगी को चुप रखने के वास्ते उस के पास एक दयालु मनुष्य होना चाहिये जो किसी प्रकार का बल न करे जुलाब देवें सिर पर सर्द पानी रक्खें यदि वे होशी हो जावे तो सिर और पिंडलीओं पर मस्टर्ड पलास्टर लगावें अच्छा होने के पीछे टिंचर आफ सटील टिंकचर ओपीअम के साथ पिलावें शराबीओं में घाव देर से अच्छे होते हैं प्रकार दूसरे में लक्षण थोड़े होते है बूढे आदमीओं को खफकान होने से पहिले होते हैं प्रकार तीसरा हिस्टीरीकल जो के ताओगोला सें मिलते हैं इन का ब्यान आगे आयगा ॥

तीसरे कन्वलशन यह रोग बच्चों को होजाता है और जिस में चिन्ह मिर्गी की तरह होते है कारण दान्त का निकालना अजीर्ण गर्भाशय में खराबी का होना सिर पर चोट का लगना मूत्र का बन्द होजाना और पथरी आदि॥

लक्षण रोगी बेसुद्ध होजाता है आंखों की पुतलीऐं ऊपर चली आती हैं सुफेदी दखाई देती है और हाथों की अंगुलीऐं खिच कर सुकड़ जाती है सांस कम२ से चलता है और सारे शरीर में कन्वलशन होजाता है और गर्दन भी हिलती है

चिकित्सा कारण को दूर करें और यदि दान्त निकलते हो तो मसूड़े पाछते है मूत्र बन्द हो तो उस को निकाल दें पथरी हो तो उस को निकालने का बन्दोबस्त करें नाड़ी तीक्षण और होंठ सुर्ख और आंखे बहुत फुला हुआ सिर गर्म नज़र आवे जैसे दिमाग में खून का एकत्र होना मालूम होता है सिर पर बर्फ पावकी तलीओं पर राई की पट्टी लगावें और जुलाब देवें इस के उलट रोग यदि कमजोरी के कारण से हो तो मास का शोरा और बराडी का शराब पिलावें। और सवेरा बलवाली चीजें देवें अनीमा करें और क्लोरफारम सुंघाना और गर्म पानी में पीनो कन्वलशन की अवस्था में फलदायक हो

ता है ॥

दूसरे परिच्छेद

टैटिनस अर्थात धनुषाकार

वर्णन सर्वदा कन्वलशन और पकडे जाना वलंटरी मसलों का यह रोग दो प्रकार का होता है एक ट्रोमैटिक दूसरे एडिओपैथक जव के यह रोग वच्चों को होता है तव इस को टैटिनस न्यूनाटोरम कहते हैं यह रोग दो प्रकार का होता है ॥

एक ऐक्यूट अर्थात तीव्रता ॥

दूसरा क्रानक अर्थात पुरातन ॥

लक्षण (ऐक्यूट टैटिनस के) रोगी भली प्रकार जिह्वा नही निकाल सकता गर्दन और जवडे पर पीडा और तनावट होती है और आवाज़ मुशकल निकलती है चेहरे के मसलों के वाहर की तरफ खिचजानें से मुंह के कोने और आंखें वाहर को मुड जाती हैं इस वास्ते रोगी का चेहरा निराला होजाता है जैसे कि रोगी दुःख से हंसता है गर्दन और गले का मांस सपयज़मस के कारण सख्त होजाता है मुख वन्द होजाता है पतली वस्तु को गले में डालनें से दुःख वहुत होता है पक्काशय के मुख से एक प्रकार की पीड़ा होनें लगती है जो पीठ की तरफ फैलती है सास लेनें में दुःख होता है इस के पीछे हाथ पाव भी

सख्त होजाते है मूत्र और पाखाना कब्ज़ होजाता है आंखकी पुतली सुकड़ जाती है और मुख से कफ़ जारी रहती है और सुपयज़म बन्द नहीं होता परन्तु थोड़ा बढ़ता जारी रहताहै रोगी की होश स्थिर रहिती है और यह लक्षण शरीर पर सर्दी पोहूंचनेया किसी और काम के कारण से तीक्ष्ण और निद्रा के समय थोड़े हो जाते हैं सुपयजम इतना सख्त होता है कि शरीर पीछे की तर्फ़ बल खाजाता है तो उपस्थाटोनस जब सामने झुक जावे तो अमर स्थाटोनस जब बग़लों की तर्फ मुड़ जावे तो प्लूरास्थाटोनस और जब दान्त से दान्त मिलजावेतो उसको लाकड़जा कहते है ज्वर रोग बढ़ता जाता है जबड़े खिंचते जाते हैं फिर दान्त से दान्त सख्त तरह पर मिल जाते हैं खाना कठन हो जाता है नाड़ी तीक्ष्ण होजाती है चमड़ा सर्द और पसीना से तर रहता है रोगी न उमेद हो जाता है सुपयज़म जलदी २ होते हैं और रोगी या दम रुकने या निर्बली के कारण मरजाता है इस रोग में ज्वर स्थिर नहीं रहता और रोगी मरण परयन्त होश में रहता है यदि रोगी शफ़ी होजाने वाला हो तो सुपयज़म का सख्त होना कम हो जाता है और देर २के पीछे होता है परन्तु याद रहे कि जब तक यह रोग संपूर्ण दूर न होजावे तब तक रोगी

की जानका भय है ॥

टरमीनेशन

अर्थात् रोगकाअन्त

इस रोग में मृत्यु या तो निर्वली या सांस के बन्द होने या रक्त के दौरे के रुक जाने के कारण होती है इस रोग में १ से लेकर १० दिन के अंदर रोगी मरजाता है कभी (६) घण्टे में मर जाता है यदि बच भी रहे तो भली प्रकार कई हफ़्तों या मासोमेंराजी होता है ॥

प्रागनोसिस

आर्थात् रोगी की आगे की अवस्था मालूम करना.

(टैटिनस) जो चोट के कारण होता है अच्छा नहीं होता १२ दिन के पीछे मृत्यु कम होती है यदि यह रोग गले तक न फैल जावें और वक़्त सख्त न हो और नाड़ी भी तीक्ष्ण न चले और रोगी सुख से सोवें तो उस को जीने की कुछ ओमेद होती है नहीं तो यह रोग यदि गले तक फैल जावे और स्पेयज़्म वक़्त होवे तो रोगी कभी नहीं जीता है

(डायागनोसिस ॥)

(अर्थात् परिक्षा ॥)

(हाइड्रोफोबीया) को (टैटिनस से इस तरह भेद करते हैं कि (टैटिनस) में (स्पयज़म) अर्थात् खिचावट और मरन परयन्त होश रहती है और

(हाईड्रोफ़ोबीआ) में (सपयज़म) थोड़े काल के पीछे होता है और रोगी को मूर्छा होती है और (माईलाईटस) पीठ में पीड़ा और तप और (प्रैलीसिस) और वेसुधी फल के तौर पर होती है कुचले के विष से ईस तरह परीक्षा करते हैं कि इस में (सपयज़म) के लक्षण जल्दी उत्पन्न होते हैं और थोड़ी सी (सपयज़म) के पीछे देर भी हो जाती है जिस देर की अवस्था में जबड़े खुले रहते हैं और (टैटिनस) के लक्षण क्रम २ से होते हैं (सपयज़म) बराबर होता रहता है जबड़े के मसलस सदैव काल के लिये तने रहते हैं (हिस्टीरिया) से इस तरह पहचानते हैं कि रोगी को (क्लोराफ़ारम) सुंघानें से (सपयज़म) गुम्म हो जाता है या ऐंटिसपाज़मोडिक औषधिओं और ठंडे पानी के वर्तनें से (सपयज़म) दूर होजाता है ॥

पोस्टमार्टमअपियरैन्सिज

॥ अर्थात् मरने के पीछे का आख्यान

(स्पाईनल काई और उस के परदों में जलांश भरी रहती है और कई अङ्गों में खून जम जाता है खास कर उन अङ्गों में जिन में घाव हो जाते है ॥

कारण कई प्रकार के घाव और चोट खास कर नर्वके कुचल जाने या नोक वाले शस्त्र के घाव और हाथ पाव की हड्डी के चूर होने से यह रोग होता है जलनें के घाव कई प्रकार

के उपरेशन सेभी

और दूसरे प्रकार का (हैरिनस निर्बली या बहुत सर्दी या गर्म के गिर जाने या कुचले की विष के कारण होता है मर्दों को स्त्रियों से बहुत होता है (मस्क्ला अब्डाइटा) के काम में खराबी आने पर (सुपपज़्म) होने लगता है कभी २ (साईलाईटस) भी होजाता है चोट के स्थान के नर्वस में सूजन और लाली होती है और (स्पाईनल काई) की अर्थिमेटर में बहुत खून और सूजन कभी २ इतनी होती है कि अर्थिमेटर, अर्थात् मही का खेल टूटकर गल जाता है, कभी २ खून भी निकलता है कई प्रकार के जलोश हड्डी में आते हैं और खून भी गन्दा, होजाता है ॥

चिकित्सा पहिले कारण को दूर करें फिर यदि रोगी निर्बल हो तो उस को बल वाली वस्तु खिलावें और औषधियां (सुपेज़म) के दूर करने को देवें यदि घाव हो तो भली प्रकार साफ़ करके अन्य वस्तु को बाहर निकालें यदि किसी स्थान पर वर्म हो या तनावट हो जिससे पीप का होना मालूम हो उस को निश्तर लगाकर निकालें और कोई हिस्सा मांस या नर्व का गला हुआ हो तो उस को निकालें यदि कोई टांका लगा हुआ हो तो काट डालें घाव को गर्म पानी से या पोस्त के गर्म पानी से धोवें औ

र लिंट को बैलेडोना या अहिफेन के पानी में तर करके उस के ऊपर धरें गर्म पुलैटस लगावें और कई जराह उन नर्वस को जो घाव की तर्फ जाती हैं काट देते हैं कई गर्म लोहे से घाव को जला देते हैं और कभी जब यह लक्षण घाव के अच्छे होने के पीछे उत्पन्न हों तो इस अवस्था में कई वैद्य यह कहते हैं कि खाल उडाने वाली औषधि से घाव को ताज़ा करना चाहिये परन्तु यह विधि बड़ी कम फलदायक है कस्तूरायल का घुलाव टरपनटाइन की गुदा में पचकारी करें परन्तु इस बात का खियाल रक्खे कि रोगी की दिशा बन्द हो नहीं तो खराबी पड़ेगी रोगी को अन्धेरी कोठडी में रखना चाहिये और जहां तक होसके उसको हिलने न दें और बड़ी दया और नर्मी से औषधियें देवें यदि खाने का बल न हो तो औषधियां और भोजन की पिचकारी करें पीठ पर बर्फ लगावें और अहिफैन क्लोराफारम इण्डियन हैम्प अर्थात् भङ्ग का सत या टिङ्क्चर देवें तमाकु का तत्व अर्थात् निकोटीन (ई) बूंद चार २ घण्टे पीछे शराब के साथ देवें यदि यह औषधियां न मिलें तो तमाकु का गर्म पानी दस २ बूंद तीन २ घण्टे के पीछे देवें परन्तु इस बात का खियाल रक्खें कि विष के लक्षण उत्पन्न न हो जावें (योग) खे

का ऐक्स्ट्रैक्ट हिय्योसैम्य(३) ग्रेन और रिवपात(१२) ग्रेन ईस की(१२) गोलीयां बना कर ऐक या दो गोली तीन २ घण्टे पीछे देवें वा हाईड्रेट आफ क्लोरल (२०) ग्रेन एक २ घण्टे पीछे देवें ॥ कैंफर (५) से (१०) ग्रेन ब्रोमाइड आफ ऐमोनियम भी अच्छा है कीरीरा के देने से (२२) रोगीओं में से (८) अच्छे हुए कुनैन(५) ग्रेन तीन २ घण्टे पीछे देनी चाहिये ऐकोनाइट भी फलदायक है ऊपर की औषधिओं का फल जलदी करनें के लिये पचकारी से चमड़े में डाले या गुदा के अंदर रक्खें रोगी को गर्म रखना चाहिये वायु से बचा रक्खें यदि मूत्र न आवे तो कथीटर डाल कर निकालें कभी ऐम्प्योटेशन भी करते हैं यदि रोगी निर्बल होजावे तो ब्रांडी देवें ॥

भोजन दूध और शोरा अर्थात मान्स का जल बहुत देना चाहिये यदि रोगी खान सके तो दूध शोरा या अंडे की जर्दी की पचकारी चार २ घण्टे के पीछे गुदा में करें कई जराह ट्रेकीआटमी करते हैं इस उपरेशन को रोग के आद में करना चाहिये क्योंके उपरेशन के पीछे लेरिंक्स के मांस में ऐंठन नहीं होता इस उपाय की विधि की परिक्षा करनें वाली है ॥

क्रानिक टैटेनस पर कम भय देनें वाली होती है और बहुत काल तक रहती है

चिकित्सा जुलाब और बल वाली औषधियों को

को ताकत रम सुंघावें ऐक्स्ट्रैक्ट आफ कैलाबार बीन ई आधा ग्रेन दो या तीन घण्टे पीछे देवें

राफ़ारम देवें फवारे के नीचे स्नान कराना और तार बिजली का पीठ पर लगाना भी फलदाक है तेल की मालश करें॥

टैटिनसनेसंटिश्रम अर्थात् बालकों का टैटिनस यह जन्म के पीछे (५) से (१०) दिन के अंदर सफाई के न करनें और नाभी के घावकेखराब उपाय करनें के कारण उत्पन्न होसकता है

लक्षण जबड़ा मिल जाता है बच्चों को खाने और सांस लेने में दुःख होताहै हाथ और पाओं में स्पैज़म और मा के कुचों की तर्फ बहुत देखता रहता है अतीसार होजाते हैं और सोते २ चोक पड़ता है चिकित्सा गर्म पानी में स्नान करावें १ या २ ग्रेन कैलोमिल ४ वा ५ घण्टे के पीछे देवें और हलके जुलाब के वास्ते ३० बूंद या १ ड्राम कैस्टरऔल देवें या एक बूंद लाडनमें एक औंस पानी में मिला कर थोड़ा २ दिन में ८ वारी देवें और क्लोराफारम भी सुंघा सकते हैं॥

तीसरा परिछेद

हिस्टीरिया अर्थात् वायोगोला

हाइपोकांड्रैसिस॥

पहिले हिस्टीरिया(वर्णन) यह एक रोग नर्वस सिस्टम का है यह स्त्रियों को ही होता है परन्तु कभी २ मर्दों को भी होता है और खास कर उन मनुष्यों को जिनका दिमाग या जनरेटिव आर्गन्स के काम में किसी तरह से खराबी हो॥

लक्षण यह रोग जिस रोग के पीछे होता है उस रोग के लक्षण भी उत्पन्न करती है जैसे हिस्टीरी .: लटैंड्रिनस मे उसी प्रकार की सखती शरीर मे होती है मुख बंद होता है और बोल नहीं सकता और कई प्रकार के रोगों के लक्षण उत्पन्न होकर मरीज़ को धोखा देते हैं॥

परीक्षा पहिले टैटिनस सें इस तराह पहिचानते है कि हिस्टीरीया के रोगी को ऐंठन तो जरूर होता है तो भी रोगी के झूठे खयाल को दूर करने से जलदी कल्यान होजाती है क्लोराफारम सुंघानें से जलदी ऐंठन दूर होजाते हैं दूसरे हिस्टीराकल (न्युरेलजीया) इसमें रोगी कई प्रकार की पीड़ा की नकल करता है जिस से कभी पीड़ा सिर में और कभी छाती और कभी पीठ में बता सकता है और कभी सूरसों की शकायत करेता है और कभी पेट में पीड़ा इतनी बताता है जैसे के रोगी को पैरेटुनाईटस होजाता है ऐसी अवस्था में हाथ लगानें से रोगी को बहुत पीड़ा होती है परन्तु यदि रोगी का ख्याल बटा कर पहिले नर्मी से उस स्थान पर हाथ रखकर खूब दबावें तोभी पीड़ा बहुत न होगी तीसरे हिस्टैरी कल सूरती में रोगी अपनी पसलीयों को फैलाता है और पीड़ा के वास्ते शरीर टोलता है चौथे हिस्टीरीकल लेरंजाइटस में सांस तेज़ होगा परन्तु दमबन्द होनें के लक्षण रोगी के चेहरे पर मालूम नहीं होंगे और कई प्रकार के

रोग जो रोगी ने देखे या सुनें हो उनकी नकल कर सकता है और जराह ध्यान करने से पहिचानता है ॥

कारण स्त्रीकी ऋतु का बंद होना पाचन की खराबी चिन्ता बहुत मेहनत और कठन काम कई स्त्रिआं ऐसी होती हैं कि वह झूठ मूठ रोगी होना पसन्द करती हैं जिस से उसके संबन्धिओं का ख्याल उसकी तर्फ होवे॥

चिकित्सा रोगी के पाचन और जनरेटिव आर्गेन्स के खराब कामों को ठीक करें यदि कब्ज़ हो तो जुलाब देवें आब हवा को बदलें और रोगी को बल वाला भोजन देवें कई प्रकार के स्पैजम दूर करने वाली और ऐरो मैटिक औषधिआं देवें जैसे हिंग और वाल छड़ और पादर बेंध कि खून निकालना और जोक लगाना इस रोग में मना है पीड़ा के स्थान पर कई प्रकार के तेल मलें जैसे ओपीअम लिनें मिएट और कुलोरोयम और नीचे की विधिआं पर जराह को ख्याल रखना चाहिये पहिले हिस्टीरिया रोग के ख्याल पर किसी और सख्त रोग में यदि रोगी को कोई और रोग हो तो उसके उपाय में देर ना करें या हिस्टीरिया के रोगी का और किसी सख्त रोग की विधि से उपाय न करें इस वास्ते कि इस में जराह की हानी और रोगी का नुकसान होता है विदित हो कि हिस्टीरिया किसी और सख्त रोग के साथ

भी हो सकता है इस वास्ते यदि रोगी मोटा और बलवान हो और निर्बल न हो तो हिस्टीरियाकी परिक्षा ठीक है नहीं तो यदि रोगी निर्बल हो तो जानना चाहिये कि कोई और रोग लग गया है॥

दूसरा हाइपोकांड्राईसिस

यह रोग खून के खराब होने के कारण से होता है और रोगी आपने आपको कई रोगों में पकड़ा हुआ जानता है जैसे आतशक यदि भी दीक्षा की जावे तो कोई लक्षण उसका नहीं पाया जाता केवल एक छोटी सी फुन्सी होती है जिस को रोगी आतशक जानता है चंद बातें जो हिस्टीरियाके वास्ते ऊपर लिखीगयेहैं उन का इस रोग की पहिचान में जरूर लिहाज रखना चाहिये और विना इस के रोगी के ख्याल को झूठ न कहना चाहिये इस वास्ते यदि वह समझाने से समझता तो वैद्य के पास किस वास्ते आता रोगी का उपाय किसी प्रकारसे करें परन्तु उस को यह मालूम हो केजराह उसी रोग का उपाय कर रहा है कई वारी ऐसा होता है कि हैपोकन्ड्राईसिस के साथ रोगी किसी सख्त रोग में पकड़ा जाता है

चौथा परिछेद

चमड़े के परदे की चोट और घाव अर्थात् तलप्या आघात

वर्णन। इस में चमड़ा ज़ख्मी नही होता और

यदि होजावे तो वहुत जलदी अच्छा होजाता है जो चोट कुन्दे शस्त्रों से पहुचती है जैसे मुके की चोट या मोच जिस में रगें शिराएं फट जाती हैं या फैल जाते हैं और टूटी हुई हड्डी का जोड़ से उखड़ जाना और उन ऊपर के उपदेशों के सिवाय जिन में जराहत चमड़े के अंदर घाव पैदा करता है चमड़े के नीचे की चोट गिनते है जिस चोट में चमड़े पर घाव होजाता है उस में सूजन न होकर पीप उत्पन्न होजाती है और जहां चमड़े पर घाव नहीं होता वहां सूजन भी नहीं होती ॥

लक्षण आद् में पीड़ा थोड़ी सी होती है फिर नाड़ीओं के फट जाने से खून उस स्थान पर एकत्र हो जाता है और २४ घण्टे के अंदर सूजन के थोड़े से लक्षण उस में उत्पन्न होजाते हैं यदि किसी प्रकार की खराबी न हो तो सूजन के फल और जमा हुआ खून गुम्म होजाता है और मिलने वाला अंश उस स्थान पर एकत्र होकर संपूर्ण घाव को मिला देता है यदि किसी प्रकार की खराबी खून में हो तो मिलने वाला अंश खराब होजाता है या यदि सूजन वायु से मिली हुई हो तो यह चमड़े को पीप में बदल देता है कभी पाईम्यां का रोग भी होजाता है ॥

दूसरे सूरत अर्थात् वह चोट जो किसी कु

सख्त से लगती है और उस में चमड़े पर घाव नहीं होते ॥

लक्षण इस के तीन दर्जे है पहिले दर्जे में छोटीर नाडीआं फट कर थोड़ा सा खून सैल्यूलर टिशु के अंदर चला जाता है और मांस कोतरें भी फट जाती है दूसरे दर्जे में वड़ी नाडीआं फट कर खून सैल्यूलर टिशु में एकत्र हो जाता है या कोई आरटरी फट कर फाल्स ऐनुरिज़म होजाता है तीसरे दर्जे में चमड़ा और टिशु पिल पिले होकर पिचक जाते हैं यह अवस्था तोप के सर्द हुए २ गोले के लगनें के कारण होती है कभी २ चमड़ा सैल्यूलर टिशु से अलग होजाता है और खून निकलता है ऐसी अवस्था में या तो वह अंग मुर्दार होजाता है या सलफिंग या सपुरेशन हो जाता है या रोगी वेहोश होकर मर जाता है गैंगरीनसे इस तरह परीक्षा करते है के चोट वाला स्थान गर्म और छोनें से मालूम होता है रोगी स्थान के कनारे सखत और मध्य नर्म होजाता है खून कभी जमी होई अवस्था और कभी पानी जैसा पाया जाता है ॥

तीसरा ऐकीमोसिस अर्थात् रक्तवर्ण चिन्ह इस में खून सैल्यूलर टिशु के खानो में एकत्र होकर वर्ण उत्पन्न कर्ती है फिर थोड़ी सी देर से ले र घंटों के अंदर रंग भूरा सबज़सा हो

होकर फिर काला होजाता है तीसरे दिन नीला होजाता है और चोट के किनारे का निशान फैल जाता है और पांचवें या छटे दिन सवज़ होकर आठवें दिन पीला होजाता है फिर १० या १२ दिन चोट का निशान गुम्म होजाता है यदि ऐकिमोसिस गहरे हों और चमड़े में चोट न हो तो २४ घण्टे तक उसका निशान चमड़े पर प्रकट नहीं होता और जब यह मांस में होता है तो थोड़े दिन पीछे चोट का निशान रोगी स्थान से खराव सरूप में थोड़े फासले पर सवज़ नीला सा और नीले चिन्हों में दृष्टीमें आता है ॥

कारण चोट वा घाव कई अवस्था में यह लक्षण स्कर्वी पर प्यूरा, और ज्वर के अन्त में होते हैं कभी २ यह तिल्ली घाव का फल होता है जिन से रक्त अच्छी तरह नहीं निकलता कभी २ मास की तनावट से ज़ख्म और जोंकों के काटने से यदि चमड़ा नीला हो जावे तो भी यह अवस्था होसकत्ती है

परिक्षा जोकें के निशान गोल और चौड़े होत्ते हैं और इतने काल तक नहीं रहते हैं कभी २ फरेवी लोग रंग लगा कर निशान वना लेत्ते है जो धोने से दूर होजात्ते हैं कई मनुष्य चमड़े को सूइयों से छेड़ कर दाग़ वना लेत्ते है जो गोल और एक ही स्थान पर होते हैं कभी २ जीते आदमीओं के ऐकिमोसिस और मुर्दे में इसी तरह दाग से परिक्षा करनी पड़ती है मुर्दे में यह दाग़ चमड़े के गलजाने औ

र खून के नीचे की तरफ एकत्र होने से उत्पन्न होते हैं जीते मनुष्यों में खून सेलूलर टिशु के अंदर और चमड़े के साथ मिला हुआ होता है मुर्दों में ऊपर का चमड़ा काला होता है और खून यदि सेलूलर टिशु में भी हो तो नीचे की तर्फ चला जाता है और जमता नही ॥

चिकित्सा पहिले खून को वहुत फैलने न दे दूसरे सूजन को रोकें तीसरे सूजन के फलों को गुम करें और रोगी स्थान के कामो को स्थिर करें चोटवाले स्थान को ऊचा रक्खें सर्द पानी या थैलीओं में वर्फ भर कर वहां पर लगावें भोजन हलका और कम देवें और जुलाब करावें जव सूजन दूर होजावे तो स्टिमुलैराट लिनेमिएट की मालश करें और छोटी सी चोटों के वास्ते वराडी या रैक्टीफाइड स्पिरिट में लिंट तर करके लगावें टिंकचर आफ आर्निका टैनिक एसड और ग्रैलसोशन लगावें यदि खून वहुत निकले और चमड़ा तन जावे जिससे चमड़े के फट जाने का भय हो तो उसको चीरा देकर निकालें यदि घाव होजावे तो क्रियोज़ट आइराटमैराट कारवालक आइल लगावें यदि वड़ी आर्टरी फट कर खून चमड़े के नीचे भर जावे तो उपाय उसका डिफ्यूज़ ऐन्यूरिज़म की तरह करें ओंगुलिओं और अंगुठो में यदि चोट लगे तो काटना न चाहिये सखत चोटों में रुई को कारवालिक आइल में तर कर के लगावें जव खून

निकालना हो तो असपेरेटर लगावें जिस सें वायु अंदर न जावे अंदर के अंगो में चोट का लगना वड़ा भय देनें वाला है ॥

पांचवांपरिच्छेद

(।। वुंड्स अर्थात् आघात का वर्णन)

वर्णन चमड़े या म्यूकस मेम्ब्रण की वनावट जव किसी चोट के कारण अलग होजावे तव उसको वुंड कहिते हैं यदि चमड़े पर घाव हो तो इसको सिम्पल वुंड कहिते है जव घाव में कोई और चीज़ होवे खून निकले और पीड़ा वहुत हो तो उसको कंपलिकेटिड वुंड कहिते हैं अव कई जराहों नें अच्छी तराह व्यान करने के लिए इनको कई पकार में व्यान किया है नीचे उन का व्यान अलग २ किया जावेगा ॥

(पहिले इन्साईज़्ड वुंड) वर्णन यह धार वाले शस्त्रों से जैसे छुरी और तलवार से होता है इसमें खून वहुत निकलता है और घाव जल्दी अच्छा होजाता है ॥

लक्षण पीड़ा खून का निकलना और घाव के कनारों का अलग होना इस तरह के घाव मे पीड़ा कभी काटनें की तरह कभी जलन और कभी चिनचनाहट होती है पीड़ा का वहुत होना स्थान। और घाव की लमबाई पर है यदि घाव वाहर से अंदर की तरफ हो तो पीड़ा वहुत होगी इसलिए कि नर्वस की वनावट काटी जावेगी।

खूनका निकलना घाव की लम्बाई और किसी नाड़ी वाले स्थान और बड़ी नाड़ी के पास होनें से है जैसे छिद्र के घाव में पाव के घाव से बहुत खून निकलता है घाव के किनारों का बहुत बहुत या कम अलग होना चोट वाले स्थान की तनाव छोटों का बल। या कई प्रकार की बनावटों के सुकड़ने पर है चीरे के मुख से भी घाव का मुख बहुत या कम खुला रहता है मांस यदि काटा जावे तो बहुत दूर तक उनके सिरे सुकड़ जाते हैं आरही और चमड़े के घाव चुड़ाई में खुले होते हैं लिगेमिंटस और हड्डी के [illegible]ना होनें के पीछे नहीं सुकड़ते॥

चिकित्सा पहिले खून के निकलने को बंद करें दूसरे और चीज़ को निकाल दें तीसरे घाव के किनारों को आपस में मिला दें चौथे उनके जोड़नें में मदद देवें खून के निकलनें को बंद करनें के वास्ते उस। स्थान को दबावें या ऊंचा रक्खें या सर्द पानी या बर्फ लगावें यदि इन विधियों से खून बंद न हो तो व[illegible]ओं को बांध देवें दूसरे गैर चीज़ को उंगली या फार्सिप्स या स्पंज या पानी से धोकर निकाल देवें घाव को गर्म पानी से धोवें जिससे जमे हुए खून के टुकड़े निकल जावें॥

तीसरे घाव के किनारों को जितनी जलदी हो सके मिला देवें यदि स्टिकिंग पलासटर से घाव के दोनों किनारों को जोड़ देवें स्टिकिंग पलासटर को पहिले ढीले हिस्से घाववाले चमड़े के ऊपर लगा कर

दूसरी तर्फ जमादें एक गद्दी रुई पानी सें तर करके उसके ऊपर रक्खे और पटी से अच्छी तरह कस देवें कभी २ दो गद्दीआं घाव के दोनो तर्फ लगा कर किनारों को मिला देते हैं और कभी घाव के नीचे की तर्फ को खुला रखते हैं जिससे पीप निकलती रहती है कभी स्टिकिंग पलासटर की जगह कोलोडीअन भी लगाते हैं ऐसे से ब्रूश या छुरी का दस्ता या बुर्श से घाव के ऊपर कोलौडिअन लगावें इसे लगाते ही घाव खुश्क होजावेगा और बहुत साफ़ और चिकना नज़र आवेगा इसके लगाने से पीप नहीं उत्पन्न होता और घाव स्केविङ्ग की रीती सें अच्छा होजाता है कभी २ गूंद या टिङ्कचर बेन्ज़ायन भी लगाते हैं बड़े २ घाव में और ऐसे स्थानो पर जहां घाव को मालूम करनें के बगैर जोड़ना हो जैसे भवां और कान पर तो टांके लगाते हैं घाव में टांके बहुत ज़ोर से खैंच कर न [illegible] चाहियें नहीं तो बहुत पीड़ा होगी और घाव जल्दी गलजावेगा इसे दिनके पीछे टांके काट कर निकाल देनें चाहिए यदि इसमें किसी प्रकार सें खुजली उत्पन्न हो जावे तो जलदी निकाल देवें सूचर या टांके चार प्रकार के होते हैं

(पहिले इराटरपटिड सूचर) इनके लगाने की विधि टेढ़ी सूई में बारीक तार परोकर घाव के बाहर की तर्फ से डालकर अंदर की तर्फ निकाल लेवें और फिर सूई को घाव के दूसरे किनारे में अंद

र से बाहर की तरफ निकालें फिर इस की तार की खेंचें और घाव के दोनों किनारों को मिला कर बांधें इस के ऊपर दो तीन बल देकर तार को कैंची से काटें लोहे या चांदी और सिक्का की तार भी टांकों के लिए लगाते हैं कभी२ घोड़े के दुम्ब के बाल या डाकटर लिस्टर साहिब का कारबालिक एसिड में तर किया हुआ लिगेचर भी लगाते हैं ॥

३



देखो मूर्त्ति नम्बर (३) टांके आधे२ इंच पर लगाने चाहिए ॥ दूसरे ट्विस्टिड सूचर घाव के किनारे अच्छी तरह मिला कर सीधी सूईओं को थोड़े२ फासले पर घाव के एक तरफ से दूसरी तरफ निकाल दें जब सूईआं डाली जावें और घाव के किनारे अच्छी तरह मिल जावें तब बीच का हिस्सा एक लिगेचर अर्थात् रेशम की तार पहिले सूई के गिर्द अंगरेजी अट्ठे की तरह लपेटें (४) और फिर इस के दोनों सिरों को नीचे लाकर लपेटें जब सूईओं को बल दे चुके तो अखीर की सूई पर तार को गांठ देकर स्थिर करें यह सूईआं चांदी और फुलाद की होती हैं और उन के तीक्ष्ण सिरे चमड़े में न चुभें वा पड़ने पर से काट डालें इस प्रकार की सलाई होठ कटे घाव में वर्त्तते हैं जब टांकों को निकालना हो तो सूईओं को निका

(४)



(५)



लें देखो मूर्त्ति नम्बर (४) तीसरे ग्लावर्जयों कंटीन्यूअस सूचर पलदर्ज़ी की सलाई की तरह होती है इसें आंतों चेहरे और जनरेटिव आर्गेन्स के घाव में वर्तते हैं देखो मूर्त्ति नम्बर (५) चौथा क्विलस्चर इस में दस्ते वाली टेढ़ी सूई में रेशम की तार को दोहरा करके पहिनावें और घाव के एक तर्फ से दूसरी तर्फ निकालें और सूई को फिर उसी रस्ते से पीछे निकाले अब लिगेचर के दोनो सिरे घाव के एक तर्फ होंगे और दूसरी तर्फ घाव के बल खाया होया हिस्सा होगा दो टुकड़े गमइलास्टिक बूजी के लेकर एक को लिगेचर के बल या फंदे में जो के दूसरी तर्फ है डालें और दूसरे टुकड़े को लिगेचर के दोनों खुले सिरों के बीच में रखकर अब इन को खेंच कर गांठ देंगे

तो दूसरी तर्फ की दूजी जो फंदे में है स्थिर होकर चमड़े के साथ मिल जावेगी इस तरह पर गहरे घाव में स्त्राव अच्छा होता है किनारे भी अच्छी तरह मिल जाते हैं परीनिअम के फट जानें से इस तरह के टांके लगाते हैं यदि चाहिये तो यहां के बहुत भी लगाते हैं देखो सूत्र नम्बर (६) चौथे जोड़ मिलने के वास्ते घाव को अच्छी तरह से रखें और एण्टी सेपटिक की विधि से जिसका वर्णन पीछे हो चुका है इसे करें यदि घाव गहरा हो तो डरेनिज ट्यूब डाले पीड़ा दूर करने के वास्ते अहिफेन देवें और जलदी पचने वाला भोजन देवें हलका जुलाव देवें यदि बहुत रक्त निकले तो बल वाली औषधि देवें विदित हो कि पट्टी तंग न बांधें यदि किसी प्रकार की पीड़ा या वर्म घाव में हो तो सारी पट्टीयां











और प्लस्टर लगावें जब सूजन दूर होजावें तो फिर घाव के किनारें मिलावें याद रहे कि ठंढा पानी घाव पर लगानें से रोगी को आराम होता है यदि कोई छोटा सा हिस्सा शरीर का जैसे अंगुली या नाक का सिरा अलग होजावे तो उसको जितनी जलदी होसके उसी जगह पर टांके और स्टिकिङ्ग प्लास्टर से स्थिर करें जब कटे हुये अङ्ग को कुछ देर गुज़रे गई हो तो उस को गर्म पानी से धो डालें और घाव को जमें हुये खून से साफ करें और फिर दोनों को जोड़ दें आधे (½) घण्टे के अंदर अङ्ग के कटे हुये हिस्से को मिलाने से जुड़ जाता है

दूसरे कंटयूज़ड और लैसरेटिड वुंड (वा) दलित आघात घर्षण) यह दोनो एक ही होते हैं जो कुण्ठे शास्त्रों कलों की चोट और पत्थरों के मारने से उत्पन्न होते हैं और इस प्रकार के घाव बहुत काल के पीछे अच्छे होते हैं अर्थात् पीप इसमें बहुत होती है और घाव अंदर से भरता है नाडीआं टूट कर रुक जाती हैं इस वास्ते खून कम निकलता है किनारे इन घावोंके फटे हुये होते हैं कभी सलफिङ्ग होजाता है और कभी गेंग्रीण होजाता है सलफिङ्ग ऐसे स्थानो पर जहां हड्डी चमड़े से ढपी हुई होती है गेंग्रीण उन अवस्था में होता है जब कि पाओं या हाथ किसी प्रकार की कल के बीच में कुचले जावे या पहिआ

के नीचे फसजावे ऐसी अवस्था में चोट वाला अस्थान और बाकी हिस्सा अङ्ग का जलदी मरजाता है या कभी बड़ी बड़ी नाड़ीओं किसी अङ्ग की इननीज़रख भी हो जाती हैं कि खून का दौरा बंद होजाता है और अङ्ग मरजाता है कभी खून के खराब होने के कारण रोग लिवर और गुर्दा या खराब वायु या खराब खूजन सफाई न होनें के कारण घाव खराब होकर गलने लगता है और कमर सें नज़दीक के अङ्गों मांस पर आ जाता हैं इसी तरह अंग मुरदार हो जाता है रोगी को जलन होती है चोट वाले स्थान पर सख्त चर्म और मिट्टी जैसा रंङ्ग होकर काला होजा है वायु के बुलबुले घाव में मालूम होते हैं दुर्गंधि वाली पतली पीप निकलती है मांस और बनावटें काले रङ्ग के लोथड़ो में बदल कर बाहर निकलती हैं शाक्ल हरा गैंगरीन की तरंह होते हैं ॥

चिकित्सा पहिले घाव को लिंट और सर्द पानी सें तर करें और यदि घाव छोटा हो तो सकेबिङ्ग की रीति सें अच्छा होने दें जैसे यदि चमड़ा चोट वाले स्थान का उतर जावे तो लिंट के टुकड़े खून में तर करके लगावें टिंकचर बेन्जाइन भी लगाते हैं यदि पीड़ा न हो और घाव से दुर्गन्धि भी न आवे तो घाव की पट्टी जब तक छिलका न उतरे लगी रहिने दें यदि घाव से दुर्गन्धि आवे। तो पुलटस लगावें कई जगह लिंट को कारबा।

लिक आयल में तर करके लगाते हैं विदित हो कि जमा हुआ खून कभी घाव के अंदर पीप में बदल जाता है और खून में असर कर जाता है जिस कारण से पीड़ा बेआरामी और कांप तप होजाते हैं सब फिक्र का उपाय पीछे लिखा गया है यदि अङ्ग सड़ जावे उसका उपाय गैंग्रीन की तरह करें और अपरेशन के वास्ते उन बातों को देखें जो गन शाट वुंड में लिखी जावेंगी ॥

(तीसरे पंक्चर्ड वुंड (वा) छिद्र का क्षत) यह ऐसे घाव होते हैं जिन की लम्बाई चौड़ाई से बहुत होती है जैसे छुरा तलवार नेजा यह घाव गहरे होने वाले होते हैं इस कारण से कि घाव की अवस्था से यह मालूम नहीं होता कि कितनी दूर तक है और अंदर की नाड़ीआं कटी हुई हैं या नहीं ॥

चिकित्सा यदि कोई नाड़ी कट गई हो तो बांधदेवें यदि उस के वास्ते घाव बड़ा करना हो तो कर देवें अन्य वस्तु को निकालें रक्त रोकने की रीति करें लिण्ट को कारबालिक आयल में तर करके डालें और बाकी उपाय इनसाइज्ड वुंड की तरह करें विदित हो कि कभी पंक्चर्ड वुंड में जो फाई ब्रण उत्पन्न होती है वह पीप में बदल जाती है छोटे २ फोड़े घाव के अंदर या बाहर होते हैं इस अवस्था में निश्तर से पीप निकालना चाहिये ॥

छठां परिच्छेद

गन्न शाट वुंड अर्थात् गोलीकाघाव

वर्णन गोली गोले जो बंदूक वा तोप या ऐसे शस्त्रों से जो बारूद से सर होते हैं लग कर कई प्रकार के घाव वा चोट उत्पन्न करते हैं और कभी पत्थर या लकड़ियों के टुकडे इन से दूर होकर बड़ी चोट पहुंचाते हैं और कभी गोले बंदूक तोप के फटने से कई प्रकार के घाव होजाते हैं इस का घाव कंटूज़ड और लेसेरेटिड वुंड की तरह है ॥

पहिले तोप के गोले का घाव पाञ्च छपसे गज़न कगोले के सामने जो चीज़ आजावे तो वह संपूर्ण चूर होजाती है जब हाथ या पाओं सामने आजावे तो सब उड जाते हैं या उनका मांस और चमडा पाछा जाता है ऐसी अवस्था में चोट भय देने वाली होती है यहां तक कि रोगी कुलैप्स की अवस्था मे मरजाता है खून कम निकलता है घाव के लगने के साथ हि थोडासा खून निकलता है और नाडीयां जलदी सुकडकर सेल्यूलर टिशू के अंदर घुस जाती हैं और खून बंद होजाता है कभी बडीनाडीयां फटकर इतना खून निकलता है कि रोगी मरजाता है जब गोले का चलना कम हो जावे तो चोट पहिली अवस्था से बहुत लगती है इस में अङ्ग संपूर्ण उड नहीं जाता परन्तु घाव बडाल

स्था होजाता है इसलिये कि गोले का मुख ऐसी अवस्था में शरीर के अंदर बदल जाता है और जब गोला ठंडा होकर लगे तो चमड़े के फटने वगैर सख्त चोट पहुंचाता है हडीआं टूट जाती हैं और पीप उत्पन्न होने के पीछे अंग गल जाता है ठंडा गोला यदि जारहा हो तो उसका भरोसा न करना चाहिये इसवास्ते जब यह पृथ्वी पर लुड़कता हुआ जाता है तो उसके सामने जो चीज़ आजाती है वह उड़ जाती है गोले का शरीर में रहना कठन है परन्तु एक सिपाही की रान के नीचे तीन सेर का गोला घुस कर रह गया था पिछले समय में ऐसा ख्याल था कि गोले की वायु के लगने से मनुष्य मर जाता है परन्तु मालूम करने से यह बात असत्य होगई है ॥

(फटने वाले गोले का घाव) यह गोला फटने से पहिले गोल गोलों की तरह जिन का वर्णन ऊपर हो चुका है घाव उत्पन्न करता है परन्तु फटने के पीछे उस के टुकड़े चारो तर्फ उड़कर बहुत से मनुष्यों को एक ही वारी घाव पहुंचाते हैं येह घाव गोल गोलों की तरह सखत न होंते परन्तु हडीआं मास चमड़ा फटकर बंड२ घाव बन जाते हैं ॥

(कैन्स्टर और गरीप के गोले का घाव) इसका घाव गोल गोलों की तरह होता है परन्तु जो

टा और इतना सख्त नहीं होता

(बंदूक की गोली के घाव) युद्ध में इस प्रकार के घाव वहुत होते हैं पिछले समय में सिक्के की गोली मारती जाती थी और यह शरीर के अंदर रह जाती थी परन्तु आज कल नोक वाली गोलीऐं वरती जाती हैं यह गोलीआं जलदी चलती है और सीधी आर पार निकल जाती है युद्ध में इस प्रकार की गोलीआं वड़ी भय देने वाली होती है कभी२ गोली सई होकर हड्डी के बीच रह जाती है और हिलाने से मालूम होती है परन्तु वड़े दुःख से निकलती है॥

(छर्रे के घाव) यदि दूर से लगे तो इस से सख्त चोट नहीं लगती चमड़े में घुस जाती है यदि कोई दाना आंख में घुस जावे तो मनुष्य अंधा होजाता है परन्तु यदि वहुत नज़दीक से चेहरे पर चोट लगे तो गोली से वहुत घाव होता है कारतूस और वारूद भी यदि पास से लगे तो गोली की तरह घाव होजाता है कभी२ कपड़े हड्डीआं उड़ा कर घाव उत्पन्न करती हैं वारूद के उड़ने से भी घाव जलने की तरह उत्पन्न होता है॥

वर्णन गोली के रस्ते का) गोली अपने रस्ते में अपने सामने से सव वस्तूओं को अपने साथ ही लिये चली जाती है रोगी के कपड़े कारतूस गोली के साथ हि घाव में पाये जाते हैं ज़रा सी रुकावट होने के कारण गोली अपने रुख से वदल जाती है हड्डी के किनारे गोलीओं को अप

ने बराबर लेजा कर दूसरी तर्फ निकाल देती हैं सिर छाती और पेट की गोली एक तर्फ से दूसरी तर्फ निकल जाती है परन्तु ईन अवस्था में अंदर नही जाती हड्डी के किनारे पर से गुज़र कर दूसरी तर्फ निकल जाती है जैसे छाती में पसलीओं और पेट में इलिअमकेक्रेस्टके किनारे से गुज़र जाती है (डाकटर हीटन साहिब) के रोगी को पोमम अड़ीमा के पास गोली लगी थी यह गोली गर्दन के चारो तर्फ फिर कर फिर उसी मोरी से कि जिस से अंदर गईथी निकल आई गोलिआं मिवान जगह पर बहुत दूर तक चली जाती है यदि गोली छाती और पेट में लगे तो प्लूरा या पेरीटोनीअमपर से गुज़रती हुई स्पाइनल की नाली को छोड़ कर उस के बीच में रहजावेगी कपड़े से भी गोली का रुख बदल जाता है एक सपाही को अस्तम्बोल की लड़ाई मे गोली पेट पर लगीथी परन्तु उस स्थान पर उसके पजामे का बटन था उसने गोली का रुख बदल दिया गोली मुड़ कर पेट के मास में जाकर रान के ऊपर की तेहाई में आ निकली कभी २ गोलीओं का रस्ता टेढा भी हो जाता है जैसे गोली कोहिले में जाकर रान के बीचसे निकल जाती है जब गोली आर पार निकलती है तो दो छिद्र उस स्थान पर होते हैं एक को आरीफिस आफ ऐन्ट्रैन्स अर्थात् अंदर

जाने की मोरी दूसरे को आरीफिस आफ ऐक्जिट अर्थात् बाहर निकलनें का छिद्र बोलते हैं॥ (अंदर जानें का छिद्र यह छिद्र छोटा किनारे नीते और अंदर की तर्फ मुड़ी हुई होता है देखो मूर्ते नम्बर(७) निकलनें का छिद्र यह बड़ा और किनारा इस का बाहर की तर्फ मुड़ा हुआ। और फटा हुआ होता है देखो मूर्त नम्बर(८) इन दोनो मोरीओं का



भेद गोली के चलने और उस के गुज़रनें में जो रुकावटें होती हैं पर होता है आज कल की बंदकें बहुत तेज़ होती हैं इस वास्ते इन दोनो मोरीओं में इतना भेद नहीं होसकता परन्तु जब गोली अपनी तेजी में कम होकर किसी अङ्ग से बाहर निकल जावे तो इन दोनों मोरीओं में अच्छी तरह भेद होसकता है जिस रस्ते से गोली गुज़रती है वह जगह नीली होती है और उस स्थान के चमड़े पर लाल लकीरें सी ही

के रङ्ग जैसी दृष्टि में आती हैं कभी चमड़ा अभ्रकाई सीसा की तरह दवानें सें आवाज देता है गोली के रास्ता में मास जो वक्त अपने आगे दवा कर ले गई थी दृष्टि में आता है गोली के घाव दो प्रकार के होते हैं एक वह जिस मे गोली आर पार निकलजावे इस को पर फोरेटिङ्ग कहते हैं और दूसरा वह जिस मे गोली अंदर रहजावे इस को पैनिट्रेटिङ्ग बोलते हैं सदैव काल गोलीओं के घाव में यह मालूम करणा चाहिये कि गोली अंदर है या बाहर निकल गई है यदि दो मोरीआं हो तो यह मालूम करना चाहिये कि दोनो मोरीआं अंदर जानें की हैं या एक उन मे से अंदर की और दूसरी बाहर की विदित हो कि गोली के लगनें के समय रोगी की हेनाटोसी कल अवस्थाको मालूम करनेसे भली प्रकार परीक्षा हो सकती है

जब एक मोरी हो तो गोली अवश्य अंदर होगी परन्तु कभी ऐसा भी होता है कि गोली उसी मोरी से फिर निकल जाती है या किसी सख्त हिस्सा शरीर से जैसे हडी वा कुरी से टकर खा कर बाहर निकल आती है कभी गोली कपड़े को दवाये हुये दोतीन इञ्च घाव के अंदर चली जाती है और कपड़े को खैचने से बाहर निकल आती है कभी दो गोलीओ एक मोरी में जा कर एक बाहर निकल आती है और एक अंदर रहजाती है और किसी बड़े अङ्ग को घाव वाला बनादे

ती है कभी गोली अंदर जाकर दो टुकड़े हो जाती है और हरतर्फ मुख करती है कभी गोली औं के टुकड़े शरीर के अंदर बहुत देर तक रहते हैं ॥

लक्षण पहिले कम और फिर बहुत पीड़ा होती है यह थोड़ा सा खून निकलता है और फिर बंद होजाता है इस घाव में रोगी को कुलेप्स के लक्षण होते हैं और यह घाव कई अवस्था पर है निर्वल और वल वाले मनुष्यों में घाव कई प्रकार के हैं यदि गोली ऐसी जगह पर लगे कि जहां कई अङ्ग हों तो चोट बहुत पहुंचती है जैसे सीना और पेट घाव के गल जाने और पीप के उत्पन्न होने से सैकंडरी हैमोरेज होजाता है लक्षण इस घाव के चोट पर होते हैं जैसे घाव सींना में प्लूराईटस और पेट के घाव पेरीटूनाईटस होते हैं घाव के किनारे पर वर्म होजाता है चमड़ा उस स्थान का तना हुआ होता है और पहिले जलांश फिर पीप निकलती है गोली और गोलों का कुलेप्स गोली लगने पर उत्पन्न होता है और यदि बहुत हो तो रोगी मर भी जाता है परन्तु कभी रोगी वेहोश होजाता है चेहरे का रङ्ग फीका शरीर सर्द नाड़ी निर्वल और रीती से बाहर चलती है यदि चोट कम पहुंचे तो रोगी थोड़ा बोल सकता है ॥

चिकित्सा यदि गोली सीना वा पेट में लगे और रोगी इतना बेहोश भि न हो जिससे इस की जान का भय हो तो इस अवस्था को अच्छा जानकर खून को बंद करें और घाव का उपाय करें यदि चोट थोड़ी हो और खून कम निकले तो जितनी जलदी हो सके रोगी को होश में लावें ता के तीश्रकशान जलदी होवे और रोगी को बिस्तरे पर लिटावें और उस का सिर नीचे करें स्टिमुलेण्ट औषधियां देवें गर्म पानी को तलों में भरकर बग़लों और रानों पर लगावें बेहोशी में खून का निकलना आप ही आप कै ग़लमके कारण बंद हो जाता है जितनी जलदी हो सके घाव को अंदर से देखें यदि गोली घाव के मुख पर हो तो उस के मालूम करने में इतना दुःख नहीं होता परन्तु जब दूर हो तो चांदी की लम्बी सलाई जिसे बेलपरोब कहते हैं घाव में डाल कर गोली को मालूम करें यदि हो सके तो अंगुली से मालूम करें यदि घाव बड़ा करना हो तो करें जब गोली हड्डी में फस जाती है तो मालूम करने में दुःख होता है इस वास्ते ऐसी सलाई जिस पर गोली का दाग़ लग जावे या जिस की नोक में गोली के हिस्से चिमट कर चले आवें बरतें देखो मूर्त नम्बर नौ (९)

जब गोली मालूम हो जावे तो उसको कारत्तूस के साथ ही बुलिट फारसिप्स से जोकई प्रकारके होते हैं निकाल लेवें देखो मूर्त्ति नम्बर(१०) वा ११

(१०)



(११)



(१२)



यदि घाव लम्बा करना हो या यदि कुरी हड्डी के हिस्सा को तोड़ना हो तो बोनगाज या बोन कटर से निकालें गोली के निकलने के पीछे घाव को साफ़ करके सर्द पानी लगावें कारबालक लोशन से धोवे पीड़ा दूर करने के लिये अहिफेन देवें यदि सूजन हो तो जोकें लगावें यदि रोगी निर्बल होवे तो स्टिमुलैण्ट औषधियां देवे जब घाव में पीप होजावे या गलने लगे तो पुलटस लगावें कभी दूसरी बारी खून निकलने लगता है यदि यह हो तो आरटरीज़ को दोनो सिरो से बांध देवे और २.

तमयें इसी सिपलस भी होजाता है इस प्रकार के घाव में टांके न लगाने चाहिये (१०) या (१४) दिनों में तलफ दूर होते हैं और घाव पांच (५) या छः (६) सप्ताह में अच्छा होता है जब छर्रे व मड़े के अंदर चली गई हों तो ड्रेसिंग फारसिप्स से निकालें यदि चाहिये तो घाव को लम्बा करें वरूद और कारतूस के उड़ने से जो घाव होते हैं उनका उपाय जले हुये घाव की तरह करें ॥

गोली और गोले के घाव में खून का निकलना यह कम होता है परन्तु यदि कोई बडी नाडी कट जावे तो बडा भय है कभी चोट की थोड़ी देर पीछे खून निकलने लगता है और कभी घाव को हिलाने से नाडी के मुख खुल जाते हैं या पीप उत्पन्न होने से नाडी के परदे गल जाते है या टूटी हुई हडी की नोक नाडी में घाव कर देती है इन अवस्था में (५) से (२५) दिन के अंदर घाव के गलने के पीछे खून निकलता है ॥

चिकित्सा कटी हुई नाडीओं को बांधें खून के निकलने का उपाय आगे लिखा आयेगा युद्ध में जब खून निकले तो रोगी की बड़ी नाडी को टार्नीकट या रेडी और वंड स्वव लगा कर रोगी को हस्तपताल में भेज दें

(चेहरे और सिर की गोली और गोलों का घाव)

यह वहुत भय देनेवाले होते हैं यदि सिरका चमड़ा गोली की रगड़ से ज़खमी होजावे तो उतना डर नही होता कभी पीप के कारण हड्डी के ऊपर का परदा मुरदार होजाता है और दमाग़ में सूजन होती है यदि गोली हड्डी में लगे तो टूट जाती है कभी अंदर का परदा टूट जाता है और वाहर का ठीक रहता है कभी हड्डी टूट कर अंदर चली जाती है यदि गोली अंदर चली जावे या खोपड़ी को चीर कर वाहर निकल जावे तो रोगी वेहोश होकर चार वा पांच दिन में मर जाता है लक्षण और उपाय इस का आगे लिखा जायेगा चेहरे के घाव अच्छे होजाते है कभीजवड़ा उड़जाता है और जिव्हा पीछे लटक जाती है रोगी भली प्रकार दम नही ले सकता

चिकित्सा टूटी हुई हड्डी का उपाय रीति से करें और घाव को सी कर सर्द पानी की पट्टी रक्खे ॥

(सीना की: गोली और गोले का घाव) यह दो प्रकार के होते हैं पहिले जव सीना की दीवार पर घाव हो तो दूसरे जव गोली अंदर चली जावे और कभी फिफड़े और दिल में भी घाव होजाते हैं कभी गोली घाव करके वाहर निकलजाती है दूसरी प्रकार के घाव हिंसक होते हैं और इन मे खून भी व

हुत निकलता है लक्षण और उपाय इन का अपने २ स्थान पर लिखा जायगा याद रहे कि कभी गोली फिफड़े में दुःख देने के सिवाय बहुत देर तक रहती है ॥

(पेट की गोली और गोले का घाव) इस में या तो पेट की दिवार पर घाव होता है या दीवार पर घाव होने के सिवाय अंदर के अङ्ग फट जाते हैं और कभी पेट की दीवार के साथ दूसरी नाड़ीओं और बड़े २ अङ्गों पर घाव होजाते है कभी चमड़े या मांस में घाव होते हैं और यह घाव बंदूक की गोली और संगीन या बर्छी की नोक से हो सकते हैं जब ठंडी गोली या गोलों के टुकड़ो के लगनें से लिवर गुर्दे तलीआंद्रां फट जाती हैं, तो चमड़े पर घाव नही होते मांस और चमड़ा ढीले मालूम होते हैं कभी चोट का दाग़ नही होता और ऐसे घाव भय देनें वाले होते हैं मौत इन में जल्दी होती है कभी गोली अंगों पर गुज़रती हुई चली जाती है और उन पर घाव नही करती या उस के अंदर रहजाती है या बाहर निकल जाती है सदैव काल यह घाव भय देने वाले होते है और उपाय इन घावों का आगे लिखा जायगा ॥

(हाथ और पावों की गोली और गोले का घाव) कभी इन में चमड़े पर घाव होता है,

और कभी हडीआं टूट कर बाहर निकल जाती हैं कभी अंदर रह जाती हैं कभी इसको छिद्र करके बाहर निकल आती है नाडीआं और नरवस पर भी घाव होजाते हैं और गोली का घाव बहुत सख्त होता है उपाय पहिले लिखा गया है विदित हो कि ऐम्पोटेशन अर्थात् हाथ पाओं का काटना दो प्रकार का होता है (पहिला) यदि सूजन होने के पहिले और चोट लगने के ४८ घण्टे के अंदर काटा जावे तो उसको प्राइमरी ऐम्पोटेशन कहते हैं दूसरा इसके पीछे काटने को सैकंडरी ऐम्पोटेशन कहते हैं और ऐम्पोटेशन इस अवस्था में अवश्य करना चाहिये पहिले जब कोई अंग गोली से सब उड़ जावे (दूसरे) चमड़े के बहुत से हिस्से नाडीआं और नर्वस पर घाव होजावे परन्तु हडी ना टूटे (तीसरे) यदि नाड़ीआं और नर्वस पर घाव होजावें यदि बडी नाडी अर्थात् आर्टरीपर घाव हो तो रोगी अंग के बचानें का उपाय करें (चौथे) यदि हडी टूट कर टूकड़े २ हो जावे (पांचवें) यदि अंग संसर्ग मुर्दार होजावे तो उसको जलदी काटना चाहिये ॥

सातवा परिछेद

पायज़निङ्ग वा विषाक्त आघात अर्थात् वि

षवाले घावका ब्यान

वर्णन कई जीवों के काटनें और मुरदे को काट कर देखनें से यदि घाव उत्पन्न होजावे या घाव वाले स्थान में विष चला जावे तो उस को पायजनराउ कहते हैं

यदि सेमीड बिच्छू और मच्छर का काटना (लक्षण रोगी को पीड़ा ज़लन के साथ होती है उस स्थान पर वर्म और लाली होजाती है कभी निर्बली होती है जब कभी मुख के अंदर या गले पर काटे तो रोगी को तप आजाता है खाना खा नहीं सकता मुख से कफ़ और खून निकलता है कभी सांस लेनें में इतना दुख होता है कि दम बंद होनें लगता है कभी स्पैज़म होजाता है औरकुलेप्स भी होजाता है कभी ऐरीसिपलेस होजाता है

चिकित्सा उस स्थान को अच्छी तरह से देखें यदि डंग दृष्टि में आवे तो फारसिप्स से निकालें फिर उस स्थान पर लाईकार ऐमोनिया कारबुनेट आफ सोडा या खडी आमिहा या सिरका लगावे कई जगह पैपी कय क्षाना का पुलटस लगाते है यदि लक्षण गले के सख्त हों तो गरारे करावें गर्म पानी से धोवें और कभी जोकें भी लगाते हैं फटकड़ी को गर्म(पानी में मिला कर गरारे करावें आराम देनें के वास्ते अहिफेन देवें यदि इन विधियों से

अच्छा न हो और रोगी का दम बंद होनें लगे तो लेरिंगाटमी करें

दूसरे स्नेकवाइट अर्थात् सर्पका काटना

इस देश में बहुत प्रकार के सर्प पाये जाते हैं परन्तु इनमें से थोड़े ही विष वाले होते हैं पञ्जाब देश में ४ प्रकार के विष वाले सर्प पाये जाते हैं जैसे फनीअर सङ्गचूड़ कूंडीआ और कुड़पाला हिन्दुस्तान के थोड़े से अच्छे खुराक और नर सर्प नीचे लिखेजाते हैं

नम्बर	अंग्रेज़ीनाम	देसीनाम	लम्बाई
१	कोब्रा	फनीअर कूटा गोखरा या काला सर्प या नाग	साड़े पान्च फुट (५½)

बर्णन यह सर्प काला दोदीआ गंदमी पीला मिट्टी के रङ्ग का सब्ज़ सुनैरी (वा) तांवे के रंग का पायाजाता हैं छेड़नें से काटता है फन्न के ऊपर नशान पाये जाते हैं काटने के समय फन्न फैला कर एक तिहाई (⅓) खड़ा होजाता है पुराणे मकान के पास रहता है मौत इस के काटने से थोड़े विपलों और कभी थोड़े पलो में होती है विषके दान्त टेड़े और उन के सिरे पर मोरी होती है

नम्बर	अंग्रेज़ीनाम	देसीनाम	लम्बाई
२	ओफिओफिगस	सङ्गचूड़	१२ से १४ फुट

वर्णन यह भी फनीश्वर के प्रकार का है रंग रस का सबज़ भूरा और कभी काला होता है सिर पर दाग नही होता छिलके साफ और शरीर के दवाले होते है विष के दान्त में मोरी सिरे पर और टेढ़ा सामनें को होता है

नम्बर	अंग्रेजीनाम	देसीनाम	लम्बाई
३	वैगरस	सिङ्ग·निघ्रम नचतिकृत	४ से ८ फुट

वर्णन शरीर के गिर्द काले रंग और पीले बंद पाये जाते हैं सिर छोटा होता है काटनें के समेंय सिर ऊंचा करता है घरो में रहता है कभी बंद सुपैद रंग के होते हैं विष के दान्त छोटे होते हैं

नम्बर	अंग्रेज़ीनाम	देसीनाम	लम्बाई
४	देबोपावाईपर	दुबिया	४ फुट

वर्णन तीन प्रकार के बंद सुपैद काले और पीले रङ्ग के पीठ पर पाय जाते हैं फनिश्वर के बराबर विख तेज़ नही होता सिर के ऊपर पीली लकीर होती है पीठ का रङ्ग अच्छा मालूम होता है देखनें में सुस्त मालूम होता है परन्तु छेड़ने से बहुत ज़ोर और तेजी से काटता है

नम्बर	अंग्रेज़ीनाम	देसीनाम	लम्बाई
५	ओक्सकार्मेय	क्रुडीया	२० से २२ इञ्च २ इञ्चमों

वर्णन यह सांप छिलके वाला होता है छिलके इसके उठेहुये होते है भूरे और सुपेद रंग के दाग होते है सुपेद बंद जिनके बीच काले चिन्ह होते है पीठके आधे हिस्से पर मालूम होता है यह कुंडली बना कर रहता है चलने के समय एक हिस्सा इस के बलका दूसरे हिस्सा से रगड खाता है जिससे एक आवाज़ रस्सी की रगड सी या चक्की के पीसनें की तरह उत्पन्न होती है यह सर्प फुंकारता नहीं परन्तु उसके रगड़ की आवाज़ उत्पन्न होती है दान्त लम्बे होते हैं यह सदैवकाल धावाकरता है एक फुट या उस से बहुत उछल कर काटता है ॥

नम्बर	अंग्रेज़ीनाम	देसीनाम	लम्बाई
६	ररसैकीस्करस	भाडीसर्प	३० इञ्च

वर्णन यह सर्प सबज़ कभी काला और लाल रङ्ग का पहाड़ और उसके नीचे की घाटीओं में पाया जाता है विस इन का फनिअर की तराह नही होता परन्तु मौत इस के काटने से जलदी होती है ॥

नम्बर	अंग्रेज़ीनाम	देसीनाम	लम्बाई
७	सीसनेक्स	समुद्री सर्प	४ फुट

वर्णन कई प्रकार के रंगों के सबज़ काले मिट्टी वाले पीले रङ्ग के पाये जाते है छिलके काले और सिर छोटा होता है ॥

पहिचान विस वाले और विष से वग़ैर सर्पों की विदित हो कि जीते सर्पों में पेहचानन कठन है विस वाला सर्प फनीअर के सिवाय दो गज़ से लम्बा नहीं होत्ता जो मीठे पानी में रहत्ते हैं वह विष वाले नही होते हिन्दुस्तान के उत्तर में जो सर्प विषवाले पाय जाते हैं उनकी नथनी से लेकर आंख के किनारे तक छिलके वाला परदा लगा हुआ होत्ता है और उन सर्पो में जो विष वाले नही हैं पहिले तो छिलका नहीं होत्ता और यदि हो तो भी आंख या नथनो तक नही पहुंचत्ता यदि सर्प को मार कर परीक्षा करें तो विस वाले सर्पों के सख्त तालू में दोनो तर्फ एक २ कत्तार दान्त की पाई जावेगी और ऊपर के जबड़े के बाहर के किनारे पर एक या दो या उससे बहुत मोरीआ वाले दान्त पाये जाते हैं जिन को फैंगस कहते है गिनती में दोनों तर्फ एक २ होत्ता है कभी २ दो तीन बार तक एक तर्फ पाये जात्ते हैं परन्तु इससे बहुत नही होत्ते यह दान्त कई सर्पों में तो जबड़ में लगे हुये होते हैं और कई में जोड़ के साथ मिले हुये होते हैं और हिलत्ते नही इसके सामनें और दान्त नही होत्ते इन की जड़ में एक नाली होती है जो एक ग्लैड़ में जाती है और जिस में विषवाली जलांश भरी रहती है यदि इस जलांश को निकाल कर कुछ काल

तक रक्खें तो इस के असर में कुछ भेद नही आता देखो शक्ल नम्बर(१३) (आ) ग्लैंड (बा) ग्लैंड की नाली (त) फैंगस (स) छोटी फैंगस (ज) ग्लैंड का गलाफ

(१३)



उन सर्पों में जिन के तालूमें विष नही होता दो कतार दान्तो की पाई जाती हैं और एक २ जिआदा कतार दोनो तर्फ जबड़े के बाहर के किनारे में पाई जाती है और सामनें बारीक दान्तों के कारण दोनो किनारे मिलते हैं हर कतार में १० से २० तक सख्त दान्त पाये जाते है विष वाले सर्पों में एक कतार ऊपर के जबड़े में दोनों तर्फ दान्त के पाई जाती है और दूसरी कतार की जगह खाली दो या तीन पोले दान्त पाये जाते है यदि सर्प के घाव को देखें तो विष वाले सर्प के दान्तों का निशान २ या ३ स्थान पर होता है देखो शक्ल नम्बर (१४) या (१५) वा (१६) उन सर्पों के घाव

(१६)



(१५)



(१४)



मे जिन में विष नही होता वहुत से निशान पाये जाते हैं देखो शर्त नम्बर(१६)

लक्षण सर्प के काटनेके पीछे रोगी को सिर में पीड़ा होती है और कटे हुये स्थान पर जलन होती है थोड़ी देर के पीछे पीड़ा वढ़ती और फालों की चोट की तरह मालूम होती है फिर वह स्थान छूने से मालूम नही होता और वर्म हो जाता है घाव से खून की बूंदें टिपकती है काटे हुये स्थान पर खून जमजाता है ऐकीमोसिस सहूर तक फैलाहोता है समुन्द्री साँपों के निशान कम दिखाई देते है इस लिये उनके दान्त छोटे होते हैं जव विष खून के अंदर चला जाता है तो शरीर के लक्षण उत्पन्न होते हैं रोगी घवराया हुआ और वेआराम होता है रोगी ना उमेद होजाता है पुतलीआं आंखों की फेल जाती हैं नाड़ी तेज होजाती है कभीर कयमी होती है परन्तु यदि सर्प विष वाला हो जैसे संगचूड़ फनीअर तो मत्यू वहुत जलदी होती है यहांतक कि कुलैप्स होजाता है शरीर सर्द और पसीना से तर होजाता है और नाड़ी निर्वल और वेकायदा चलती है और सांस की तकलीफ होती है वोलने का वल और खानें का वल जाता रहता है अन्त को मूर्छा हो जाती है रोगी सांस खराटे से लेता है और कई वारी कन्वलशन होकर मर जाता है और क

दान्तो के निशान की जगह पर होता है और रोगी स्थान का रङ्ग नीला होजाता है और

और खून मल मूत्र कय के साथ निकलता है। मरनेके पीछे कावगीनघाव के किनारे नीले होते है और सेल्यूलर टिशू खून से भरा हुआ और कभी खून जमा हुआ और कभी पतला होता है छाती और पेट के अङ्गो में ऐकिमोसिस पाया जाता है फिफड़े में खून जम जाता है और भेजा अर्थात् दिमाग़ में खून का पानी पाया जाता है और ऐकीमोसिस दान्त के निशान पर होता है रोगी स्थान का रङ्ग नीला होजाता है॥

चिकित्सा कभी डर से रोगी को सर्प के विष के लक्षण उत्पन्न होते है ऐसी अवस्था में रोगी के मुख से कफ़ निकलती है और ऐसा मालूम होता है कि रोगी वेहोश होनें वाला है उपाय में किसी तरह की देरी न करनी चाहिये रोगी विष वाले या दूसरे सर्प से काटा गया हो तो उसको तसल्ली देनी चाहिये यदि होसके तो उस सर्पकी परीक्षा करके शङ्का को दूर करें अगर सर्प विष वाला हो तो जलदी वह रीतिऐं जो नीचे लिखी जाती है काम में लावें पहिले जिस समय सर्प काटे जलदी एक रस्सी या डोरी या रेशम का तार कटे हुये स्थान के दो इञ्च ऊपर वांधें यदि हो सके तो उस में ऐक लकड़ी फसा कर उसको ज़ोर से वल देवें जिस से खून का दौरा वंद हो जावे फिर उस के ऊपर चार २ या छे २ इञ्च के फासले पर तीन या चार लिगेचर और वांधें जे

से अगर अंगुली पर सर्प काटे तो एक लिगेचर उस की जड़ में दूसरा कवज़े के गिर्द और तीसरा वीनी के गिर्द वांधें फिर अच्छी तरह से निश्तर या छुरी से काटे हुये स्थानके चारो तरफ दान्तो के निशानकी हड्डी तक चीर दें जिस से रक्त अच्छी तरह निकल जावे फिर घाव को आप रोगी या किसी और मनुष्य से चुसा देवें और यह बात याद रक्खे कि चुसने वाले के मुख में कोई घाव न हो और चूसने के पीछे उस के मुख को धोलाडालें फिर घाव को जलते हुये कोयले से या लोहा गर्म करके दाग़ देवें या वरूद ऊपर रक्ख कर जला देवें यदि कोई हस्पताल पास हो तो घाव को नाईट्रिक ऐसिड या कारवालिक ऐसिड या किसी और तेज़ाब से जला दें जब अंगुली या अंगुष्ट में सर्प काटे और वह विष वाला हो तो जलदी उस को ऊपर के जोड़ से काट डालें अगर ऐसे स्थान पर काटे जहां लिगेचर वांधा नहीं जा सकता और अम्पोटेशन नहीं होसकता जैसे सिर और पीठ में तो जलदी एक गोल टुकड़ा चमड़े का आधा इञ्च नीचे मांस में हर एक दान्त के नशान के पास से काटकर निकाल डालें और घाव को जलते हुये कोयले या लोहे से जला देवें रोगी को सुख से रक्खें अगर आधा (½) घण्टा या उस से वहुत लिगेचर वांधा रहे तो अङ्ग मुरदार होजावेगा।

परन्तु डाक्टर फीयार्र साहिब यह कहते हैं कि मार्टीफ़िकेशन के होनके पीछे भी बहुत मनुष्य बच सकते हैं परन्तु लिगेचर ढीला करने या चमड़ा खोल देने के पीछे रोगी अवश्य जाता है ॥

शारीरकचिकित्सा साईकार एमोनिआ १५ बूंद वाटर १ औंस मलाकर पाओ २(½) घण्टे पीछे पिलावें बरांडी या शराब पानी के साथ एक २ औंस (½) आधे घण्टे के पीछे देवें भोजन मांस का जल दूध अंडे की ज़रदी बरांडी के साथ देवें । अगर रोगी निर्बल होजाये और मूर्छा होजाये तो राई का पलस्तर दिल और पक्काशय मुख और गर्दन पर लगावें सर्द कमरे में रक्खें पंखा करावें यदि दम रुकने लगे तो आर्टिफिशल रैसपरेशन करें या बिजली दिल और डायाफ्रौम पर लगावें कभी जराह को ऐसी अवस्था में जहां लिगेचर के कारण विष खून के अंदर चला गयाहो यह विपदा पड़ती है यदि वह लिगेचर को ढीला करता है तो विष खून में चला जाता है और रोगी मरजाता है यदि ढीला न करे तो अंग खराब होजाताहै ऐसी अवस्था में अगर अंगूठे और अंगुलीओं पर सर्प ने काटा हो तो जलदी अम्पूटेशन करें परन्तु बड़े अंग मेंजब पूरा वक्त न गुज़र जावे तब तक लिगेचर ढीला न करे सर्प के काटे हुये घाव वाले स्थान प

र बड़ा चीरा देवें यदि विष के लक्षण उत्पन्न हो तो लिगेचर ढीला न करें जब तक यह लक्षण दूर न होजावें रोगी स्थान सर्द और नीला न होजावे यदि रोगी निर्बल होता जावे तो गर्म पानी की बोतलें बग़लों और रानों में रक्खें और पिंडलीओं पर राई का पलास्टर लगावें स्टिमूलेण्ट औषधिआं देवें घाव का उपाय पुलटस और रेजन आइराट मैराट से करें रोगी की तसल्ली करते रहें जज़ीरा आस्ट्रेलिआ में डाक्टर हालफर्ड साहिब अमोनीआ की पिचकारी वेनस में करते है उस स्थान के विषवाले सर्पो के वास्ते फलदायक है परन्तु यहां के सर्पो के वास्ते यह विधि अच्छी नही है डाक्टर [illegible] साहिब लाईक्वारपुटाश की पिचकारी करते हैं यह भी याद रहे कि सर्प के मनकों और मन्त्रों से कुछ फल नही होता न किसी औषधि से रोगी को आराम आता है डाक्टर फिआर साहिब कलकत्ते मे यह बात प्रसिद्ध कर चुके है कि यदि विष वाले सर्प सङ्कचूड़ या कुंडीआ या फनीअर का विष किसी अवस्था से रोगी के रक्त में मिल जावे तो फिर किसी तरह उस के बचने की उमेद नही होती इसवास्ते जराह को चाहिये कि जितनी जलदी होसके उन विधिओं को काम में लावें जो पीछे लिखी गई है अब डाक्टर रीचरड साहिब पर मैंगनेट अफ

पुटाश के पानी से तजरबा कर रहे हैं डाक्टर साहिब पहिले घाव के स्थान पर चीरा देकर खून निकालते हैं फिर पानी से धोकर घाव के किनारों को खेंचकर खून निकालते हैं घाव के अंदर (१५) ग्रेन परमैंगनेट अफ़ पुटाश (१) औंस पानी में मिला कर पिचकारी कर देते हैं लिएट को उस पानी में तर करके लगाते हैं और चमड़े में चारो तर्फ घाव के बीसर बेर। एक ड्राम एक औंस पानी की ताकतकी परमैंगनेट आफ पुटाश की पिचकारी करते हैं मनुष्यों में यह रीती अभी तक नहीं वर्ती गई॥

(तीसरे डीसैक्शन वुंड (वा) मृताङ्गछेदन जनित अघात) (वर्णन) मुर्दों में कई प्रकार के अंश खराब होनें सें दुर्गंधि वाले जलांश और बुखार उत्पन्न होते हैं इसवास्ते यदि किसी कारण से यह बुखार शरीर में सांस के साथ चले जावे तो कय और दस्त होते हैं और रजव जलांश खून में चली जाती है तो चूसनेवालीओं गिलटिओं में सूजन होती है और पईम्यां का रोग होजाता है परन्तु यदि यह जलांश ऐसे मनुष्य के मुर्दे से हो जो इरीसिपलस या पाईम्यां या प्रसूत के रोग से मर गिया हो तो फल अच्छे नहीं होते है ताजे मुर्दे में यह जलांश वहुत विष वाले होते हैं और जलदी असर करते हैं॥

लक्षण अगर मुर्दे को देखनें के समय छुरी या किसी और शस्त्र से अंगुली पर घाव होजावे तो (६) से (१८) घण्टे के अंदर रोगी सुखी नही रहता है जी मुतलाता है जूर जुरी मालूम होती है फिर सिर दर्द और कय होती है नाड़ी तेज़ और जलदी चलती है जिव्हा मलीन हो जाती है रोगी वल हार देता है

स्थानिकलक्षण उस तर्फ के कंधे और हाथ में वहुत पीड़ा होती है और घाव वाले स्थान के ऊपर एक फुंसी उत्पन्न होती है कमरसें पीड़ा वहुत होती है कोहनी के स्थान के अंदत में वर्म होजाती है और वगल के पास एक वर्म मालूम होता है यह वर्म ऊपर की तर्फ गर्दन तक और नीचे की तर्फ कमर तक पहुंचता है पहिले फीका और फिर लाल इरीसिपलस की तरह होजाता है रोगी को अब सांस दुःखसे आता है नाड़ी निर्बल और तेज़ जिव्हा खुश्क भरी और कांपती है रोगी का चेहरा उदास मालूम होता है शरीर पीला होजाता है फिर वह दुःख के साथ रोगी वैकुण्ठ वासी होजाता है कभी २ रोगी तपके होने से भी मरजाता है कभी घाव वाली अंगुलीओं पर इतनी सूजन होती है किवह गल कर कट जाती हैं और कभी सूजन भुजा तक फैल जाती है और उस में कभी

२ ईरिसिपलस भी होजाता है कई अवस्था में कई स्थानों के चूसने वाली नाड़ीओं में पीप उत्पन्न होजाती है मरने के पीछे परिताउस्तर्फ के चमड़े के नीचे सीरम और मास के रेशों और गलैंडस में पीप भरा हुआ होता है वेनस लाल कभी पीप से भरी हुई होती है पलूरकी थैली और फिफड़े पर पीप पाई जाती है चिकित्सा रोगी को जुलाब देवें तृषा के दूर करने के वास्ते ऐफरवैसिंग ड्राफट पिला वें भोजन मास का जल और शराव देवें पीडा दूर करनें के लिये अहिफेन देवें कुनेन डीकाकशन आफ सिनकोना के साथ या नाईट्रो म्यौरैटिक ऐसिड देवें ॥

(ऐक्सटरनल टरीटमैंट अर्थात् वाहर का उपाय) पहिले घाव को गर्म पानी से साफ़ करें और दवा कर खून निकाले फिर अंगुली को चूस कर गटापारचा टिशु पर क्लोरोफारम लगा कर वाधें परन्तु जव घाव वड़ा हो ऐसे मुर्दे के देखने से जो विष वाला हुआ है तो घाव वाले स्थान को कास्टिक या क्लोराईड आफ ज़िंक से जलावें अगर रोग वढ़ जावे तोगर्म पानी वरतें जव वर्म होजाये तो उसको चीरदें इस तरह से कुछ खून या पीप निकल जावेगी कभी निस्तर के लगाने से रोगी वचजाता है फिर कारवालिक आयल और पुलटस से घावक

उपाय करें आब हवा बदलें जब किसि मुर्दे को देखना हो तो पहिले आपनें हाथों को चेरबी और तेल से मल लेना चाहिये यदि अंगुली पर घाव हो तो पोस्टमारटम न करें यदि करना भी हो तो उस को स्टिकिंगपलास्टर से अच्छी तरह ढांप लें कई जराह कास्टिक की बत्ती से घाव को जला देते है इससे भी घाव नही फैलता कई जराह आयोडीन और टिंक्चर सटील लगाते हैं वह मनुष्य जो पोस्टमारटिम अर्थात् मुर्दे को चीर कर के देखा करते है उन के हाथों में एक प्रकार का चमडे का रोग होजाता है जिस से पीप कभी २ निकलती रहिती है चमडा मोटा और काले रंग का होजाता है उस को एनेटामिक लस्वरकल कहते है

लौयेहाईड्रोफोबिआ (वर्णन) यह रोग किसी दिवाने जानवर के काटनें और उस की थूकके लगजानें से अर्थात् हलके कुत्ते से उत्पन्न होता है और इस में सास के मसलज़ में सेज़म्स और रोगी वेआराम होजाता है

लक्षण पंज हफ़ते से तीन मास और कभी कई साल के अंदर रोगी को कटे हुय स्थान पर पीड़ा होती है और उस स्थान पर लाली और वर्म होकर फिर घाव ताज़ा होजाता है और वह स्थान अकड़ जाता है और पीड़ा बहुत दूर तक मालूम होती है॥

शारीरकलक्षण तीन चार रोज़ पहिले भी खराब होजाता है भूख जातीरहती है कभी सिर में पीड़ा और कभी कय होती है कभी ज्वर के लक्षण होने लगते हैं कुछ काल के पीछे रोगी के पक्काशय के मुख और दिल के स्थान पर पीड़ा होती है गर्दन अकड़ जाती है और रोगी ठंढे सास लेता है स्वास लेनें में दुःख होता है यदि रोगी पानी पीनें लगे तो उस को गले में डालने के लिये दुःख मालूम होता हैं कमर से यह दुःख और स्पेज़म्स वहुत होजाते हैं और फिर पानी पीनें के समय स्पेज़म्स होजाता है और रोगी के दिल में ऐसा खयाल समाजाता है कि पानी के देखनें से स्पेज़म्स की वारी आजाती है जवरोग वढ़ता है तो पानी क्या सरवत्त चीज़ भी खानी मुश्कल होजाती है पहिले तो स्पेजम्स देरर से और फिर जलदीर होने लगता है स्पेज़म्स के समय रोगी का चेहिरा काला और आखें वाहर को निकल आती हैं रोगी दम लेनें के लिये वडे यत्न करता है कभी रोगी इसी तरह से मरजाता है थोड़े से कारण से भी स्पेजम्स होजाता है जैसे दरवाजे के खोलने से या ऊंची आवाज़ करो वा पानी के सामनें रोगी को इसमें वडी नाउमेदी होती है कभी पागल होजाता है कभी वेहोश होजाता है तृषा वहुत होती है और रोगी थकता रहता है फिर निर्बल होकर दम वंद

होनें से मर जाता है

मरणोकेपीछेकाव्यान दिमाग़ और स्पाईनल काई पर खून का पानी पाया जाता है गला और ढ़ेकिया अंदर से लाल होते हैं फिफड़े में सूजन के लक्षण पाय जाते हैं और पक्काशय में ऐक काले रंग का जलांश पाया जाता है दिमाग़ के सैल्सलर टिशु में सूजन के फल मालूम होते हैं

पथालोजी अच्छी तरह मालूम नहीं परन्तु लक्षण से यह मालूम होता है कि स्पाईनलकाई और दिमाग़ में किसी प्रकार की खराबी होगी

परीक्षा पहिले टैटिनस से इस की परीक्षा की गई है दूसरे हिस्टैरीकिल या नर्वस हाईड्रोफोबीआ से यह रोग वाहम के कारण होजाता है स्पैज़म्स नहीं होते और न स्वास लेनें से दुःख होता है खाली खा नहीं सकता कभी जराह यह कहता है कि जिव्हा कि फ्रीनम के पास तीन चार दिन पहिले रोग के उत्पन्न होने सें कुछ दाने निकलते हैं यदि इन दानों को जलाआ जावे तो रोग उत्पन्न नहीं होता है ॥

पागलकुत्ते की परीक्षा जव कुत्ता हलका होता है तो उस में यह लक्षण पाये जाते है कुत्ता दौड़ता रहता है उस के रोम खड़े रहते और लोगों को विनाछेड़े काटता है और

पशु नगाली ही तरह पर आँखें को फेर लाहै और नगली तरह पर भौंकता है घास भूस वाल या कागज को काटता है और पत्थर लोहै को चाटता है इस को पानी का डर नहीं होता पानी पीना चाहता है पी नहीं सकता गले का स्पैजम्स पानी पीनें नहीं देता यदि पैलिसिस के कारण नीचे का जवड़ा लटक जावे तो कुत्ते से भौंका नहीं जासकता और ३ से १० दिन के अंदर मरजाता है कभी २ से ३ दिन तक और कभी ३० घण्टे तक और कभी ८ से ९ दिन तक भी जीता है

स्थानिकचिकित्सा काटे हुये स्थान को चमड़े और मास के साथ ही अलग करें और खून को वहिनें दें कभी कपिंग ग्लास लगा कर खून निकाल ते हैं घाव को पानी से धोवें और साफ करके कास्टिक पुटाश या नाईट्रिक एसिड से जला दें यदि यह न मिले तो गर्म लोहे से दाग दें कई जराह घाव को चूसते हैं घाव को जल्दी अच्छा न होनें दें और पीप जारी रक्खे विदित हो कि यह रोग वड़ा हिंसक है और जब होनें लगता है तो कोई औषधि अच्छा नहीं कर सकती इसलिये जराह को चाहिये कि स्थानिक उपाय वडी जलदी करे और आद ही से रोग का उपाय होनें लगे तो ऊपर की विधि से यह रोग रु

क जाता है कुत्ता पागल हो या नहो काटे हुये स्थान को कास्टिक से जलादेवे कई जगह कटे हुये स्थान के ऊपर लिगेचर बांधते है कई ओपोटेशन करते हैं ॥

शारीरकचिकित्सा जब के शारीरक लक्षण उत्पन्न हुयें तो उपाय उस का टैटिनस की तरह करेंजैसेअहिफेन क्लोराफारम हाईड्रेट आफ क्लोरल और ब्रोमाईड आफ पुटाशिअम ऐक्सट्रैक आफ इंडिन हैम्प देवें चीप मैन्स आईस वैग में वर्फ भर कर पीठ पर लगावें दूध और शोरा की गुदा में पिचकारी करें और मारफिया की पिचकारी चमड़े के अंदर करें और जब दम बंद होनेंलगे तो लेरिंगाटमी या ट्रेकीआटमी करें पांचवांग्लेंडर्स और फैरसी यह रोग घोड़ों से मनुष्यों को होजाता है जब नाक के म्यूकस मेम्ब्रेण और पास की ग्लैंडस में यह रोग होय तो उस को ग्लैंडर्स कहते हैं और जब शरीर के लिम्फेटिक ग्लैंड्स मे गांठें पड़ जायें तो फैरसी कहते हैं

लक्षण इस का विष ३से १५ दिन तक निष्फल पड़ा रहिता है फिर ज्वर हो जाता है ग्लैंडस सूज जाती है और पीड़ा करती हैं दाने चीचक की तरह चेहरे गर्दन और पेट पर निकलते हैं बाद में यह दाने सख्त होते है फिर गल कर घाव बन जाते हैं नाक की म्यूकस मे

श्लेण रोग में मिले हुई होत्तीहैं और नाक से पीप निकलतीहै चमडे मै सूजन और सलफिंग होजात्ता है हर स्थान पर फोड़े होजाते हैं यहां तक कि यह रोग अंदर के अंगों पर भी होजाता है इस तरह पर लेरिंगज़ट्रेकिआ फिफड़े पलूरा की थैली टैस्टीकलज़ गुर्दे और कई जोड़ दानोंसे भर जाते हैं नाक से पहिले पतली फिर गाहिरी पीप निकलती है चेहरा फूल जाता है चमड़े पर छाले पड़जात्ते हैं शारीरक लक्षण आदहीमें उत्पन्न होते हैं सख्त वेहोशी और निर्वली होत्ती है और पईम्यां की तरह रोगी मर जात्ता है

प्रागनोसिस अगर यह रोगस्ताप्य हो तो ७ दिन के अंदर रोगी मरजात्ता है परन्तु २१ से २८ दिन के अंदर इस की आयु है यदि राज़ी भी होजावे तो घाव वहुत देर के पीछे अच्छा होता है

मरनें के पीछे का वर्णन मसलस ग्लैंडस और फिफड़े पीप से भरे हुये और कई अवस्था में दानों से लदे हुये होते हैं पहिली अवस्था में यह विष घोड़े की नाक की जलोंश से मनुष्य में जाता है फिर यह जलोंश कंटेजिअस होकर दूसरे मनुष्यों को यह रोग उत्पन्न करता है ॥

चिकित्सा रोगी के वल को स्थिर रक्खें ता ज़ी

वायु उस के वास्ते वड़ी अच्छी है निद्रा लाने वाली औषधिओं से दुःख को दूर करें कुनैन और आयरन थोड़ा २ देवें घाव को साफ रक्खें कोंडीज़ फलूईड कारवालिक ऐसिड क्रिओज़ोट के पानी से धोवें नाईट्रेट आफ सिलवर लोशन भी लगावें यदि गले में फैल जावे तो क्लोरेट आफ पुटाश या नाईट्रोम्योरेटिक ऐसिड के पानी से गरारे करावें यदि जरूरत हो तो फोड़े को चीर दें पट्टी जो उस घाव पर लगाई हुई हो उतार कर जला देनी चाहिये और वह रीतीयें जो ईरीसिपलस में जैसे रोगी के साथ वरता जाता है काम में लावें

८ आठवां परिच्छेद

वरन्स और स्कालड्स (वा) अग्निदग्ध (वा) द्रवदग्ध अर्थात् जलना

वर्णन आग से जले हुये को वरन्स और गर्म पानी और तेल से जले हुये को स्कालडस बोलते है ॥

स्थानिकलक्षण पहिले चमड़े के ऊपर सूजन होती हैं और यह फल उत्पन्न होने के सिवाय अच्छी होजाती है और कभी चमड़ा अकड़ जाता है पीड़ा इस में थोड़ी होती है और जलन होती है दूसरा सूजन के वहुत होने से खून का पानी अलग होकर आवले वन जाते हैं और यह आवले खुश्कहोकर अच्छे होजाते

हैं और जब स्रजन बहुत होके पीप पड़जावे तो सख्त घाव रहजाते हैं जो बड़े दुःख से अच्छे होते हैं तीसरे चमडे के ऊपर का पड़दा उड जाता है घाव पीला या भूरे रंग का हो जाता है छोनें से पीड़ा होती है आवले जो इस में पड़ जाते हैं इन में भूरे रंग की खून की जलांश मिलती है थोड़े दिन में यह चमडे का पड़दा अलग होजाता है और उस के नीचे बहुत पीड़ा करनें वाला घाव उत्पन्न होता है चौथे सब हिस्सा चमडे का उड जाता है सीरस मैम्ब्रेण भी थोडी सी गुम्म होजाती है रोगी स्याम बहुत दुःखी होकर तनजाता है और छोन से मालूम नहीं होता आवले नही पाये जाते घाव पर दाग खून के दृष्टि में आते हैं चमडा खिचा हुया मालूम होता है ४ वा ५ दिन के अंदर टुकडा सलफ का स्रजन के कारण अलग होजाता है फिर सीरस मैम्ब्रेण से पीप निकलनें लगती है अेस्र उत्पन्न होते है और बहुत देर के पीछे घाव अच्छा होजाता है पांचवें सीरस मैम्ब्रेण मुर्दार पड़जाता है अच्छी मैम्ब्रेण की जगहै काला फुल सा हुया छिछडा दृष्टि में आता है छठें समस्त अंग मुर्दार पड कर काला होजाता है

शारीरकलक्षण इस में कुलैपस होजाता है शरीर का रंग पीला हाथ पैर जर्द होजाते हैं

नाड़ी तीव्र और निर्वल होती है रोगी २।३ बारी कांपता है और सर्दी से बेआराम बड़ा रहता है जब इस रोग का अन्त बुरा होने वाला होता है तो नीचे के लक्षण दखाई देते हैं कभी मूत्र और दिशा बन्ध होजाती है और रोगी श्वास लेनेके दुःख से और बेहोशी में मरजाता है कभी मौत के पहिले थोड़ासा रीऐकशन होकर मूर्छा होजाता है ॥

प्रागनोसिस यदि बहुत सा हिस्सा चमड़े का जल जावे और छाले पड़ जावें चमड़ा ऊपर से उतर जावे या धड़ या छाती जल जावे तो उस में जान का भय है और पीड़ा के कारण रोगी निर्वल होजाता है परन्तु यह सख्ती से अच्छा है पहिले २ दिन के अंदर रोगी चोट या रीऐकशन अच्छी तरह न होने के कारण दूसरे चोट के पीछे ज्वर होने से रोगी दिमाग फिफड़े और दिलके रोग से मरजाता है तीसरे बहुत पीप निकलने से रोगी निर्वल होकर या पाइसिस का रोग होकर मरजाता है इस रोग में ५वे दिन बड़ा भय है मरने के पीछे का वर्णन मुर्दे के देखने से दिमाग में सूजन के फल दृष्टि में आते है फिफड़े में पतली जलांश मालूम होती है कई जगह यह कहते हैं कि इस में डीओडीनम गल जाते है पेरीटोनाईटस और हैमुरेज होता है ॥

चिकित्सा इस की ४ रीति हैं पहिले हलकी सिमुलेन्ट औषधिआ देवें दूसरे २।३ दिन तक ऐसी औषधिआं घाव पर लगावें जिनसे रोगी की तसल्ली हो तीसरे अंगूर लानें के वास्ते औस्टिमैराट औषधिआं लगावें चौथे रोगी स्थान को सर्दी और वायु और दुर्गंधि से छिपावे जब किसी मनुष्य के कपड़ों में आग लग जावे तो उस के बुझाने के वास्ते किसी मोटे कपड़े जैसे दरी या कम्बल से ढांपें इस से आग आप ही बुझ जावेगी सर्द पानी कभी न लगावें अगर जले हुये कपड़ो को शरीर से उतारना हो तो उन को जलदी से न खेंचें कैंची से थोड़े २ टुकड़े कतर कर उतार लेवें नहीं तो चमड़ा कपड़े के साथ चला आवेगा यदि चमड़ा थोड़ा सा जला हुआ हो और छाले सरवत तनें हुये हों तो उन को सूई से छिद्र करें और कैरन आयल या कारबालिक आयल में लिराट तर करके लगावें फिर उस स्थान पर रुई लगाकर बांधे योग अन बुझे चूने का पानी २ औंस तिल का तेल २ औंस (योग) कारबालिक ऐसिड १ ड्राम २ दिन के पीछे खशखास का तेल १२ ड्राम लैड लोशन या कोई और नीद लानें वाला पानी लगावें या सर्द पानी लगावे कभी रोटी की लुपरी भी लगाते है जिस से पीप उत्पन्न होजावे फिर आक्साईड आफ जिन्क और बाक ऐसाट:

ओराट लगावै दूसरा अगर बहुत सा चमड़ा अ
ल जावे तो तारपीन का तेल गर्म करके लगावें
और फिर यह मलम देवें ॥

योग रैजन ओराटमेराट १ औंस टरपनटाईन
½ आधा औंस कारबालिकऐसिड ओराटमेराट ओ
र कओज़ट ओराटमेराट भी लगाते हैं और घाव
को रुई और फलालैन से ढांपें और घाव में
दुर्गंधि और पीप होवे तो पट्टी को रोज़ बदल
ना चाहिये आयोडीन लोशन लगावें आयोडीन(१)
ड्राम वाटर(१)पाउराट सलफ को कैंची से अ
लग करें अगर घाव बड़ा हो और उसके अच्छा
होने में देर लगे तो स्किन ग्राफटिंग की रीती
करें जब अंग सब गल जावे या घाव उसमें
बड़ा हो कि उस के अच्छा होने की उमेद नहो
तो ऐम्पोटेशन भी करते है ॥

शारीरक चिकित्सा मूर्छा में बरांडी और मास
का जल देवें पीड़ा दूर करने के वास्ते अहिफे
न देवें अगर कबज हो हाज़मे की औषधि दे
वें अगर दिमाग या छाती में सूजन हो तो
उपाय करें जबरोगी के दाहने तरफ पेट में
पीडा हो तो हाईड्रारजराईकम क्रीटा साथ डाईल्यू
ट हाई ड्रो स्यानक ऐसिड को देवें भोजन प
तला और हलका देना चाहिये ॥

आमी घाओं की चिकित्सा यह बड़ी कठन होती है
कभी अंगर बढ़ जाते हैं और पीप बहुत हो

ती है जो घाव को जलदी अच्छा नही होने देती इस वास्ते कि इन अवस्थों में रोगी का भोजन वे लुत्फ वाला या खराब बहुत होता है और उपाय इन घाओं का अंडोलैराट ईरिटैवल अलसर और सलफिंग अलसर की तरह करें कभी घाव के अच्छे होनें के समय चमड़ा एक दूसरे हिस्से से जुड़ जाता है जैसे गर्दन कन्धेके साथ और कलाई भुजा के साथ जुड़ जाती है और गुदा सकड़ जाता है देखो मूर्ति नम्बर (१७)


(१७)

अगर कोहनी के सामनें घाव हो तो हाथ को स्प्लिंट से सीधा रक्खें अगर गर्दन पर हो तो दूसरे कन्धे के साथ स्थिर करें कभी२ घाव को हिलाते और तेल लगाते रहें अगर अंगुलीयां जुड़ जानें का भय हो तो उन को भी अलग रक्खें इस वास्ते लिंट तेल में तर करके उन के बीच रक्खे अगर कोई अंग जुड़ भी जावे तो साई केहक्स को निश्तर से वी

र दें और घाव का उपाय करें कई जराह सुकड़ने वाले अंश उस हिस्से के रगीआं और मांस के साथ जो इन अयोग्य जोड़ में हैं सब काट देते हैं और घाव पर स्किनग्राफटिंग करते हैं यह उपरेशन थोडे से हिस्सा पर करना चाहिये यदि बहुत सा हिस्सा उस अंश का एक ही वारी अलग किया जावेगा तो चमड़ा फिर वैसा ही खिंच जावे गा ॥

नावां परीछेद ९

सर्दी का लगना

वर्णन यदि किसी मनुष्य को सर्दी ऐसी लगे जब वायु चलती हो रात:का समा हो और वह भूखा और थका हुआ हो तो उस को निद्रा चढी आती है और अपने को सम्भाल नहीं सकता और जलदी सोजाता है फिर बेहोश होकर मरजाता है ॥

लछण रोगी का रंग पीला और शरीर सर्द होजाता है नाडी और सांस इतने निर्बल होजाते हैं कि मालूम नहीं होते आंखकीपुतली फैल जाती है अगर सर्दी बहुत लगे तो हाथ पैर अकड़ जाते हैं कभी सर्दी से ऐसे अंग को जो कपड़े सें ढंपे नहीं रहिते जैसे नाक कान हाथ पैर पहिले यह लाल फिर नीले पड़ जाते हैं यह छोने से मालूम नहीं होते और हिलाने से हिलते नहीं इस को फ्रास्टबिटन क

होते हैं यदि सर्दी बहुत देर तक अंगुली और अंगूठे पर लगे या उस के पीछे गर्मी जलदी लगाई जावे तो यह मुर्दार होजाता है यह बात उन लोगों में प्रसिद्ध होती है जो काबल की लड़ाई में गयेथे सर्दी पर जलदी से गर्मी का लगना कभी२ चमड़े की सूजन उत्पन्न करता है जिसको चिलबलेन्स कहते हैं पहिले चमड़ा लाल होजाता है फिर वर्म होती है कभी खुजली और चुन चुनाहट होती है और कभी पीड़ा भी होती है और वह अंग नकम्मा होजाता है छाले पड़ जाते हैं पास का चमड़ा नीला और नाफरमानी रंग का होजाता है और कभी रोगी स्थान गल कर बाहर निकल ता है ॥

चिकित्सा यदि कोई हिस्सा शरीर का सर्दी अर्थात् वर्फ के लगने से ठंडा होजावे तोजलदी से गर्मी न लगावें नहीं तो दुःख होता है पहिले रोगी स्थान को वर्फ से रगड़ें फिर सर्द पानी से २।३ वारी धोवें इन विधिओं को ऐसे स्थानों पर करना चाहिये जहां आग वा किसी प्रकार की गर्मी न हो जब रोगी सर्दी से बेहोश होजावे तो उस के शरीर को फलालेन से रगड़े अमोनिआ शराब सर्द पानी में मिलाकर रोगी को पिलावें जब सांस ठीक होजावे तब गर्म पानी से निहलावें अगर सर्दी से कोई स्थान मुर्दार होने लगे तो पहिले वर्फ लगावें

और फिर अवैपोरेशन की शीशी से तर्दी लगावे यदि यह रोग फैलने लगे तो सर्दी को किसी अवस्था से बंद न करे फिर रोगी स्थान का रेजन आईएट मेराट से तर करके रूई से ढांपें पट्टी को साफ करनें के लिये वदलना चाहिये और उपाप सीनाईल गैंग्रीण की तरह करें ॥

चिकित्सा विलक्सेन्स का कैम्फर लिने मेराट टरपन टाईन लिनेंमेराट की मालश करें यदि चमड़ा सखत होजावे तो आयोडीन और गिलसरीन वरावर हिस्सा मिला कर लगावें वाकी और मछी का तैल देवें अगर छाले पड़ जावें तो ऊपर के लिने मिराट लगावें जब पीप उत्पन्न होकर घाव गलनें लगे तो लुपरी लगावें रिसुलिराट लोशन का मलम बड़ी फल दायक है

दसवां परिच्छेद

तेजाव और खुजली उत्पन्न करने वाली औषधियों का लगना पहिले तेजाव गंधक के लगनें से वह स्थान जल कर काला होजाता है शोरे का तेजाव से उस जगह का रंग पीला होजाता है और लून के तेजाव से वह स्थान खुरदार होकर सपेद होजाता है ॥

चिकित्सा जले हुये स्थान को गर्म पानी से धो डाले फिर गर्म पानी सावुन और कारवुट आफ सोडा से उस स्थान को दो तीन वारी धोते हैं

अगर घाव पड़जावें तो लुपरी और मलम लगावें सर्द पानी के लगाबें से पीड़ा बहुत होती है ॥

दूसरे अलकली अर्थात् खारी औषधियें लाईकार पुटाशी और लाईकार अमोनीआ और कास्टिक पुटाश के लगनें से चमड़ा गल जाता है छाले पड़ जाते है और पीड़ा बहुत होती है ॥

चिकित्सा सिरका में पानी मिलाकर दो तीन वारी धोवें और घाव का उपाय लुपरी और मलम से करें ३रे धातु की औषधिओं कलोराईड आफ जिंक नैट्रिट मुनि और पारा के लगानेसे रोगी स्थान का चमड़ा उड़जाता है ॥

चिकित्सा पारा की औषधिओं का असर दूर करने के लिये अंडा की सफैदी में पानी मिलाकर धोवें ऐसिट मुनी के लिये खाली पानी से धोवे अगर क्लोराईड आफ जिंक से जल जावे तो सज्जी काम में लावें ॥

चौथे नाईट्रेट अफ सिलवर के लगाने से पहिले चमड़े पर छाले पड़ जाते हैं और फिर घाव उत्पन्न होकर वह स्थान गल जाता है पांचवें संखीआ स्थानिक और शरीरक लक्षण उत्पन्न होते हैं ॥

चिकित्सा चूनें के पानी से धोवें या आकसाईड आफ आयरण को पानी मे मिला कर धोवे ॥

पेड़ोके पत्ते और कांटों के लगने से जैसे कांच

फली इस से खुजली होती है और सारे शरीर पर छाले पड़ जाते हैं ॥

चिकित्सा हलका पानी अमोनीआ का या पोज़ लगावे ॥

ग्यारवां परिच्छेद

॥ लाईटनिंगस्ट्रोक (वा) विद्युत्आघात

इस प्रकार की चोटें इस देश में वर्षा काल में होती हैं ऊंचे मकानों और ऊंचे पेड़ों पर बिजली गिड़ती है और इन के बीच से गुजर कर पृथ्वी में चली जाती है खास कर जब यह धातु की वस्तु पर गिरे इस वास्ते मनुष्यों और पशुओं को कई प्रकार के घाव और चोटें होती हैं बहुत से इसी अवस्था में मर जाते हैं ॥

लक्षण बिजली की चोट से जलदी थोड़ी या बहुती मूर्छा होजाती है यह फल कुलैप्स का है और कई अवस्था में छोने का बल चला जाता है और कई में हिलने से रह जाता है कभी खास अंग का काम जाता रहता है और कई में सम्पूर्ण अंग नकम्मा होजाता है कभी मूर्छा देर तक रहती है नीचे के धड़ में ऊपर के धड़ से मेलीसिस बहुत होता है यह पैरेलिसिस कभी सदैवकाल के लिये रहजाता है और कभी ३।४ महीने में अच्छा होजाता है विदित हो कि जो मूर्छा खाली भय से होती है

वह जलदी चली जाती है उस स्थान पर जले हुऐ घाव के निशान पाये जाते हैं लाल जल जाते हैं या झड़ जाते हैं कई प्रकार के घाव चमड़े में होजाते हैं खून निकलता है कभी अंधे और वैहरे होजाते है कई में बोलने रस लेनें और सूंघने का वल जातारहता है कई में यह वल आगे सें बहुत होजाता है और कई मनुष्यों को मोतीआ विंद होजाता है कई पागल और कई नपुन्सक होजाते हैं स्त्रीओं में गर्भ पात होजाता है और कपड़े जल जाते हैं कभी शरीर पर पेड़ो की शाखों और पतों की न्याई चिन्ह पाये जाते हैं यदि रोगी के पास धातु की वस्तु हो जैसे घड़ी अंगूठी तो गल जाती है ॥

प्राग्नोसिस यदि उस समय रोगी न मरे तो अच्छा होनें की उमेद होती है रोगी निर्वली के कारण मरजाता है इस का घाव बड़ी देर से अच्छा होता है असल अवस्था मृत्यु इस में कुलेप्स के कारण होती है दिल के खानें खाली और ढीले पाये जाते हैं कभी खून जम जाता है ॥

चिकित्सा रोगी को होश में लावें सर्द पानी छीड़कें वल वाली और स्टिमुलेण्ट औषधिआं देवें घाव का उपाय वरन्त की तरह करें मैलीसिस के वास्ते तार बिजली लगावें ॥

बारवां परिछेद ॥

पैरीसा[illegible]

पहिलेगिनिवर्म अर्थात् नारवा वर्णन यह गाओ डुम्म सुपेद कीड़े कभी सूत की तरह पतले कभी पर की कलम की तरह मोटे और २ से ६ फुट तक लम्बे चमड़े के नीचे मालूम होते हैं॥१। और कई देशों में यह पाये जाते हैं जैसे बीकानेर और जो लोग झील या तालाव का पानी पीते हैं या उन के अंदर खड़ा होकर काम करते हैं वह इस रोग में पकड़े जाते हैं जब यह कीड़ा छोटा होता है तो चमड़े को छिद्र करके अंदर चला जाता है और सैल्यूलरटिश्यु में १२ से १८ मास तक कोई नुकसान करने के सिवाय पड़ा रहता है परन्तु जब इसके अंदर बच्चे उत्पन्न होजाते हैं तो यह रोज़र बढ़ता है फिर रसौली या रस्सी की तरह ऊंचाई उत्पन्न करता है थोड़े काल के पीछे उस स्थान पर एक फोड़ा या छाला पीड़ा करने वाला उत्पन्न होकर फट जाता है और कीड़े का सिर बाहर निकल आता है बच्चे बाहर निकल जाते हैं यदि यह किसी अवस्था से काटा जावे तो एक प्रकार की जलोश्रा दूध की तरह निकलती है इस की परीक्षा करने से नारुआ के बच्चे दृष्टि में आते है यदि उपाय न किया जावे तो सख्त सूजन और फोड़े उस स्थान पर पाये जाते हैं ॥

चिकित्सा कीड़े को साबत निकालना चाहिये यदि सिर न निकला हो तो निश्तर से उस फोड़े को चीरें कीड़े को कमर से उठा कर लिंकिंग पलास्टर की बत्ती के ऊपर रक्खें और हर रोज़ बत्ती के ऊपर चतुराई से बल देते रहें यहां तक के यह सब साबत निकल आवे टिङ्कचर असाफिटिडा पुलटस के ऊपर छिड़क कर उस के ऊपर हर रोज़ लगावें इस को अच्छी तरह साफ करके रक्खें यदि यह कीड़ा बत्ती पर लपेटते समय टूट जावे तो दुःख बहुत होता है दूसरे स्थान पर फोड़ा उत्पन्न होजाता है और उस जगह से कीड़ा निकल जाता है ॥

दूसरे ऐकीनोकाकिस या हाईडेटिड वर्णन

बारीक कीड़े से वाले खानों के अंदर जिनमें पानी की जलांश पाई जाती है भरे रहते है यह कीसे पड़दे वाले होते हैं इन के अंदर रेत के दानों की तरह पतले अंश पाये जाते हैं और एक दाने में पतली झिल्ली की थैली पाई जाती है और उस थैली मे कीड़े लगे हुये होते हैं माईक्रसकोप से इन पर बहुत से पतले कीड़े दिखाई देते हैं और सिरे पर घेरा पतले दान्त का या कांटों का पाया जाता है यह थैलीआं कभी छोटी संडे के सिरे की तरह और कभी केई इन्च तक लम्बे होते हैं

कभी एक और कभी वहुत से अंगो में पाये जाते हैं जैसे लिवर हड्डी और मांस ॥

लक्षण सिवाय शारीक लक्षणों के चमड़े के नीचे एक वर्म मालूम होता है छिद्र करनेसे कभी पतला पानी और कभी पीप दुर्गन्धि वाले जलांश के साथ निकलती है ऐसी थैली या उस का हिस्सा निकल आता है कीड़े के देखने से इस रोग की परीक्षा अच्छी तरह होसक्ती है ॥

चिकित्सा ट्रैकार और केन्यूला से जलांश को निकालना चाहिये कई जगह क्योजूट की पचकारी करते हैं परन्तु इस से कीड़ा नहीं मरता यदि चमड़े के नीचे हो तो काटकर थैली को निकाल लेवें ॥

तेरवां परिछेद ॥

माईसीटोमा या फंगसफुट ॥

यह रोग वर्मे और मदरास और हिन्दुस्तान के मध्य में वहुत होता है इस मे पैर की तली या हाथ की हथेली के चमड़े के नीचे किसी कारण से फंगस के अंश चले जाते हैं और वह स्थान पल कर रसोलीयां और फोड़े वनाते हैं बाद में रोगी स्थान का चमड़ा सख्त होजाता है फिर यह नर्म होकर छाला वन जाता है उस के फटनेसे एक नासूर उत्पन्न होता है जिस से पतली पीप वहती

पीप निकलती है और रोग बढ़ताजाता है पैर या हाथ सख्त होते जाते हैं नासूर बनते जाते हैं कभी हड्डीयों में छिद्र होजाता है जलांश के साथ फ़ंगस के अंश निकलते हैं यह दो प्रकार का होता है पहिले जिस में काला रंग होजावे यह कभी गोल या कभी अंडे के सरूप के होते हैं बनावट में सख्त और गोली के बराबर बड़े होते हैं दूसरे प्रकार का रंग पीला होता है बनावट नर्म पनीर की तरह होती है और मटर के सरूप के समान होते हैं यह रोग पैर और भुजा के सवाय और स्थानों में भी होता है चरबी का अंश इस रोग में संसर्गी गुम्म होजाता है ॥

चिकित्सा आद में तेजाब और पुलटस का उपाय करें परन्तु फिर उस अंग को अलग करना पड़ता है ॥

चौदवांपरिच्छेद

वेनेरीयल डिज़ीज़ (वा) उपदंश आतशकयाफरंग ॥

यह खास एक प्रकार का विष है जो रोगी के जनरेटिव आर्गेन्स पर घाव की तरह पर उत्पन्न होता है और फिर सब शरीर पर इस के लक्षण मालूम होते है एक दूसरे को पीप के लगने से यह रोग होजाता है इस के दो प्रकार होते हैं पहिले घाव जो जनरेटिव आर्गेन्स पर उत्पन्न होकर सख्त लक्षण उत्पन्न

करते हैं जिन से रोगी को बड़ा दुःख होता है और पीप उन का कंटेजिअस होताहै इस को साफ्टशंकर कहते हैं दूसरे उस प्रकार के घाव जिन के लक्षण आद में थोड़े होते हैं और फिर थोड़े काल के पीछे शारीरक लक्षण इतनें सखत होते हैं कि उन से रोगी का बचना मुशकल होजाता है ॥

पहिले साफ्टशंकर (वा) मेढ्ररोग इस को सप्पूरेटिंग सौर या शंकरायड या लोकलकंटेजिअस अलसर अर्थात् नर फरंग भी कहते हैं

वर्णन यह खाली जनरेटिव आर्गन्स में एपस के गिर्द और उस के चमड़े के अंदर हो होता है इस का विष यदि चमड़े में असर नहीं करता है परन्तु पीप के लगंतेही घाव उत्पन्न होते हैं

लक्षण पीप के लगनें के पीछे २४ घण्टे के अंदर वह स्थान लाल होजाता है दूसरे तीसरे दिन वर्म होकर फुन्सी वन जाती है जिस में तीन चार दिनमेंजलांश पड़ जाती है और नोक उसकीकाली होती है इस के गिर्द लाल घेरा पाया जाता है ४।५ दिन इस में पीप उत्पन्न होकर छठे दिन घाव वन जाता है यह घाव गहिरा और पीप इस से वहुत निकलती है और पीड़ा वहुत होती है चारो तर्फ घाओ के वर्म होता है यदि तेजाव न लगाया जावे तो सरदत

नही होता अवधि इस घाव की २१ दिन से २ मास तक है कभी इस के साथ बीबोभी होजातीहै जिस से पीप निकल कर साफ़्शंकर की तरह घाव रहजाता है अगर पीप बीबो के बीच से निकाल कर अरोग चमड़े में डाली जावे तो वैसा ही घाव उत्पन्न होसकता है इस का विष खून में मिल कर दूसरे अंगो को रोगी नही करता ॥

रहिनेकीजगह यह रोग मर्दों में ग्लेन्स पीन्स की जड़ फ्रएज़ और फीनम के चमड़े के अंदर ग्लेन्स के ऊपर पीन्स के मुख में कभी लिंग की नाली के अंदर यहां तक कि मसाना और पीन्स के चमड़े पर पाये जाते हैं स्त्रीओं में यह रोग लेबीआ मनोरा के अंदर भगा की म्यूकस मैम्ब्रेन पर और कभी एडस के मुख पर. पाया जाता है परीक्षा इस रोग की दूसरे रोगो सें अच्छी तरह लिखी जावे गी ॥

परकार साफ़्शंकर के घाव यह एक या दस से बहुत गोल कटे हुऐ घाव ग्लेन्स के पास पाये जाते है और बड़ी जल्दी चारो तर्फ फैल जाते है और कभी २ बड़े अंगूर उत्पन्न होकर लिंग पर वर्म कर देते है ॥

चिकित्सा शोरे के तेजाबसेघाव को जला देना चाहिये जलानें की विधि आगे लिखी जावेगी पहिले घाव २ दिनसे बहुत पुराना न हो दूसरे

सूजन उस में उत्पन्न हुई हो तीसरा एप्यूस के चमड़े के किणारे परहो नहींतो अगर घाव पुराना वड़ा और ग्लैन्स के पास हो तो जलाने से कुछ फल नहीं होता है कभि पुप्यूस के चमड़े को घाव के साथ हि काट देते हैं ॥

जलानें कीरीती पहिले घाव रूई से खुशक करें फिर छोटे से तिन के तेजाबों में तर कर के घाव पर लगावें यदि खरीड उतरने के पीछे घाव वड़ता जावे तो फिर तेजाव लगावें यदि घाव का जलाना अच्छा न हो तो नीचे की औषधिओं का योग देवें (योग) टैनिक ऐसिड आधा ½ ड्राम रैकटी फाईड सपिर्ट १ ड्राम पानी ४ औन्स सव को मिलावें (२) कैटेक्यू अर्थात् कत्था १ ड्राम पानी १ औन्स मिला कर घाव पर लगावें (३) कारवालिक ऐसिड १ ड्राम पानी २५ ड्राम (४) सलफेट आफ जिङ्क २० ग्रेण पानी ८ औंन्स (५) हीराकसीस ८ ग्रेण पानी ८ औन्स इनमें से किसी के अंदर लिण्ट तर करके घाव पर लगावें और घाव की रक्षा करें कि पीप अरोगय चमड़े में न लग जावे जलाव देवें पीड़ा दूर करनें के वास्ते अहिफेन और कुनैन देवें भोजन जलदी पचनें वाला देवें आईडोफार्म छिड़के ॥

सलफिंग शांकर वा गलित उपदंश रोग ॥

यह सूजन के कारण उन मनुष्यों को होता है

जो बहुत मलीन रहते हैं और शराब पीनें से बहुत निर्बल होजाते हैं ऐसी अवस्था में लिंग पर वर्म होकर चमड़ा गलजाता है और खून निकलता है शारीरक लक्षण भी इस में होते हैं कभी काले रंग के छिछड़े निकल कर गैंग्रेण होजाता है और अंग गल जाता है ॥

चिकित्सा यदि एफ्लूज़ के चमड़े के मलीन होने के कारण हो तो उस को काट डालें हल के कबज़ अर्थात् खुराक करनें वाले जुल लगावें और जुलाब देवें पीड़ा दूर करनें के वास्ते अहिफेन और वर्म दूर करनें के लिये सर्द पानी लगावें और घाव का उपाय करें अगर गैंग्रेण होजावे तो पुलटस लगा कर मुर्दार हिस्सा को अलग करें अगर खून निकले तो ऐक्चुअल काटरी से बंध करें बाकी उपाय सलफिंग फैजेडीन्या की तरह करें ॥

फेजेडीनक शांकर वा क्षयकारी उपदंशवत

लक्षण इस के फैजेडीना और सलफिंग फैजेडीना की तरह जिसका वर्णन घाव के ब्यान में होचुका है होते हैं कभी २ जैनरेटिव आर्गेन्स के हिस्से गल कर झड़ जाते हैं और कभी घाव रान और पेट पर फैल कर इधर अच्छे होते जाते हैं और उधर बढ़ते जाते हैं इन को सराफी जीनस अलसर बोलते हैं सलफ जो इस में निकलता है वह कभी काला

और कभी सुपैद रंग का होता है और कभी सलफ़ नहीं होता ॥

चिकित्सा बल वाली औषधिओं से करें जैसे पुटासी टारट्रेट आफ़ आयरन २ ग्रेण दिन में ३ वारी देवें ओपीअम लोशन् लगावें कई वारी तेज़ाब भी लगातें हैं ॥

शारीरक चिकित्सा की कुछ जरूरत नहीं होती इस वास्ते कि यह विष शरीर के अंदर परवेश करके सिफ़लिस की न्याईं शरीर के लक्षण उत्पन्न नहीं करता और नर सिफलिस की उत्पत्ती में पारे वाली औषधिएं जैसे क्लोराईड आफ मरकरी आयोडाइड आफ मरकरी वरतें फेजेडीनीआं और सिलफिंग की अवस्था में पारे का वरतना मनां है फौलाद कुनीन और सारसा पेला और अमोनीआं और जब जरूरत हो तो सिद्ध लेएट दवाई को वरतें और नर आतशक में यह रोग होते हैं (प्रथम) सैकेंड्रैक्स इस में घाव के अच्छा होने के पीछे सख्त होजाते हैं और चमड़ा खिंच जाता है वागी कि जिस का वर्णन आगे किया जावेगा वारटिस अर्थात् (मस्से) इन का भी वर्णन आगे आवेगा दूसरे सिफलिस या शारीरक फरंग या वादफरंग या मादीन आतशक यह एक प्रकार का शारीरक रोग है जिस में यह विष खून के अंदर परवेश करके रंग रंग के रोग उत्पन्न करता है और तीन तर

ह मनुष्य इस में पकड़ा जाता है परन्तु मवाद का किसी घाव अथवा छिले हुऐ स्थान पर लगना विष का कई जलांशो के साथ मिल कर शरीर के अंदर प्रवेश करना या पिता पिता महा से हासल होना इस की जमायतें हैं (प्रथम) प्रामरी सिफलिस जिस को हार्ड शंकर भी बोलते हैं जिस में विष के लगनें के स्थान पर घाव पैदा होजाते हैं चमड़ा सख्त होजाता है और नज़दीक के लैम्फैटिक ग्लैड में वर्म होजाती है दूसरा सेकंडरी सिफलिस इस में कई तरह के चमड़े के रोग होजाते हैं म्यूकस मैम्ब्रेण में सूज़स होजाती है पेरिओसटिअम और हड्डीओं और आंख से आद लेकर इस रोग में शामल होते हैं यह अवस्था २ साल के अंदर होती है और दूसरी कुछ काल वतीत करके फिर होनें लगता है तृतीय टरशरी सिफलिस इस में विष प्रवेश करता है और सूजन भयानक प्रकार की होती है और इस के साथ निर्बली भी होती है ॥

कारण (प्रथम) आतशक वाले रोगी के साथ मैथुन करनें सें लिंग पर या भग पर घाव हो जाता है (दूसरा) दाईओं को अंगुलीओं पर ऐसी स्त्रीओं को बच्चा जनानें समय होजाता है जिन स्त्रीओं को सिफसिल का रोग होता है (तीसरे) जिव्हा और होठों पर तब होता है जब किसी

आतशक वाले रोगी के बरतन में पानी पी ले या उस का मुख चुम्बन करने से यह रोग होता है चौथे) दूध पिलाने वाली दाईके कुचों पर तब होता है जब बच्चे के मुख में यह रोग हो और बच्चे के मुख में भी यह रोग इस तरह पर होता है कि जब दाई के कुचों पर यह रोग हो ॥

पांचवें टीका करने के समय मवाद लेकर आतशक वाले बच्चे से लिया जावे तो यह रोग हो सकता है छठे सिफलिस वाले रोगी के बिस्तरे पर। सोने से भी होसकता है आतशक का मवाद भावे। किसी तरह से लग जावे हर एक स्थान पर असर पैदा करता है और यह रोग पिता मातादिसे होता है यदि मवाद प्राईमरी सेकंटेरी और टरशरी सिफलिस से किसी मनुष्य को लगाजावे तो लक्षण आतशक के उत्पन्न होगे अगर खून किसी आतशक वाले रोगी का तंदुरुस्त आदमी के चमडे में दाखल करें उस को भी इस के लक्षण पैदा होजाते हैं

भेद १: प्रथम प्राइमरी सिफलिस वा प्राथमिक उपदंश इस को हार्ड शंकर भी बोलते हैं ॥

वर्तीन आद में इस के लक्षण पैदा होते हैं इस का घाव योनि या लिंग पर होता है परन्तु इन स्थानों के बिना अंगुलीयों और होठों पर भी होता है और जराहों का ऐसा ख्याल है कि इस का वि

व शरीर के श्रंदर मिल कर कुछ काल तक वे श्रसर पड़ा रहता है श्रौर २से ५हफते के श्रंदर छूत के पीछे इस का घाव निकल ताहै श्रौर कई जराहों का ख्यालयह है कि यह घाव थोड़ा होता है श्रौर रोगी को मालूम न हीं होता ॥

लक्षण श्रौर घाव कई प्रकार के होते हैं कभी एक फुंसी होती है श्रौर कभी चमड़े ऊपर ऊंघान पाया जाता है या चमड़ा उस स्थान का उखड़ जाता है श्रौर कभी छोटा सा घाव होता है परन्तु कनारे इन सब घाव के कुरी की तरह सख्त होते हैं सूजन कम होती है वद्दे के गलैंडस सख्त श्रौर फूल जाते हैं परन्तु पीड़ा नहीं होती पीप कम श्रौर पतील होता है पीप के दाने इस में नहीं पाय जाते एक घाव चमड़े पर होता है जो १ डेढ मास के श्रंदर स्वयं श्रच्छा होजाता है परन्तु श्रच्छी तरह पर नहीं होता इस वास्ते कि यह घाव दूसरी वारी निकल सकता है घाव के सख्त होजाने के पीछे यदि पीप सिफलिस का लग जावे तो नया घाव नहीं वनता परन्तु जब घाव से पीप भी निकले तो जलांश इन घाव का कंटे जीयस होता है इर्द गिर्द का चमड़ा सख्त होजाता है श्रौर यह सख्ती २ मास तक रहती है इंगुनल ग्लैंडस पर वर्म सख्त होजाती है यदि रोगी निर्वल हो तो सारे शरीर के ग्लैंड्स पर वर्म होजाता है ॥

चिकित्सा इस रोग में तेजाब न लगाना चाहिये इस वास्ते के यह घाव पहिले आप हि ४½ महीने के अंदर अच्छा होजाता है और रोगी को इतना दुःख नहीं देता पारे की औषधियां वर्तनेसे घाव तो अच्छा होजाता है परन्तु अभी यह बात मालूम करने वाली है कि इस से शारीरक लक्षण बंद होते हैं या नहीं जैसे बलैक्वाश केलोमिल आइंटमैंट मिराट कैलोमल की धूनी और अंदर भी देना चाहिये यदि किसी प्रकार की सूजन इसमें हो तो पारे को बंद करें **परीक्षा** इस रोग का विष ३ हफते से ६ हफते तक बाहर के लक्षण उत्पन्न करने के सिवाय शरीर के अंदर छिपा रहता है इस वास्ते जराह को परीक्षा अच्छी तरह नहीं होती इस की पीप छोटे२ घावों और डूंघानों के बीच में जाकर अपना असर उत्पन्न कर सकता है जैसे यदि अंगुली में विष चला जावे तो कोहनी के ऊपर और यदि होंठ पर हो तो जबड़े के नीचे की गैलैंडस पर वर्म होजावेगा ॥

पहिले परीक्षा बीच लोकल कंटेजियस अलसर और सिफलिस के साफ्ट शेंकर मुकस मैम्ब्रेण पर होता है और इस के घाव एक से बहुत होते हैं शारीरक लक्षण इस में वह नहीं होते इंगुनल गैंडस वर्म वाले और संख्त नहीं होते यदि वीबो भीहो तो एक होती है और इस में पीप उत्पन्न

होजाती है जिस रोगी को इस का विष लगे उसको उस को भी साफटशंकर होता है और शारीरक लक्षण नहीं होते सिफलिस में इस के उलट घाव थोड़ा और हर स्थान पर होता है चमड़ा सख्त होता है पास की ग्लैंडस पर वर्म होता है पीप इन में थोड़ी होती है शारीरक लक्षण अवश्य होते हैं जो बड़े कठनता से रोगी का पीछा छोड़ते हैं। नीचे के रोगों से इस की भी परीक्षा करनी पड़ती है ॥

पहिले वैलि नाईटस अर्थात ग्लैंडस की सूजन पहिले सूजन होकर चमड़ा उखड़ जाता है और पीप के साथ ही ऐपिथीलियम के येश बाहर निकलते है यह मैलापन और बद हज़मी के कारण से भी होता है कभी लक्षण सख्त होते हैं तो इस अवस्था में तप पीड़ा और वर्म होता है यदि इस की सिफलिस के रोग से परीक्षा करनी हो तो इन लक्षणों को सुख रक्खे पीप इस में गिहरा और पीड़ा किसी खास स्थान पर नहीं होती ॥

चिकित्सा रोगी स्थान पर फटकड़ी का पानी लगावें फिर घाव को आकसाईड आफ़ जिंक या विसमत या बूराक रुई से ढंपे यदि सूजन हो तो चूनें का पानी लगावें जब सूजन दूर होजावे तो लोशिव सबली मेट (१) ड्राम चूने का पानी १½ औंस दोनों को मिला कर लगावें अगर २।३ दिन तक अच्छा न

हो तो नाईट्रेट आफ सिलवर लगावें जब लक्षण सखत होजावें तो गर्म पानी की पचकारी एपूज़ के नीचे करें ॥

दूसरे छोटेर दाने ग्लेन्स के गिर्द दृष्टि में आतेहैं जो एक तर्फ से अच्छे होते हैं और दूसरी तर्फ से उत्पन्न होते जाते हैं परन्तु इन में पीड़ा और घाव नहीं होता ॥

चिकित्सा बलेकवाश कापर लोशन लगावें ॥

तीसरे, हरपीज़ एपूशि एलस आर में बहुत खुजली और गर्मी होती है रोगी स्थान पर लाल दाग़ दृष्टि में आते हैं और उन पर बारीक फुन्सीयां उत्पन्न होकर तीसरे दिन पीप से भरजाती हैं यदि यह एपूज़ के नीचे हों तो ४।५ दिनमेंघाव बन जाता है यदि उस पर कास्टिक लगाया जावे तो घाव शंकर की तरह सखत होजाता है और यह स्वयं १५ दिन के अंदर खुशक होजाता है ॥

कारण मैलापन हाजमें की खराबी और कोई मूत्रका रोग ॥

चिकित्सा लिएट को लैड लोशन में तर करके लगावें जलाब देवें ॥

चौथे सराईसिस एपूशियाई **लक्षण** रोगी स्थान पर पीड़ा और खुजली होती है और एपूज़ के कनारे फट कर खून निकलता है ॥

चिकित्सा डाईल्यूट सिटरीन आईए मैंएट लगावें औ

र फौलरस लक्षन खुलावें यह चमड़े के रोग अपने२ लक्षणों के कारण शंकर से परीक्षा हो सकती है ॥

पांचवे वीवो **वर्णन** यह चट्टों की अवजार विंग में उस की सूजन है और यह सिफलिस और ग्रोरिआ के साथ कभी चोट और केई प्रकार के रोगों अर्थात सख्त फ़ला से भी हो सकती है ॥

परीक्षा जो वीवो साफट शंकर के कारण होती है वह एक होती है और उस में पीप पड़ जाती है और जो सिफ लिस से होती है वह एक से बहुत और सख्त होती है पीप उस में थोड़ी होती है सिफ लिस या ग्रोरिआ की वीवो स्पाई लिगे मैण्ट के ऊपर तिरछे तरह पर होती है और चोट की वक्त लिगे मैण्ट के नीचे सीधी होती है ॥

लक्षण सख्त वह के सख्त फोड़े की तरह होते हैं रोगी को तप कांस और पीड़ा होती है ग्लैंडस पर वर्म होजाती है उस स्थान का चमड़ा पतला और लाल होजाता है पीप निकलती है यदि यह फंकसापड के कारण हो तो ग्लैंडस के अंदर पीप उत्पन्न होकर शंकरायड की तरह घाव होजाता है घाव के कनारे खुरदरे और ऊंचे होजाते हैं और जो पीप निकलती है वह कंटेजिअस है अंडो लेण्ट वीवो यह सख्त फसलस मजाज वाले या निर्वल मनुष्यों को होता है हार्ड शंकर की वीवो इसी प्रकार

की होती है और वहुत से सैंडस पर वर्म होजाते हैं कभी पीप भी उत्पन्न होजाती है परन्तु लदगा फोड़े होते हैं कभी सिफ लिसमेघाव उत्पन्न होने के सिवाय सैंडस पर वर्म होजाता है कभी घाव भी वीवो का फैल ता है एक तर्फ से अच्छा होता जाता है और दूसरी तर्फ फैल जाजाता है इसी तरह से रान पेट इलियम पर घाव होजाता है इस को करी पिंग वीवो कहते है और सैंड़स वहुत काल तक फूले रहते हैं कमर से चमडा गल कर ऐक वड़ा घाव वन जाता है ॥

चिकित्सा सख्त फोड़े की तरह करें रोगी को आराम से रक्खें जलाप देवें जोकें लगावें जव सूजन के लक्षण कम होजावें और वर्म वरावर रहे तो टिंकचर आयोडीन या नाईट्रेट आफ सिल वर लोशन या वलिस्टर लगावें और फिर गद्दी लगा कर वाध देवें और वल वाली औषधिआं देवें और जव पीप उत्पन्न होजावे तो तिरछे तरह पर फोड़े में चीरा देवें और वाहर का चीरा वड़ा होना चाहिये दो तीन दिन के पीछे लिराट को नाईट्रेट आफ सिलवर लोशन में तर करके सलाई से घाव में डालें कभीर कापर लोशन लगाते है और घाव का उपाय रीती से करें जव यह रोग पुराणा होजावे तो औषधिआं और भोजन वल वाला देवें आयोडीन लगावें जव नासूर वन जावे तो निसतर से चीर

दें और यदि नासूर छूटे हों तो कास्टिक पुटाश या आयोडीन से जला देवें कभी कास्टिक की बत्ती भी लगाते हैं कभी घाव पर रैड्ड प्रैसिपिटेट आफ मरकरी १ ग्रेण छिड़क देवें कई जराह घाव के लाल चमड़े को कत्तर देते हैं अगर रोगी बलवाला हो और ग्लैंडस पर बहुत काल तक वर्म रहे तो काट कर निकाल देते हैं ॥

छठे पैरा फाईमो सिस वर्णन इस में एप्लुज पीछे को मुड़ जाती है और ग्लैन्स पर नहीं आसक्ता . और वर्म होजाता है ॥

कारण बच्चों में या उन मनुष्यों में जिनका एप्लुज़ कम हो एक दफा हटने के पीछे ग्लैन्स पर नहीं आता और पीछे फस जाता है ॥

चिकित्सा लाई क्वार प्लम्बाई डाई असि टेटस डाईल्यूट करके लगावें अगर फल न हो तो जराह ग्लैन्स पर तेल लगा कर दबावें और फिर उस को लिंट से ढांप कर एक हाथ की अंगुलीओं से पीछे की तरफ हटावें और दूसरे हाथ से एप्लुज़ को सामनें खैंचें यदि चमड़ा सामने न आवे तो पास्र विसिरी से एप्लुँज़ को काटें जब यह वर्म पुरा होजावे तो टिंकचर आयोडीन लगाते हैं ॥

सातवें फाई मो सिस वर्णन एप्लुज़ सामनें की तर्फ मुड़कर ग्लैन्स को . ढाप लेती हैं और पीछे को नहीं हटती मूकस मैम्बेरा मोटी होकर चमड़े से

जुड़ जाती है ॥

प्रकार पहिले कंजैनेटल फाईमोसिस इस में पीनस छोटा होजाता है ग्लेन्स बढ़ नहीं सकता चमड़ा ढीला होता है परन्तु प्यकस में छेद ग्लेन्स की तंग और खिची हुई होती है और इस कारण से एपज़ पीछे नहीं होता बालकों को बड़ा दुःख होता है कभी मूत्र बंद होजाता है और कभी पत्थरी के लक्षण उत्पन्न होते हैं कभी मूत्र ग्लैन्स के गिर्द एकत्र होकर चमड़े में थैली बनाता है कभी बालकों को प्रैलिसिस होजाता है और कभी कोरिया और स्पैजम होते हैं यदि बड़ी आयु तक रहे तो इम्पोटेन्सी अर्थात् नमर्दी का बड़ा कारण होता है दूसरे एपज़ की सूजन के कारण गोनोरिया और सिफलिस से यह रोग होजाता है ॥

लक्षण आद में मूत्र हंदर आता है और फिर बंद हो जाता है और एपज़ के नीचे एकत्र होजाती है रोगी के ग्लैन्स में सूजन होजाती है कभी निर्बल मनुष्यों में रोग ऐपीथीलिओमा होजाता है और सिफलिस में घाव के कारण दुःख बहुत होता है कभी यह रोग घाव के सुकड़ जाने से भी होता है ।

चिकित्सा यदि छिद्र हो तो उस में गर्म पानी और गलिसरीन की पचकारी करें स्पंज या कपड़े की बत्ती बना कर अंदर डाल करके छिद्र का खोले या फारसिप्स को अंदर डाल करके फलों को अलग करें

रें प्रप्यूज़ का चमड़ा फट कर छिद्र खुला होजावेगा और वलैकाश की भी पचकारी करते हैं यदि रोग अच्छा न हो तो काट डालें इस की दो रीति हैं ॥ पहिले या तो प्रप्यूज़ को जुड़े हुए स्थान से काटें दूसरे या तो उस की एक तर्फ़ में चीरा दें पहिली अवस्था के वास्ते रोगी को क्लोराफारम से बेसुद्ध करें और प्रप्यूज़ को जितना होसके सामनें खेंचकर ड्रैसिंग फारसिप्स के फलों में चमड़े को स्थिर करें फिर छुरी सें फारसिप्स के पीछे तनें हुए चमड़े को काट डालें फिर म्यूकस मेम्ब्रेण को भी ग्लैंस की गर्दन तक कैंची से कतरें जवान मनुष्यों में चमड़े और म्यूकस मेम्ब्रेण को टांकोंसे सीदेते हैं जिस से यह जुड़ जावें और ग्लैन्स को न ढांपें परन्तु बालकों में टांके नहीं लगाते दूसरी अवस्था में डारेक्टर अर्थात् नाली वाली सलाई को ग्लैन्स और प्रप्यूज़ के बीच डाले और फिर एक टेढ़ी छुरी जिस से शार्प पुऐनटिड करवड विस्टूकहिते हैं डाईरैक्टर की नाली में रख कर चमड़े को काटें और टांके लगावें घाव पर सर्द पानी डालें ४।५ दिन टांके ठीक कर घाव का उपाय रीति सों करें बालकों में चमड़े को सामनें की तरफ खेंच कर एक बारीक छल्ले में से निकाल देवें और छल्ले को पीछे ग्लेन्स पीन्स तक हटावें अब चमड़े को छल्ले के सामनें विस्टरी से तिर्छी तरह पर काटें जवान मनुष्यों में खून

वंद करने के लिये पीन्स के गिर्द लिगेचर वांधदेते हैं या इप्यूज़ के चमड़े को कलेम्प में फसा कर आरहरीफारसिफस सेसाम्नेखेंचत्ते हैं फिर कैंची या विसदरीके साथ कलेम्प के सामने से चमडे को काट देते हैं ॥

दूसरी प्रकार सैकंडरी सिफलिस(वा)द्वितीय उपदंश रोग शारीरक लक्षण रोग वाद फरंग के सैकंडरी वह अवस्था रोग शंकर की है जिस में एक थोड़ा सा अंश उत्पन्न होकर कहीं सख़्त और कहीं नर्म होकर घाव उत्पन्न करता है और रक्त ख़राव होकर निर्वली होजाती है ॥

लक्षण पराई मरी सिफलिस के ६ हफते या ६ मास और कभी कई साल पीछे इस रोग के लक्षण उत्पन्न होते हैं रोगी चेहरा पीला सुस्त और सिर पर पीड़ा होती है और जोड़ों में दर्द होता है और पपोटों के कनारे लाल होते हैं और चमडे पर खास कर हथेली और छाती के ऊपर गोल लाल दाग तांवे के रंग के दृष्टि में आते हैं और इन को वला चिन्ह कहते हैं होंठ तालू और गले के अंदर वलंदीआं और सिर पर फुन्सीआं निकलती हैं और गिलटीआं वड़ जाती हैं वाल झड़ जाते हैं फिर अंदर के अंगों अर्थात तिली गुर्दे लिवर में विष असर कर जाता है और मनुष्य मर जाता है कई रोग जो इस के कारण से होते हैं

नीचे लिखे जाते हैं ॥

पहिले चमड़े के रोग सिर भवां और पलकों के बाल फट जाते हैं नखों से छेलके उतर जाते हैं और इन की जड़ों में घाव हो जाते हैं चमड़े पर छिलके और लाल धब्बे होजाते हैं जिसे सिफलिटिक सुराईसिस कहते हैं यह हाथ और तन के अंद्र टैरिकलज हथेलीओं और तलिओ पर पाये जाते हैं होठो पर घाव होजाते हैं कभी छोटी फुन्सीआं पानी से भरी हुई दृष्टि में आती हैं इस को सिफलिटिक ऐग जीमा बोलते हैं कभी चमड़ा मोटा हो कर लाल दानें बन जाते हैं और छिलके उतरनें लगते हैं फिर तांबे के रंग के घाव होजाते हैं इस को लैपोय सिफलेटीका बोलते हैं चिपटे घाले चमडे पर हो कर थोडें काल में पीप से भर जाते हैं और फिर खुशक होकर पड़दे वाले छिलकों में बदल जाते हैं इन छिलकों के नीचे घाव होती है इस को सिफलिटिक रुपीआ कहते हैं कभी पीप से भरी हुई फुन्सीआं चमड़े पर होती हैं इस को सिफलिटिक ऐकथीमा कहते हैं सिफलिटिक ट्यबरकल थोड़े लाल तांबे के रंग की बलंदीआं नाक की नथनो के पास और गालों के ऊपर उत्पन्न होती हैं और इन से पीप निकल कर गेहरे घाव बन जाते हैं और खुशक होकर चमडे में सख्ती और खिचावट उत्पन्न करते हैं ॥

दूसरे म्यूकस मेम्ब्रेण के रोग पहिले कोंडा लोमा यह जहां चमड़ा और म्यूकस मेम्ब्रेण मिलती है या चमड़े के साथ रगड़ खाने से उत्पन्न होता हैं यह सखत टुकड़े म्यूकस मेम्ब्रेण की तरह लाल और तर होते हैं और इन से पतली बदबू वाली पीप निकलती है मर्दों में गुदा और टैस्टिकलज़ के पास और स्त्रीयों में जनरे टिव आरगेन्स और स्तन के स्थान पर होते हैं कभी होंठ और तालू और नथनों के पास भी पाये जाते हैं इस का पीप कंटेजियस होता है ॥

तीसरे सिफलिटिक सोरथ्रोट (वा) औपदंशिक कण्ठाघात इस में रविला तालू म्यूकस मेम्ब्रेण का ऊपर का पड़दा छिल जाता है रोगी स्थान लाल होकर फूल जाता है जिह्वा और होंठ तक सूजन पहुंच जाती है रवला पर एक गिहरा घाव निकलता है और वह दुर्गंधि वाला और पीले रंग का होता है करा इस का उभय रुखा और वर्म वाला होता है रोगी एक नरासे ढंग से बोलता है और कानों में पीडा होती है घाव के गल जानें से घाव का रंग मिट्टी का सा होजाता है पास की म्यूकस मेम्ब्रेण नीली और वर्म वाली होजाती है अगर यह घाव जिह्वा के नीचे हो तो लिंगुअल आरटरी कट कर खून निकलने लगता है ॥

चौथे सिफटिक अलसरेशन् आफ़ नोज (वा) औपदंशिक

नासिका क्षत इस में नाक मुख और तालू के म्यकस मैम्ब्रेन में पहिले घाव होता है फिर पेरी आस्टियम गल कर हड्डी गलनें लगती है फिर नाक बैठ जाता है सख्त और नर्म तालू में छिद्र होजाते हैं रोगी नाक में बोलता है भोजन नाक में निकल आता है और हड्डी के टुकडे पीप के साथ जो वहुत खराब होती है निकलते हैं ॥

पांचवें सिफलिटिक अलसरेशन आफ लेरिंगस (वा) वायुपथ औपदंशिक क्षत इस रोग में लेरिंगस की कुरी गल जाती है रोगी को गले के स्थान पर पीडा होती है और गला वैठ जाता है वोल नहीं सकता स्वासों में दुःख होता है वलग़म खून से मिली हुई पीप वाली निकलती है शरीर का वल कमर से जाता रहता है जव घाव सुकड़ने लगते हैं तो दम वंद होकर रोगी मरजाता है ॥

छठे सिफलिटिक डज़ीज़ (वा) अस्थिगतौपदंशिक रोग आफ पेरि आस्टियम् ऐण्ड वोन यह ऐसी हड्डीयों पर जो चमडे से ढपी हुई हैं जैसे टिविया अलना स्टरनम कलैवकल में उत्पन्न होता है ॥

लक्षण आद में वह स्थान फूल जाता है और थोडा सा दर्द होता है परन्तु जेर रोग वढ़ता जाता है तेर पीडा वहुत होती हिजाती है यह पीडा खास कर रात को वहुत और अस्थि में होती है कभी पेरी आस्टियम पर गोल वर्म होजाते हैं जिसे (

नाइस कहत्ते हैं वर्णन इस का आगे होगा कभी पीप उत्पन्न होकर हड्डी के टुकड़े निकलत्ते हैं या सुर्दीर पड़ जाते हैं कभी हड्डी में पीप उत्पन्न होकर रसौली वन जाती है ॥

सातवें सिफलिस कई फैंक मसलस और लिगेमैण्ट पर इस के अंदर एक प्रकार की रसौलीआं उत्पन्न होति है इन को गमेटा वोलत्ते हैं इन में रात के समय पीडा होती हैं और कभी इन में सूजन होकर घाव पड़जाते हैं कभी कार्ई अस्तिथ में वाद फरंग का पीप अंदर जा कर सिफलिटिक रूमाटिजम उत्पन्न करता है ॥

आठवें अलसरेशन आफ दीरैकटम (वा) गुह्य व्रत्त॥ गुदा से घाव होकर वड़ी आंड़ों के अंदर फैल जाते हैं कभी २ सट्रिकचर होजाता है अंदर और वाहर घाव फैल जाता है ॥

तीसरी प्रकार टरशरी सिफलिस (वा) तृतीयोपदंश। अर्थात् अंदर के अंगों पर वादफरंग का असर। असल में सैकंडरी और टरशरी में इतना भेद नहीं है इस में खून की कमी के कारण रोगी को अनीमीआ अर्थात् मुस्स पाईस सिलवर के रोग तिली के पक्वाशय पेङ्करीज़ ड्रापसी पैरालिसिस और कई प्रकार के दिमाग़ और स्पाईनल कार्ड और अंदर के अंगों के रोग उत्पन्न होते हैं इस रोग में एक थोड़ा सा अंश शरीर की हर बनावट में उत्पन्ने

होजाता है और कई अंगों में कई प्रकार के रोग उत्पन्न करता है यह अंश पहिले अंग की बनावट को सखत करता है फिर टूट कर घाव बन जाते है यदि अंश फिर गुम्म हो जावे तो कल्यान की उमेद होती है नहीं तो पीप बन जाती है निर्बल मनुष्यों में यह रोग अंदर के अंगों पर जलदी होजाता है यदि बहुत काल तक रहे तो भी विसरा के रोग होने का भय है ॥

घोड़े के बाल यां भुसा बराबर भरकर उनके मुख को आलपेन से बंद कर देवें गद्दियों की लंबाई और चुड़ाई स्प्लिण्ट के बराबर होनी चाहिये गद्दी का वोह हिस्सा जिस पर आलपीन लगी हुई है तख्ती के अंदर होनी चाहिये अब गद्दी वाली स्प्लिण्ट को बेण्डेज या चौड़े टुकड़े स्टिकिंग प्लास्टर यां बकसुवे वाले फीते के साथ टूटे हुवे अंग को स्थिर करें जब येह भली प्रकार बांधा जावेगा तो येह न तो बहुत सख्त और न ढीला होगा रोगी को जल्दी आराम मालूम होगा अगर हाथ पर चोट हो तो स्लिंग और पाद के क्रेडल मे लटकावें स्प्लिण्ट अर्थात् लकड़ी की तख्तियां कई प्रकार की होती हैं जैसे पिस्तोल की तरह कोहनी की और लम कोण के स्वरूप की लिस्टन साहिब की लोहेकी टांग के वास्ते होती है कभी स्प्लिण्ट को गद्दी लगाकर चादर मे लपेट कर अंग के दोनो तर्फ लगादेते हैं इसको बकस स्प्लिण्ट कहिते हैं स्प्लिण्ट लकड़ी की या भी मोटे कागज़ यां चमड़े से भी बनालेते हैं इनको गर्म पानी से नर्म करके टूटी हुई हड्डी के गिर्द लगा देते हैं फल इसका येह होता है के वोह खुश्क होकर लकड़ी के तख्तों का काम देती हैं कई हस्पतालों मे पहिले टूटे हुवे अंग को रुई से ढांपकर पट्टी बांध देते हैं ॥

फिर कागज के टुकडों पर रेवी लगाकर रोगी अंग पर चिपटा देते हैं कभी पट्टी को नशास्ता या गंद या चावलों की माया मे भिगो कर टूटी हुई हड्डी के गिर्द लपेट देते हैं जैसे पहिले। थोड़े काल तक पट्टी को नीचे के इस पानी मे। भिगो रखें ॥

(योग)

गंद १ हिस्सा खड़िया मिट्टी १ हिस्सा पानी २ हिस्से फिर फीते का टुकड़ा रोगी अंग की लंबाई में। एक सिरे से दूसरे सिरे तक लगावें या एक खुश्क पट्टी बांध देवें यदि अंग के किसी स्थान पर चांन हो तो उसपर रूई लगाकर बराबर करके लेसवाली पट्टी लगावें येह खुश्क होकर सख्त होजावेगी जब उसको उतारणा हो तो फीते के सिरे को उठाकर कैंचीकी नोक को पट्टी के नीचे डाल कर कतर डालें पट्टीके टुकडों को फिर गर्म करके पहिलि तरह लगा सकते हैं बालकों की टूटी हुई हड्डीओं मे चुस्तरहे की पट्टीआं बरतिं जाती हैं और कई प्रकार की लखिएट लस और स्थान जैसी बनासकते हैं जैसे थैलियों मे रेत या पराली घास भर कर लगा देते हैं कभी संग जराह की पट्टी भी लगादेते हैं ॥

रीति। पहिले संगजराह को आग पर फूल। करें फिर पीस कर उस में पानी मिलाकर।

लेवी की तरहं गहड़ा करें और साथीको चाहियेके रोगी अंग को पकड़ कर सीधा खैंचे जिससे हडी अपने असलीस्थान पर आजावे फिर उसके ऊपर मोटे कागज़ के टुकड़े रखें और मलमलकी पट्टीयों पर संगजराह का लेप अच्छी तरह लगाकर टूटी हुई हडी को उन से ढांपें कभी संगजराह की जगहं अंडाकी सफेदी आटे मे मिला कर लगाते हैं जिससे हडी के सिरे सीधे एक दूसरे से मिले रहें अंग के साथ बोझ बांध कर चरखी से लटका देते हैं॥

पांचवें बड़ी चतुराई से हफ्ता के पीछे पट्टीयां को खोलना चाहिये सूजन का उपाय करें [illegible]गर कबज़ हो तो जलाब देवें और पखाना बंद हो तो सलाई डाले पीड़ा दूर करने के लिये [illegible] एक्सट्रेकट आफ कनाबिस के साथ देवें जिससे कबज़ न हो जगह को चाहिये के टूटी हुई हडी को ठीक करने के दू घण्टे पीछे फिर जरूर देखें जिससे ये मालूम होगा के अंग ऊपर को न खिंच जावे यदि रोगीकी उंगलियें वा अंगूठे नीले होजाने से मालूम न होता हो तो जल्दी पट्टीयों को खोल दें इसलिये के अंगके मुर्दार पड़ जाने का डर है इस दशा मे बांस की लकड़ीयां और सख्त पट्टी के बांधने से खून का दौरा बंद हो जाता है अंग मुर्दार पड़ जाता है॥

देखो मूर्त नम्बर ४ विदित होकेकभी चोट वाले

अंगमे पुरानी कज होती है ॥


(४)

जराह को चाहिये के रोगी से येह बात मालूम करे येह कज पहिली है या अब हुई है ॥

दूसरे नौनयूनिअन और फाल्स जायेण्ट (वा अंग भगनास्थि (वर्णान्द.) एक हडीअपनेअसलीस्थानसेहस स्थान पर हडी से जुड़ने की जगह सीधें, मेलुण से जुड़ जाती है ॥

कारण) पहिले बहुत हिलने के कारण जुड़ने का अंश हडीके अंशकी जगह सीरस मैंब्रणके अंश मे बदल कर दोनो सिरों के बीच मे पड़ा रहता है या हडीका सिरा साईनोविअल मेंब्रेण और लिगेमेंएट से ढपकर उस स्थान पर जोड़े का स्वरूप उत्पन्न करे तो उसको फाल्सजाइंट अर्थात झूठा जोड़ कहते हैं ॥

दूसरे यदि निर्बलि बादफिरंग का विष कैन्सर तीक्ष्ण ज्वर या उस स्थान का छीने का अंश उत्पन्न नहो तोभी हडी के अंशसे जोड़ नही होता ॥

तीसरे किसी कारण से हडी के सिरे अलग हो कर मांस में दबजावें तोभी येह अवस्था होसकतीहै

चौथे गर्भवाली स्त्रीयां जो बालक को दूध पिलाती हैं उनकी हड्डीयां टूटकर अच्छी तरहे नहीं जुड़ती

चिकित्सा । नशास्ता पे संगजराह की पट्टी से इसतरह रोगी अंगको बांधे के दोनो सिरे हड्डीके मिले रहैं यदि २ मास या ३ मास के अंदर हड्डी न जुड़े तो उसके सिरोंमें सूजन उत्पन्न करैं सूजन उत्पन्न करणे के वास्ते इस रीतिको काम मे लावें जैसे पहिले हड्डीके दोनो सिरों को अच्छी तरह रगड़ें दूसरे हड्डी के सिरोंको बेलबूलर इन्सीमन से जिसका विख्यान फोड़ेके अध्याय मे होचुका है एकत्र देवें और चांदी यां तांबेकी तार उसी रास्ते से डालकर एक हफ्ते तक अंदर रहिने देवें जब पीप उत्पन्न होजावे तो सप्लिंट लगाकर बांध देवें

तीसरे चमड़े को चीरकर टूटीहुई हड्डीके सिरों को नंगा करके उनमे बरमे से छिद्र करें और फिर हाथी दांतके कील डालकर कुछ हफ्ते रहिने देवें

चौथे कभि सीटन भी डालते हैं

पांचवें यदि ऊपर की रीति से अच्छा फल नहो पहिले चमड़ेको काटकर फिर टूटिहुई हड्डी के सिरों को ½ इंच काटकर हड्डीके सिरोंको भी लाकर स्प्लिंटसे बांध देवें डाकटर लगल्स साहिब चमड़े और मांसको काटकरके पेरिआस्टियम् को छेदके टूटीहुई हड्डी से अलग करते हैं ॥

फिर मोटी तार से हड्डीके सिरोंको मिलादेवें इस तरह पर हड्डीके ऊपर पेरिऑस्टियम् को टांकों से सीदेवें अंगको स्प्लिंट मे रखकर बाकी उपाय असली रीतिपर करें दो से ६ मास तक तारको घावके अंदर रख सकते हैं शारीरक उपाय के लिये औषदीआं और भोजन बलवाला देवें यदि सिफलिस हो तो सारसिपरेला फासफेट आफलाईम चूनेका पानी पारेकी औषदीआं आयोडाईड आफपुटाशियम् और सूजनके वास्ते जोकें और ब्लिस्टर लगावें जब हड्डी अच्छी तरह पर न जुड़े और अंग टेड़ा होजावे तो यदि चाहिये तो रोगीको क्लोरोफारम् देकर हड्डीको दूसरी बारी तोड़ें या अपरेशन से प्रोविशनल कालस को अलग करके हड्डीके सिरोंको ठीक तरह पर मिला देवें ॥

तीसरे कंपौंड फ्रेकचर इसमे हड्डीके टूटजानेके सिवाय चमड़े पर भी घाव होजाता है और येह घाव टूटी हुई हड्डीसे मिलता है ॥

कारण (१) पहिले चोट जिससे हड्डी टूट जावे और चमड़े मे घाव भी हो

दूसरे टूटीहुई हड्डीकी नोक चमड़े को छेदकर के बाहर निकल आवे

तीसरे चमड़े के गलजाने से हड्डी नंगी होजावे खून का निकलना सूजन ईरिसिपलास निक्रोसिस [illegible] पाईम्या के होने से कंपाउंडफ्रेक्

चरका घाव बहुत देर मे अच्छा होता है और बड़ा भय देने वाला है ॥

चिकित्सा यदि हड्डी नाड़ीयां और नर्वस फटगे हों और जोड़ के पास हों तो रोगी अंगको काट देवें यदि उसको बचानाहो तो हड्डी के सिरों को खेंच कर अंदर डालें यदि घावबड़ा करणा हो तो अच्छा है यदि हड्डीके ऊपर से पेरिओस्टियम् उतर गिया है या सिरा नोक वाला हो तो उसको काट डालें और घाव के किनारों को मिला कर उपाय करें स्प्लिएटस्भि लगाते हैं परन्तु घाव के स्थान को खुला रखें पीडाके वास्ते अहिफेन और कबज् के वास्ते जुलाब देवें यदि सूजन हो तो सर्द पानी से कपड़ा तरकेर के रोगी स्थान पर लगावें यदि रोगी निर्बल होजावे तो अंडोका ओ और शराब देवें और घाव पर कारबालिक आपल या आईडोफारम छिड़कें यदि वोह स्थान सूज जावे तो पट्टी को ढीला करके ठंडा पानी लगावें यदि मूत्र बंद होजावे तो केथीटर से निकालें घावमे जिंकलोशन या कारबालिक लोशन की पचकारी करें कभी रोगी को निर्बलीके कारण मूर्छा होजाती है ॥

चौथे फ्रेकचर आफदी नेजल बोन वा नासिकास्थि भग येह हड्डी पतली और ऊपरकी होती है ॥ इसवास्ते चेहरे पर चोट लगने से जलदी टूट जाती है नाक टेढ़ जाती है चर्म और सूज

न चमड़े मे इतनी होती है के फ्रैकचरकी पहछान कठन होजाती है ॥

कारण) येह सखत चोटगोली के लगने या चेहरे के बलगिरणे से होती है ॥

चिकित्सा टूटे हुवे टुकड़ों को जितनी जलदी। होसके बराबर मलाना चाहिये और नाक के अंदर २फ़ीमेल कैथिटर यां सखत मोटी सलाई। डाल कर हडीको ऊंचा करें और अपने स्थान पर अंगुलियों से बठा देवें कभी ड्रैसिंगफारसिप्स जिस का एक फल नाक के अंदर और दूसरा बाहर रखकर हडी को अपने स्थान पर स्थिर करते हैं यदि खून निकले तो लिण्ट की डाट तेल से लगाकर नाकके अंदर डालें। यदि चमड़े मे घाव हो तो हडी के टुकड़ों को बाहर निकालें और सूजन का ख्याल रखें जब। येह हो तो जोकें लगावें जुलाब देवें यदि पीप उत्पन्न हो तो चीर दें दमाग पर दबा पौंचने से जब मूर्छा के लक्षण हों तो उसका उपाय। सिरकी हडीकी चोटकी तरहं जिसका वियान आगे किया जावेगा करें वोमर हडी को कभी निकाल भी लेते हैं ॥

पांचवें फ्रैकचरआफ़दीअपरमाक्सीलएण्डमेलरबोन या (ऊपे हडभंग) अर्थात् गाल और जबड़े की हडी का टूटजाना येह हड्डीयां सखत चोटके कारण। टूटती हैं मसूड़े गलजाते हैं दांत ढीले पड़जा

ते हैं कभी गिर जाते हैं ॥

चिकित्सा खून के निकलने को रोकें सुनेरी तार से दांतो को बांधें यदि जाईगोमा इतना टूट गिया हो और चबाने मे दुख रहे तो हडीके टुकड़ों को निकाल लें यदि कंपौण्डफ्रैकचर होजावे तो घाव को अछी तरहं साफ़ करें कभी हडी मुदीर भी होजाती है ॥

छठे फ्रैकचर आफदी लोरजा वा(निमनहनुभंग) अर्थात् नीचे के जबड़े का टूटना येह हडी कई स्थान से टूटती है जैसे कैनाईन और लाटरल और इन्सासिजल के बीच हडी टूटती है कभी बालकों मे ठोडी शरीर और बाजु के मिलने के स्थान से टूटती है ॥

कभी कंडायल और कोरोनायड प्रासिस गोली की चोट से टूटते हैं ऐंगल अर्थात् कोन हडी का वक़न वाली टूटता है ठोडी के पास के फ्रैकचर सीधे होते हैं ऐंगल के पास हडी तिर्छी तरहं पर टूटती है कभी एक से वक़न स्थान पर टूटती है ॥

कारण) सख़्त चोट बंदूक की गोली का घाव

लक्षण) पीड़ा वर्म हिलना बंद होजाता है और दांत वी पड़ जाते हैं मसलस जो इस हडी और हाइआयड हडी पर लगे हैं सामनेके टुकड़े को नीचे खैंच लाते हैं और पीछे का टुकड़ा टैम्प्रल

और मसीटर मसलों से सख़्त होजाता है और हिलता नहिं कडकअहट मालूम करणे के लिये जराह को चाहिये के हाथ पिछले टुकड़े पर रखे और दूसरे हाथ से ठोडीको हिलावे मसूड़े फटकर खून निकलता है और दांत टूटे हुवे स्थानसे ढीले होजाते हैं और निकल पडते हैं कभी बहुत वर्म के कारण कडकड़ाहट अच्छी तरहं मालूम नहीं होती परन्तु दांत हिलाने से रोगीको आप आवाज़ मालूम होती है रोगी को पीडा होती है और मुख हिला नहीं सकता यदि कण्डायल टूट जावे ऐक्सटरनलटैरीगायड उसको बहुत दूरतक खैंच लेजाता है यदि हड्डी ऐंगल के स्थान से टूट जावे तो कुछ देरके वास्ते नीचे के होंठका छोनेका बल जाता रहता है इस वास्ते के इनफ्रा आरबिटल नरव पर घाव होजाता है कभी खून भी निकलता है ॥

चिकित्सा गटा पारचा का एक मोटा टुकड़ा ले पानि मे नर्म करें फिर उसके दोनो सिरोंको इस रीति से काटें के चार हिस्से होकर बीच में थोड़ासा हिस्सा रह जावे और नीचे के दोनो सिरे ऊपरके दोनो सिरोंसे छोटे हों देखो मूर्त नम्बर पांचवा ५



फिर नीचे के हिस्सों को ऊपर के सिरे के साथ लपेटें स्वरूप इसका डोने की तरहं होजावेगा देखो मूर्त्ति नम्बर ६ ॥

(६)



और ठोडी को इसके बीच मे रखकर फ़ोर टेल पट्टीसे बांध देवें जिसके बनाने की रीति येह है के १ १/२ गज़ लम्बा १२ इंच चौड़े कपड़े को गद्दा पारचा के टुकड़े की तरहं चार सिरे और बीच के हिस्से मे काटें बीच का हिस्सा ४ इंच चौड़ा होना चाहिये फिर दोनो सिरे पीछे की तर्फ सिरके आकसीपीटल प्राटुबेरेन्स के पास और लम्बे दोनो सिरों को साहमने लाकर मस्तक के ऊपर मूर्त्ति नम्बर ७।

(७) (८)



की तरहं बांध देवें कभी२ दोनो गालों को पट्टी के एक टुकड़े से बांध देते हैं लफका। टुकड़ा का फक्का दोनो जबड़ों के बीच मे रखदें

१५ दिन तक दूध शोरा अर्थात् मान्सका जल खाने को देवें रोगी ४ यां ५ साते मे अच्छा होजा

ता है जबरे मस टूटे तो गाल और जबड़े के बाहर छोटा टुकड़ा गटा पारचा का लगावें दोनों को यदि बहुत ढीले होंतो तार से स्थिर करें क भीर टुकड़ों को पास लाने के वास्ते हडी मे छिद्र करके तारसे टूटे हुवे सिरों को मिलाते हैं ॥

इसके वास्ते बडी चतराई चाहिये के जहां हडी टुकड़े टुकड़े होजाती है और पीप उत्पन्न होजाती है ॥

सातवें फ्रैकचर आफदी लै विकल वा जत्रुस्थि भंग अर्थात् हंसली की हडी का टूट जाना।

वर्णन) येह हडी कंधे या भुजा के बल करने से बीच १/३ तिहाई से तिरछी तरहं पर टूटती है जब हडी चोट के स्थान से टूटे तो(ऐक्रोमियल सिरे में आड़ि तरहे पर टूटती है यदि फ्रेकचर को रोको ऐक्रोमियल जोड़ के बीचमे हो तो [illegible] के कारण कड़कड़ाहट नहीं सुनाई देती परन्तु जब हडी उसके बाहर टूटती है तो ऐक्रोमियल सिरा स्टरनल सिरे(पर⊥ लाम्बी की तरहं खड़ा होता है ॥

लक्षण) रोगी अपना हाथ नहीं उठा सकता(और कोहनी पकड़े रहता है कंधा साहमे नीचे और अंदर की तर्फ झुक जाता है कत्लान तर्फ का फासला ऐक्रोमियल और स्टरनल सिरे मे(कम होता है हडी का अंदरका सिरा चमड़े के नीचे कंधे के झुक जाने के कारण निकल आता

है टूटी हुई हड्डी की आवाज मालूम करणे के वास्ते एक हाथ हंसली के ऊपर रखें और भुजा को बाहर की तर्फ लेजावें

चिकित्सा कंधे को ऊपर बाहर और पीछे की तर्फ उठा कर स्थिर रखें हड्डी को बठने के वास्ते जराह अपने गुठने को रोगी के दोनो सके फूला की हड्डी के बीच २ रख कर कंधो को पीछेकी तर्फ खैंचे यां कोहनी को अंदर और जराह साम्ने लाकर ऊपर की तर्फ लेजावें ॥

पहिले फिगार आफ एट बेण्डेज अर्थात् अंग्रेजी आठे की तरहं बाधे

लगाने की रीति मोटी त्रिकोण गद्दी रोगी की दोनो बगलों मे रखें गद्दी का चौड़ा सिरा ऊपर की तर्फ होना चाहिये फिर एक पट्टी के २।३ बल अर्थात् जिस तर्फ की हड्डी टूटी हुई है कंधे के गिर्द देकर पीठ पर से गुजारें और दूसरी तर्फ की बगल मे लेजावें फिर उस तर्फ के कंधे के ऊपर से लेजा कर पीठ पर पहिले पट्टी के ऊपर से गुजार कर दूसरी तर्फ की बगल के गिर्द लपेटें अब पट्टी उस स्थान पर होगी के जहां से पहिले चलीथी इस तरह पीठपर २।३ वारी वल देकर रोगी भुजा को सीने के साथ बाकी रही हुई पट्टी से स्थिर करें फिर कलाई और कोहनी को एक सलिंग मे रख कर गर्दन के साथ लटकावें ॥

(८) (A)



देखो मूर्त्ति नम्बर इस तरह गद्दी के बाहर पट्टी। पीछे और उसः। लिंग ऊपर उठा रखना है ॥

रीति दूसरी एक मोटी त्रिकोण गद्दी रोगी तर्फ की बगल मे रखें। फिर एक मजबूत रमाल गद्दीके बीच से गुजार कर दूसरे कंधे पर बांध देवें अब एक पट्टी भगोके बीच की ⅓ तिहाई यां गद्दी के पिछले सिरे से लेकर भुजाको कोहनी तक। सीने से स्थिर करें फिर कलाई अंदर की तर्फ। एक लकड़ी की तखती कोहनी से उंगलियों तक। लगा कर पट्टी से कस देवें और उसको कोहनि समेत सलिंग मे रख कर गर्दन के साथ लटकादेवें और अब दूसरी बारी भुजा को सलिंग के साथ पट्टी के ४। ५ लपेटों से छाती के साथ कस देव

रीति तीसरी ३ रूमालोंकी एक २ रूमाल को दोनो कंधों के गिर्द इस तरह पर बांधे के हर एक का लंबा सिरा लटका रहे फिर दोनो लंबे सिरे

को पीछे की तर्फ लेजाकर अपने सहने के रुमाल के बीच से गुजार कर जोर से पीठ पर(बांध देवें इस रीति से दोनो कंधे पीछे और एक दूसरे की तर्फ खिच जावेंगे

तीसरे रुमाल की सलिंग बनाकर कोहनि को उठा रखें देखो मूर्त्ति नम्बर (९)

चौथी रीति कभी २ कंधों के गिर्द दो कड़े जिनमें गद्दीयां लगी हुई होती हैं लगावें और उस को पट्टी से तीसरी रीति की तरहं स्थिर कर देते हैं ॥

(९)



पांचवी रीति) देखो मूर्त्ति नम्बर१० कई प्रकार के शस्त्र उसके(उपाय के लिये लगाये जाते हैं जिनमे से फेकचर आफ क्लैविकलस्प्रेट्रिस भी बरतते हैं इससे गद्दी को जो बगल मे एक बकसुए वाली पट्टी से(मूर्त्ति नम्बर (९)नौ की तरहं स्थिर करते हैं फिर फीता से भुजा को सीने के साथ लपेटें और सलिंग मे कलाई और कोहनि को रख कर गर्दन के साथ लटका देवें मूर्त्ति नम्बर दश(१०)मे पट्टीयों के दबाने के लिये सलिंग को अपने स्थान से उठा कर लगाया

(१०)



गिया है ॥

छठी रीति) बालकों में सलिंग लगा कर उपाय करते हैं देखो मूर्ति नम्बर (११)

सलिंग बनाने की रीति ॥



विदित हो के चौड़े रूमाल से सलिंग ठीक बनता है रूमाल को पहिले बछा कर उस के साहम्ने के दोनो सिरों को मिलावें इस रीतिसे रूमाल का बीच का हिस्सा चौड़ा होगा कोहनि और बीनी को उस चौड़े हिस्सा मे रख कर दोनो सिरों को गर्दन की तर्फ लजावें ऊपर का सिरा बांई तर्फ और नीचे का सिरा दाहनी तर्फ लेजाकर उसके साथ बांध देवें बालकों का सलिंग हि से उपाय करते हैं या कभी २ हाथ को पट्टी से सीना के साथ बांध देते हैं परन्तु येह बात याद रहे के रोगी बालक हो या जवान हो हड्डी का जोड़ ठीक नहीं होता थोड़ा सा भेद रह जाता है कई जराह रोगी को खाति बिस्तरे पर तीन साते लटा रखते हैं और कई बेंडेज की जगह स्टिकिंग पलास्टर के चौड़े टुकड़े स्पाईन से लेकर स्टरणं तक इस तरहं लगाते हैं के स्केप्युला पीठके साथ दृढ होजावे और हिलेन सलिंग मे हाथ को लटका देते हैं बीनी साहम्ने के कंधे के पास होनी चाहिये ॥

आठवें फ्रैकचर आफदी असके पूला वा(अंग्रशाफल कास्थिभंग येह सखत चोट के लगने के स्थान से टूटती है कई वारी मसलों के कनवलशन से(टूट जाती है ॥

लक्षण) कंधे के हिलाने से दर्द तीव्रण होती है और हडी की रगड़ सुनने के वास्ते एक हाथ(अकरोमयन या अस्पाईनस प्रासिस पर रखें और दूसरे हाथ से कंधे या हडी के नीचे के किनारे को हलादें तो आवाज सुनाई देगी ॥

चिकित्सा) चोट वाली हडी पर एक चौड़ी गद्दी रखें और एक चौड़े वैंडेज को प्रथम छाती के गिर्द लपेटें और बाजू को छाती के साथ स्थितकरें और हिलने नदें और सोजश के होजाने का ध्यान रखें दर्द को दूर करणे के वास्ते अहिफेन देवें स्टिकिंगप्लास्टर के चौड़े टुकड़े से भी हडी को स्थिर करते हैं ॥

दूसरे फ्रैकचर आफदीनौक आफदीस्केपूला इस में कोरोकायड प्रासिस और गलिनायड स्थान हडी का सारी हडी से अलग होजाता है येह(बहुत थोड़ा होता है ॥

लक्षण) कंधा नीचे को झुक जाता है हाथ(बहुत लंबा होजाता है और उलटायडमसल नीचे को खिचकर चपटा होजाता है ह्यूमरस का सिर बगल मे मालूम होता है हाथ या कान अगर अकरोमयन प्रासिस पर रख कर कंधेको

हिलावें या कोरीकायड बलंदी को दबावें तो कडकडाहट मालूम होगी परीक्षा इस की कंधे के जोड़के उखड़े जाने से इस तरहे पर करते हैं(के फ्रेकचर मे जोड़ अच्छी तरहं पर हिलता है और टूटे सिरों की आवाज अच्छी तरहं सुनाई देती है खैंचने से हड्डी अपने स्थान पर आजाती है

चिकित्सा) हंसली की हड्डी के टूट जाने की तरहं करें परन्तु जख्म वाली तर्फ की बगलमे गद्दी से एक रूमाल निकाल कर नजदीक के(कंधे पर बांध दें जाके माढा उठा रहे गद्दी(छोटि और मोटी होनी चाहिये हड्डी दो मासमे अच्छी होती है सोजश का उपाय विधि पूर्वक करें और पीड़ा के दूर करणे के वास्ते अफ्यून देवें तीसरे फ्रेकचर आफदी अकरोमान प्रासिस अर्थात अकरोम्यन प्रासिस का टूटना(

लक्षण) कंधा गोल नहीं रहिता वोह चौड़ा हो जाता है टूटा हुवा हिस्सा हड्डी का डलटायडमसल नीचे खैंच लाता है उंगलियों से यदि अक्सईनस बलंदी को जड़ से नोक तक परीक्षाकरें तो चोटवाला स्थान मालूम होगा रोगी बाहर की(तर्फ बाजू को उठा नहीं सकता पहिछान इसकी जोड़ के उखड़ जाने से इस तरहं पर करते हैं इसमे कंधे के जोड को अच्छी तरहं हिला सकते हैं और उसको उठाने से टुकड़े हड्डी के अपने स्थान पर आसकते हैं ॥

चिकित्सा) हंसलि की हड्डी के फ्रैकचर की तरहं करें परन्तु बगल में गद्दी कभी २ लगाते रहें और कोहनी को अच्छी तरहं उठादें जोड़ इसका लगेमेट के कारण होता है ॥

चौथे फ्रैकचर आफ़दी कोरोकायड प्रासिस कोरोकायड प्रासिसका टूट जाना रोगी को बाज़ू ऊपर अंदर और साहमने लेजाने में बड़ा क्लेश होता है इस वास्ते कि बाई सिप्स और कोराको ब्रेकि एलिस मसल में कनवलशन होता है यदि पैकटोरल समेजर और डलटायड मसल के मध्य को अंगुली से दबावें और रोगी खंगाने या कंधे को हिलाने के वास्ते कहें तब टूटी हुई हड्डी की आवाज मालूम होगी ॥

चिकित्सा बाज़ूको साहमने अंदर की तर्फ कलाई को मोड़ कर छाती के साथ बांध देवें इसवास्ते के मसल ढीले होजावें ॥

नावें फ्रैकचर आफ़दी ह्यूमरस (वा) प्रगंडास्थिभंग अर्थात् बाज़ू की हड्डी का टूटना अपरएकस्ट्रमिटि आफदी ह्यूमरस अर्थात् बाजू की हड्डी का ऊपर के सिरे से टूट जाना यह ५ स्थान से टूट जाती है पहिला फ्रैकचर आफ़दी अनाटमी कलनैक अर्थात् ह्यूमरस के सिर का कपचालरलगे मेंट के बीच मे टूट जाना यह कम होता है और परीक्षा उस की मुशकिल है इस फ्रैकचर से सिर हड्डी का कपसूलर लिगेमेंट के अंदर टूटता है और कभी अंपेक्टड होजाता है

लक्षण जोड़ थोड़ा हिलता है और कड़कड़ाहट सुनाई देती है हडी के टुकड़े अपनी जगहे पर स्थित रहिते हैं कई वारी वोह हिस्सा हामरस के सिर का जोके जुदा होगिया है ऊपर के सिरे के शरीर मे और दोनो टूब्रास्टि के बीच मे जोरसे घुस जाता है और कभी तो एक टूब्रास्टि और कभी दोनोहीटूट जाती हैं इसको इम्पैकटिड फ्रेकचर कहिते हैं इस अवस्था मे लंबाई हाथकी पौना इंच कम होजाती है अकरोमयन प्रासिस सेहत की अवस्था से बहुत दिखाईदेतीहै कंधे की गुलाई कछ कम होजाती है हडी के शरीर के ऊपर का सिरा अकरोमयानबलंदी के नजदीक आजाता है और गोलसिर हडी का अछी तरहे पर मालूम नही होता टूब्रास्टि के टूट जाने से हडी की कड़कड़ाहट सुनाई देती है ॥

परीक्षा) कंधे के जोड़ के उखड़ जाने मे इस में गोल सिर हडी का बगल में और गलिनाईड कैवेटीका गड़ा मालूम नहीं होता ॥

दूसरा फ्रेकचर आफदी लाईन आफदी ऐंकशन आफदी ऐपिफेसिस अर्थात् हडी का जोड़ के स्थान से टूट जाना येह बात बालकों मे कोहनी के बल गिरने से होती है ॥

लक्षण) हडी का सिर गलिनाईड खानें में मालूम होता है परन्तु कोहनी के घुमानि से हिलतानही

कोरोकायड प्रासिस के नीचे हडी के शरीर का ऊपर के किनारा बग़ल की दिवार के मसलों से अंदर की तर्फ़ खिच कर बलंदी पैदा करता है यदि अच्छी तरहं से देखाजावे तो येह ऊंचाई चमड़े के नीचे गोल चिकनी और थोड़ी सी उठी हुई मालूम(होती है और नोक वाली नहिं होती कोहनि को पकड़ कर खेंचे तो टूटी हुई हडी अपने स्थान पर आजाती है ऊंचाई गुम्म होजाती है ढीला करदेने से ऊंचाई उत्पन्न होजाती है भुजाके नीचे और बाहर और पीछे की तर्फ निकली हुई होती है ॥

तीसरे फ्रेकचर आफदी सरजीकल नेक (

अर्थात् भुजाकी हडी की निचली गर्दन का टूट जाना येह हडी कैपसूलरलि गेमेण्ट के बाहर और ट्यूब्रासिटि के नीचे और पैकटोरेलस मेजर मसल के सिरे के ऊपर टूटती है ॥

लक्षण) इस के पिछले फ्रेकचर की तरहं होतेहैं सिर हडी का गिलिनायड कैवेटि में मालूम होता है और कोहनी को हिलाने से नहीं हिलता हडी के शरीर का ऊपर का किनारा पैकटोरेलस मसल के(नीचे मालूम होता है परन्तु भुजा के खेंचने से येह ऊंचाई गुम्म होजाती है और ढीला करने से फिर उत्पन्न होती हैं नीचे का टुकड़ा छाती की तर्फ(पैकटोरल मसल के कारण खिच जाता है और ऊपर का टुकड़ा ऊपर और बाहर की तर्फ सक्ता(

रि के मास के कारण होजाता है कभी हड्डी के शरीर का सिरा ऊपर के टुकड़े के खोने वाले हिस्से मे घुस जाता है ओर अेम्पेक्टण पहिले प्रकार की: तरहं मालूम होती है और पेह नीचे के लक्षण। उत्पन्न होतेहैं लंबाई कम होजाती है भुजाका रूप बदल जाता है कभी २ जब जोर से जोड़ को हिलाया जावे तो कड़कड़ाहट मालूम होती है कपीएड फ्रेकचर भी इस स्थान का होजाता है ॥

चौथे) फ्रेकचर आफदी ग्रेट टयूब्रासटी अर्थात् हड्डी की बड़ी ऊचाई का टूट जाना कंधे पर चोट लगने या उसके बल गिरने से यह टूटती है।

लक्षण) अेक्कोमयन नकाल अंडा ऊभा और डेलटायड मसल चिपटा होजाता है सब सहड्डी का सिरा अपने स्थान पर रहिता है टूटा जवा हिस्सा सुप्रा सपाई नेटस इन्नफरा सपांईनेट्स और टीरीजमाईनर मसलों के कारण बाहर की तर्फ खिच जाता है हड्डी के सिर और सबाही के बीच एक गैहरा डलाओ पाया जाता है और कोहनी के हिलाने से हड्डी का सिर गलीनायड कैवेटि मे हिलता है यदि वर्म नहो तो सूजनकी ओर स्थान पर मालूम होती है कंधा चौड़ा मालूम होता है फ्रेकचर हड्डी के आपस मे जोड़ते हैं परन्तु थोड़ी बहुत कज

पांचवें फ्रेकचर आफदी नेक आफदी हूमरस वा (डिसलो केशन अर्थात् भुजा की हड्डी के सिरका

टूटकर बगल मे आजाना

लक्षण) अगर हाथ को उठावें तो हड्डीका सिर बगल मे मालूम होगा परन्तु कोहनी के हिलाने से उसमें नहिलेगा लंबाई कम और ऐक्रोम्यनन कालके नीचे टूटा हुवा सिरा हड्डीके शरीर का मालूम होगा

चिकित्सा) इस फ्रेकचर में हड्डी के सिर को अपने स्थान पर लाना बहुत कठन है इसवास्ते जहांतक होसके हड्डी के शरीर को गिलिनायडकेवेटी की तर्फ लावें और उस जगहं अंग्रेजी ८ आठेके स्वरूप की पट्टी से स्थिर करें और भुजा को छाती के साथ बांध देवें और बगलऔर स्कन्धास्थी के स्थान पर गद्दी लगावें या सब भुजा को फैला कर तकिये के साथ बांधकर ऊंचा रखें बाकी ४ अवस्था मे रोगी को (१५) दिन तक बिस्तरे पर आराम से लेट रहिणा चाहिये यदि सूजन होजावे तो जुलाब देवें हाथ और बीनी को उंगुलिओं से लेकर कोहनी तक पट्टी से बांध देवें और फिर कंधे को स्थिर करके कोहनी को पकड़ करनीचे की तर्फ़ खेंचे जिससे टूटी हुई हड्डी अपने स्थान पर बैठ जावे फिर एक लकड़ी की तख्ती पर गद्दी लगाकर अंदर की तर्फ भुजा की बगल से इन्टरनल कंडायल या कोहनी के सिरे के अंदर तक लगावें और दूसरा बाहर की तर्फ ऐक्रोमयन ऊंचाई से लेकर बाहर के कंडायल या कोहनी के बाहर की तर्फ

तक खैंचावें और पट्टी से भुजा के साथ स्थिर करें और खाली कलाई और हाथ को सलग मे रखकर गर्दन के साथ लटकावें और एकत्र को नगदी खगल मे रखें कभी लोहे की एल्बो कप लिएट जिसके सिरे पर एक इंगा हिस्सा कंधे के जोड़ के वास्ते होता है लगावें या गटापारचा का सपलिएट इस तरह पर बनाकर कंधे और भुजा के साथ लगावें और भुजा को सीने के साथ बाध देवें परन्तु कोहनी पर पट्टी न बांधें जिससे कोहनी साहस्के को आ जावे ॥

देखो मूर्त्ति नम्बर (१२)

(११) (१२)



कभी एमकेप तरहं की तखती लगाते हैं सवा मास में पट्टी को खोलें और रोगी को हिलाने दें कई जराह चमड़े का सपलिंट दो फुट लंबा और छै इंच चौड़ा बीच में जोड़ कर रोगी की बगल मे गला देते हैं इस तरहं से एक हिस्सा सपलिंट का छाती के साथ और दूसरा भुजा के अंदर की तर्फ और बलमाका होया हिस्सा उस की बगल में होता है इस रीती से भुजा स्थिर होजाती है और टूटा हुआ टुकड़ा अंदर को नहीं आता॥

छेवें) फ्रैकचर आफदी शाफट) अर्थात हडी के(

शरीर का टूट जाना उस मे हडी कई स्थान से टूटती है और चमड़े को फाड़ कर कभि बाहर निकल आती है हडी के टुकड़े एक दूसरे पर चढ़ जाती हैं यदि हडी डलटाइडमसलके अंत के स्थान से ऊपर टूटे तो नीचे का टुकड़ा हडी के ऊपर के टुकड़े के बाहर की तर्फ होगा और जब नीचे टूटे तो अंदर की तर्फ चला जाता है॥

चिकित्सा) समकोन की तखती रोगि की भुजा और कलाई के अंदर की तर्फ लगाके और एक सपलिंट भुजा के बाहर की तर्फ यदि चाहें तो साहम्ने और पीछे भी लगा सकते हैं याद रखें कि बगल मे नाडीओं पर दबाना पहुंचे और भुजा और कलाई को ना हिलने दें इकीस दिन के उपरंत कलाई का सपलिंट उतार दें और खाली भुजा पर रहिने देवें॥

सातवें) फ्रेकचर आफदी लोर अकस टरमटी) अर्थात् भुजा की हडी के नीचे के सिरे का टूट जाना प्रथम हडी का दोनो कंडायल के ऊपर तिरछी तरहे पर टूटना येह बालकों को होता है और हडी एपी फेसज स्थान से अलग होजाती है कलाई की दोनो हडीओं नीचे के टुकड़े के साथ जोड़के नीचे की तर्फ खिच जाती है परन्तु कलाई को फलाने से फेर अपने स्थान पर आजाती है॥

शाफट ह्यूमरस का आपने स्थान पर रहिता है जब

हड्डी तिरछी तरह है पर बीच से साहमने को टूटती है तो कलाई साहमने और ऊपर को आजाती है ॥

दूसरा कंडापलों और जोड़ का टूट जाना

तीसरा दोनो कंडापलों के बीच मे हड्डी का टूटजाना

हड्डी के नीचे के सिरे का शाफट से अलग होजाना

अलबो जाइण्ट के फ्रेकचर मे सूजन और वर्म हो जाना है कभी अंकीलोसिस भी होजाना है ॥

परीक्षा, कोहनी के जोड़ के उखड़ जाने से हड्डी टूटे होये स्थान से हिलती रहिती है और कड़कड़ाहट मालूम होती है और यदि रोगी तर्फ की बांही को कंडापल के बीच से लेकर अलना और रेडीस के नीचे के सिरे तक नापें तो लंबाई रोगी तर्फ के बराबर होगी ॥

चिकित्सा, कलाई पर पट्टी लपेटें और मोटे का गज चमड़ा या मोटे गटापारचा की बनी होई तखतीआं होती हैं गर्म पानी मे नर्म करके और जोड़ के दोनो तर्फ लगावें कई लिए को अण्डे की सफेदी लगाकर जोड़ पर लगा देते हैं येह तखतीआं अंग्रेजी हर्फ अलके सरूप की होनी चाहिये लकड़ी की तखतीओं पर गद्दी लगाकर बरीक गटापारचो से जोड़ को ढांप कर पट्टीओं को कस देते हैं अगर सूजन हो तो जोकें लगावें कभी अलभोसपलिए या जिंक पर फोरे टिड अलभोसपलिएट जो पेच वालीहोती है कोहनी के जोड के रोगों मे लगाई जाती हैं

पेचों को कमाने से जैसेचाहिये जोड़ फेल और सुकड़ सकता है (२१) इकीस दिन के पीछे बालकों में और ४२ बतालीस दिन के पीछे जवानों मे जोड़। को हिलावें कभी बालकों में रूई लगाकर फिगर आफ एट बैंडेज बांधदेते है यदि मस्कूलरसपाज़म से हडी के सिरे एक दूसरे के बराबर हैं जैसे शाफट के फ्रेकचर मे तो टूटे होये स्थान के नीचे भुजा पर पट्टी लगाकर एक रस्सी को जिसके सिरे पर एक लोहे का बोझ लगा होया होता है। बांधदेवें रोगी को रोगि तर्फ की दीवार के पास एक चर्खीलगाकर बोझ को लटका देवें इस रीतिसे टूटी हुई हडी का नीचे का टुकड़ा बोझ से खिचकर ऊपर के सिरे के बराबर रहेगा ॥

कभी मसकूलरस पायेरलनर्व हडी के टूटजाने या हडी के अंश मे दब जाता है ऐसी अवस्था मे बेनी के कई मसल हिलने से रहिजाते हैं उंगुलीयों के फैलाने का बल नहीं रहिता पंजे से हाथ। लटक पड़ता है लकड़ी की पट्टीआं लगा कर रोगी स्थान को बांध देते हैं तार बिजली भी लगाते हैं। कंपौंडेड फ्रेकचर का उपाय रीति पर करते हैं॥

दशम) फ्रेकचर आफदी फोर आरम) अर्थात बेनी की हडी का टूटजाना

पहिले) फ्रेकचर आफदी ओली करेनन प्रासस) अर्थात् ओली करेनन प्रासस का टूटजाना येह।

चोट के स्थान या टराई सिपस मसल के सुकड़ने से टूट जाता है ॥

लक्षण) रोगी आपना हाथ अच्छी तरहं पर मोड़ सकता है परन्तु सीधा कर्नै मे बहुत कलेश (होता है कोहनी के जोड़ की पीठ पर एक इंगान मालूम होता है जिस से ऊपर का टुकड़ा आधे इंच से दो इंच तक भुजाके पीछे खिच जाता है ॥

यदि कभी जोड़ के लग मेंट साबत रहे तो येह अवस्था नहीं होती ॥

चिकित्सा) कई जराह अलटी सपलिंट लगाते हैं परन्तु सब से अच्छी रीति इसके उपाय की येह है के एक सीधी लकड़ी की तख्ती जोड़ के साहम्ने ऊपर से लेकर उंगुली तक लगावें जोड़ के स्थान (पर गद्दी मोटी होनी चाहिये जिससे कोहनी थोड़ी सी मुडी रहे फिर पट्टी लगाकर बीनी को सीधा रखें (रोगी को (२१) इक्कीस दिन के उपरान्त जोड़ हिलानेकी आज्ञा करें ॥

हड्डी लग मेंट के अंश से जुड़ती है यदि सुजन (हो तो उसका उपाय विधि पूर्वक करे कई जराह मलगिगली साहिब के कांटों को वर्तते हैं ॥

दूसरे) **कंपौण्ड फ्रेकचर आफदी ओलीकरेनन** येह सख्त चोट और कोहनी के बल गिरनेसे उत्पन्न होता है यदि कुछ कालतक कोहनी के जोड़में किसी तरहं का रोग होजावे तोभी येह होजाता है ॥

इस रोग मे हड्डी टूटकर बाहर निकल आती है कभी चकना चूर होजाती है ॥

(चिकित्सा) रोगी स्थान को अच्छी तरहं पर धोकर टूटे हुये टुकड़ों को निकालें घाव मे टांके लगावें या सटकिंग की पट्टी से घाव के किनारों को पास लावें याएटसंप्लर अवलोसपलिएट लगावें सूजन को रोकें घाव का उपाय विधि पूर्वक करे जब येह मिल जावे और जोड़ मे किसी तरहं का रोग बाकी ना रहे तो रोगी को हिलाने की आज्ञा दें यदि हड्डी टूटकर टुकड़े टुकड़े हो गये होंतो उनको निकाल कर अकसी जन के उपरेशन से हड्डी के सिरों को पास लाकर तख्तीआं लगावें यदि चोट सख्त हो तो बीनी को काटना पड़ता है ॥

तीसरे) फ्रैकचर आफदी कोरोनाइड परासिस येहहड्डी ब्रेकी एलस अंटीपकस मसल के अकटनेसेटूटती है रेडियस और आलना के कोहनी की पीठ पर उखड़ जाने सेभी हड्डी टूट सकती है।

लक्षण) कोहनी के मोड़ने मे कलेश होता है ॥ अलना अर्थात बीनी के अंदर की हड्डी पीछे को उखड़ जाती है ओलीकरेनन प्रासिस पीछे को निकला हुया होता है ॥

चिकित्सा) भुजा को सकेड़ कर पट्टी से बांधदेवें जोड़ हड्डी का लेगो मेएट के अंश से होगी ॥

चौथे) फ्रैकचर आफदी शाफ्टस आफदी रेडी

असऐएड अलना) अर्थात् बीनी के अंदर और बाहर की हडीओं के शरीर का टूट जाना येह हडीआं याने दोनो एक साथ या अलग अलग टूटती हैं ॥

लक्षण) इस के फ्रेकचर की तरह हैं जैसे पीछे लिखे गये होंते हैं हडी या हडीआं ऊपर की तिहाई बीच की तिहाई या नीचे की तिहाई बीनी से टूटती हैं कड़कड़ाहट सुनने के वास्ते ऊपर के सिरे को स्थिर करें और नीचे के सिरे को हिलावें अगर बीनी के बाहर की हडी अर्थात् रेडीअससुपाइनेटरब्रीवस) मसल के नीचे बीच की तिहाइ से टूट जावे तो परोनेटरक वाडरेटस मसल कबजा कोपट की अवस्था मे रखता और सुपाइ नेटरलौंगस मसल नीचे के टुकड़े को खींच कर हाथ को बाहर की तर्फ लेजाता है भावे एक अथवादोनो हडीआं टूटे इट रासिअस सिपस अर्थात् दोनो हडीओं के बीच का फासला परोनेटर क्वाडरेटस मसल के कारण से सब गुम होजाता है ॥

चिकित्सा) टूटी हुई हडी के सिरे बराबर रहें और अंदर की तर्फ अंटरासी अस सिपस की तर्फ किसी अवस्था से ना आने देवें कोहनी को स्थिर कर के बीनी को सीधा खींच कर हडी को अपनी जगह पर बठावे फिर कोहनी को मोड कर बीनी को सीधा चत और पट के बीच रखे इस अवस्था में अ

गुह ऊपर को होगी फिर दो स्प्लिंटर एक अंदर की तर्फ अंटरनल कंडायल से लेकर बीनी के मगेड़ तक लगावें दूसरा सपालिंटर बाहर के कान्डायल से लेकर हाथ की पीठ पर लगावें येह तख्तीयें चौड़ी और गद्दे वाली होनी चाहिये बीनी के साथ दोहरी गद्दी लगावें जिस से हडीआं पास न आवें फिर पट्टी को बांध कर बीनी को स्लिंग मे लटका देवें और याद रहे के अंगूठा सर्वदा काल अकसटर्नल कण्डायल की सीध मे होना चाहिये हडी एक या डेढ़ मास मे जुड़ कर ठीक होजाती है इक्कीस दिन के पीछे हिलाने की आज्ञा देवें ॥

पांचवें) कालसिस फ्रेकचर) अर्थात रेडीअस हडी के नीचे का टूटना येह अस्थि एक इंच से डेढ़ इंच तक कलाई के ऊपर से टूट जाती है नीचे का सिरा हडी का तिर्छे तौर पर टूट कर अस्पाइनेटर लोंगस मसल के साथ और अंगूठे फैलाने वाले मसलों के साथ और कारपस मेटाकारपस हडी के बाहर और पीछे की तर्फ खिच जाता है और कलाई की पीठ की परीक्षा करने से कबजे के नीचे की तर्फ वर्म मालूम होता है ॥

जो कारपस और रेडीअस के नीचले सिरे के खिच जाने से पैदा होता है और इस वर्म के ऊपर गड़ा मालूम होता है यदि हथेली को जानब कलाई की परीक्षा करें तो वर्म कलाई की इंटीरीअर अस्थ

[illegible] सिंट से चलकर एक तिहाई तक ऊपर तक फैला होया होती है॥ देखो मूर्ते नम्बर (१३)

अलना का अंजाम हथेलीके साहमने ओर (अंदर को निकला होया होता है ॥

(१३)



कभी २ साहमने बल उखड़ कर आजाना है ॥

पश्चान कब्जे के जोड़ के उखड़ जाने से इस तरहं पर कर्ते हैं खिंचने से सोज गुम होजाती है और हडी जगाहं पर आजाती है और छोड़ देने से फिर दूसरे स्थान चली जाती है और रेडीअस स्टाईलाइड प्रासिस हथेली के साथ हर्कत कर्ती है ॥

कभी २ रेडीअस हडी के जोड़ मिलने वाली [illegible] पीछे का हिसा टेडी तरहं पर टूट जाता है और इस अवस्था मे हाथ पीछे की तर्फ खिसक जाता है और कभी २ नीचे का सिरा टूट कर साहमने को निकल आता है कब्जे की हरकत सारी जाती रहती है कभी हडी टूट कर एक सिरा दूसरे के बीच मे घुस जाता है और अंपे कपान की अवस्था मालूम होती है हथेली के बल गिर्ने से पेह वार्ता होती है ॥

(चिकित्सा) कोहनी को मोड कर दूरड़ करे और

हाथ पकड़ साधा करें ओर कदरे अंदर की तर्फ खींचे एक गद्दी बाहर की वल लगा के ओर उस का मोटा हिस्सा वर्म के स्थान पर होना चाहिये इस वास्ते कि येह टूटी हुई हड्डी साहमने की तर्फ दबा वे दूसरी गद्दी कबजे से लेकर के कोहनी तक, बाजूके अंदर की तर्फ लगावें ओर फिर एक गद्दी दार सपलिंट अंदर के कण्डायल से कबजे तक, लगावें इस को इंटीरीअरसपलिंट अर्थात् साहमने की तख्ती बोलते हैं पिसटल शेपड सपलिंट अर्थात् तमाचे की शकल की तख्ती बाहर के कंडायल से लेकर उंगुलीओं तक हाथ के बाहर की तर्फ लगावें ।

(देखो मूर्त नंबर १४।

(۱۴)(१४)



जुवान मे तीन ओर बूढ़े मे पांच हफते के पीछे पट्टीआं उतार लें ओर चलने फिर्ने की आज्ञा देवें, डाकटर गारडन साहिब एक खास प्रकार की तख्ती लगाते हैं ॥

(देखो मूर्त्ति नंबर(१५)



ग्यारवें) फ्रैकचर आफ दी हैंड अर्थात् हाथ का टूटजाना ॥ पहिले कबजे की हड्डीआं जब टूटती हैं तब हाथ को भी तीक्षण चोट पौंहचती है ओर कभी २ टूटी हुई हड्डीओं को निकालने की लोड़ पड़ती है या हाथ के जोड़ को अलग करना पड़ता है परन्तु जहां तक हो उस को बचावें ॥

दूसरा) मेटा कारपल) अर्थात् हथेली की हड्डीओ ओर फलंजीज़ अर्थात् पूरों की हड्डीआं जब टूट जाती हैं तब लक्षण आम फ्रैकचर के पाये जाते हैं ओर पहचान इस की आसान है मस्लों के बल से हथेली की हड्डीआं साहमने निकल आती हैं यदि कमपौंड फ्रैकचर होजावे तो हड्डी के निकालने की लोड़ पड़ती है परन्तु जहां तक हो बचाने की कोशश करें ॥

चिकित्सा) क़बजेकीहड्डीआँ ओर हथेली हड्डी के टूट जाने मे सन या किसी नर्म चीज की गोला बनाकर रोगी के हाथ मे रख कर उसको एक पट्टी से

बांध देवे जब खाली हथेली की हड्डीआं टूट जावें तो लकड़ी की नख्वती अंगलीओं की शकल की बनाकर लगावे और हाथ को बांध देवे यदि एक अंगुली टूट गई हो तो एक पतली नख्वती कलाई के जोड़ से लेकर के उस अंगुली के अंत तक लगावें और यहीं से कस देवें विदित हो कि हथेली की जानब हाथ की सिता डूंगी होती है और सपलिएट लगाने से पहिले हथेली की सिता को सन से बराबर कर लेवें और बाजू और कलाई और हाथ की फरैकचर मे सलिंग को सदा वर्तते हैं अंगुली और हथेली के फरैकचर मे इनके सोसिस होजाता है कभि कभि एक सपलिएट साहमने और एक पीछे गदीओं के साथ लगाते हैं और यदि दस्तकारी कीजावे तो अंगूठे को बचाना चाहे कई वारी बैण्डेज के स्थान असटिकिंग पलासटर लगावें

बाहरवें फरैकचर आफदी रिब्स) अर्थात पसलीओं का टूटजाना येह हड्डी साहमने के हिस्से से टूटती है और जिस जगह चोट लगे उसी जगह से हड्डी टूटजाती है और कभि चोट के स्थान से नही टूटती जैसे सीने का बाहिर से दोनो तर्फे दब जाना कभि बड़े आदमीओं के खांसी से पसली टूटजाती हैं ॥

लक्षण) दरद वरछी की मार्ई होती है. उदम लेने खानसने और हरकत करने से बहुत होता

है और जो हड्डी टूटी हुई हो उस के एक सिरे से दूसरे सिरे तक अंगुलीओं के साथ परीक्षा करने से टूटी हुई मालूम होती है जेकर हाथ या स्टेथसकोप चोट के स्थान पर रखे तो खांसने या दम लेने के समय जराह और रोगी को करकराहिट की आवाज़ सुनाई देगी जेकर के पास से टूटी है तो और रोगी का शरीर भी भारी हो तो येह पहचान मे बड़ा धोखा होता है परन्तु सीने पर चोट लगने के पीछे जब रोगी को श्वास लेने से दरद होता है जब चिकित्सा फरैकचर की न्याई करते हैं इसवास्ते पहचान के न होने से खराबी नहीं होती कई वारी टूटी हुई पसली की नोकें दोनों परतों को छेद कर फेफड़े को जख़्मी कर देती है और सांस लेने के समय हवा फेफड़े के जख़्मी स्थान से निकल कर खाने मे दाखिल होती है और दाखल होकर पलूरा कास्टीलस की राह से छाती के सेल्युलरटिशू मे दाखल होती है उस स्थान पर जिल्द के नीचे गोल नर्म रसौली होकर दबाने से फैलती है और करकराहिट की आवाज़ देती है इसको टरोमेटिक इमफीसीमा बोलते हैं यदि उस समय उपाव न हो तो हवा श्वास के चलने के साथ सारे शरीर मे सेल्युलरटिशू मे फैल जाती है और रोगी का शरीर पहिले से दुना मोटा हुआ जाता है और खांसी के साथ खून भी आता है ॥

और कभी सीने के मसलों मे चोट पहुंचती है ।। ऊपर ज़खम नहीं होता चौथी पसली से लेकर आठवीं पसली तक होता है ।।

चिकित्सा) पसलीओं की हरकत बंद करें इस वासे के रोगी सीने के मसलों के ज़रिये दम ना लेसके और डाआफराम आदिक हिलने से सांस लेवे इस रीति के पूरा करने के वास्ते अकसर रोगी के दोनों कंधों से पीछे छाती के सामने और पीछे लटकावें और (६) इञ्च चौड़ी एक फलालैन की पट्टी ऊपर से नीचे तक सीने के गिरद लपेटें और पीछे फीतों के नीचे के सिरे को पट्टी के ऊपर से लेजाकर कंधे के ऊपर बांध देवे इसी प्रकार पट्टी फीतों के दरमीआन छाती के गिरद कसी रहती है और नीचे को नहीं खिसकती इससे थोड़े थोड़े टुकड़े (असटिकिंगपलासटर) को सीने के गिरद लगावें येह टुकड़े एक फुट चौड़े और इतने चौड़े और लंबे होते हैं के छाती के गिरद लटका कर आधा हिस्सा छाती पर दो बारां लगाया जावे कई वारी रोगी पट्टी सहार नहीं सकता ऐसी अवस्था मे रोगी को तीन हफते तक आराम से विस्तरे पर लटा रक्खे जेकर सुजन हो तो जलाव देवें दरद दूर करने के वास्ते अहीफेन देवें जेकर लोड़ हो तो रुधर भी निकाल सकते हैं और जब असफाक़ीआ हो तो

एक गद्दी पट्टी से विना लगावें इस विधि से वायु पुस्तुरा की थैली से बाहिर नहीं निकल सकती अंत को थैली हवा से पुर होकर श्वास आशा को दबाती है और उस के घाव को के जिस से हवा निकल ती थी बन्द करदेती है और घाव एक हफता के अन्दर अच्छा होजाता है और रोगी श्वास ठीक लेता है हडी तीन हफते मे जुड़ जाती है

तेरवें) फरैकचर आफदी सटरनम(वा वुक्षास्थि भंग) अर्थात् सीने की हडी का टूट जाना(सख्त चोट और कभि मसलें के कनवलशनसे य ह हडी टूटजाती है करेपीटस सांसलेने की अवस्था मे ठीक सुनाई देता है इसवास्ते कि येह हडी सि र्फ चमड़े से पोशीदा है परन्तु फरैकचर का स्थान अच्छी तरह मालूम होता है कभी येह हडी प्रसूत की पीडा के समय सीओं मे टुटती है

चिकित्सा) पसलीओं के टूट जानेकी तरह करें

चौदवें) फरैकचर आफदी पलवसअर्थात(पेड़ू की हडीओं का टूट जाना येह वार्ता सख्त चो ट से होजाती है सिक्रोएलीअक जोड़ खुल जाते हैं मूत्रआशा और रिकटस आदिक फटकर रोगी बहु त जलद मरजाता है करसटाएलीआई और आस प् बस या इस को अमका वाजू आदिक टूट जाते हैं(

चिकित्सा रोगीको आरामसे हवाई विस्तरे पर सुलावें इसवास्ते के मुर्दा माशु घाव ना होजावे और प्रातःकाल और संध्या को मूत्रआशा

लें या दिन रात अंदर रहिने दें इसवास्ते रोगी को क्लेश ना हो यदि मूत्र सीवन के अंदर बन्द होजावे तो चमड़े को चीर कर निकाल लेवें जब इसको अस और प्यूबस के बाजू टूट कर मजरी बोतलमें जखमी करदें तो रोगी के दोनो घुटनो को बांध देवें ॥

दूसरे) लक्षणों का उपाय जैसे समझ हो वैसे करें जेकर होसके तो रोगी के पेड़ू के गिरद एक चौड़ा कमर बन्द लगावें और दूसरा रोगी के चूतड़ों के नीचे लेजाकर चारपाई या चरखी के वसीले से स्थापन करें इसवास्ते रोगी पाखाने जाने के समय क्लेश के बिना अपने पेड़ू को उठा सके जब सिर्फ आसानामीनेटम टूट जाती है तब इस को पहचान फीमर की गरदन के फरैकचर से करनी पड़ती है यदि गुदा के अंदर अंगुली दाखल करें और एलीअम के ऊपर स्टेथेसकोप लगाने से करेपीटस की आवाज भली प्रकार सुनाई देगी ॥

पंद्रवें) फरैकचर आफ दी आसकाक सेजीअस अर्थात डुमची की हड्डी का टूटजाना येह बात गिरने और डुमची पर लात लगने से होती है और उन स्त्रीओं को इस तरह पर होता है ॥

जिन की डुमची की हड्डी का जोड़ खास हो बच्चा पैदा होने के समय चोट लगने से टूट जाती है

चिकित्सा) गुदा के अंदर अंगुली दाखल करके

हडी को आपनी जगह पर अस्थित करें रोगी बिस्तरे पर लटारखें और कबज ना होनेदें कभिकभि हडी मे जोड़ मिलने के पीछे दरद होता है जिस से रोगी को बड़ा कलेश होता है कभि अस्त्रकारी के साथ हडी को निकाल लेवें

सोलवें। फ्रैकचर आफदी फीमर। वा उर्वस्थि भंग। अर्थात् रान की हडी का टूटना येह हडी कई जगह से टूटती है अर्थात्

पहिला। फ्रैकचर आफदी नेक आफदी फीमर ग्रेटरनलटोही कपशूल। अर्थात् रान की हडी के गर्दन का कपश्रूल येह चोट वाले स्थान नही टूटती जैसे पैर पर ठोकर लगने से हडी की गरदन का टूटना कभि कभि कोले पर चोट लगने या उसके बल गिरने सेभि हडी टूटजातीहै पचास साल की अवस्था के पीछे बडे आदमी और स्त्रिओं को येह बात होती है इसवास्ते इस अवस्थामें हडीआं चरबी मे बदलने लगता है

लक्षण। चोटके लगने या गिरने के पीछे रोगी खड़ा नही होसकता दरदकी शकाइत करता है हिलने से येह पीड़ा बहुत होती है और रान के अंदर और ऊपर के हिस्से मे अस्थित रहिता है पैर अरोगता से लंबाई मे छोटा होता है और पैर बाहर की तरफ मुड़जाता है कई सूरतों मे अंदर की तरफ रुष करता है और अडी अरोगा तरफ के

लिगेमैण्ट के अंदर टूटना पंक्ती ११

टखने और टंडों ग्रेक्सिलिसके बीच मे रहिती है॥

देखो मूर्ति नंबर (१६)



कड़कड़ाहट मालूम करने के वास्ते अगर हाथ या रोगी के टरोकंटर मेजर पर रखें और पाओं को सीदा खैंचकर घमा देवें तो आवाज सुनाई देगी १ पेर को छोड़ने से पेर की लम्बाई थोड़ी होजावेगी टरोकंटर रोगी तरफ वालें थोड़ा निकला हुआ होता है यदि पेरों को १ चक्कर देवें तो घेंस दूसरे पेर वालें थोड़ा होगा यदि रोगी आप पेर ना उठा सके तो जराह चारों तरफ पेरको हिलावे आवें तो पीड़ो के होने की शकायत करता है पेर को बाहर की तरफ लजाने से पीडा तकलीफ होती है कभि कभि लचंगा मे भेद पड़ जाता है॥

प्रथम जब लिगेमेण्ट फटजावें तब लम्बाई एक ईंच से दो ईंच तक और जब साबत रहे तब एक ईंच से भी छोटा होजाता है यदि हड्डी टेढी टूटे और अमपेक्शन की अवस्था हो तो लंबाई उस समय थोड़ी नहीं होती परन्तु कुछ दिन को पीछे अच्छी तरह नजर आती है कभी कभी पेर की लंबाई मुदत तक ठीक रह कर जब रोगी एकवारी

चलना चाहता है तो थोड़ा होजाता है जोड़ ढीली २ छोटा होजाता है येह अवस्था फीमर की गरदन के गुपत होजाने से होती है जब फीमर की गरदन टरोकंटर मे घुस जाती है तब पैर का रूख अंदर को होता है कई अवस्था मे फीमर की गरदन टूटकर इस के सिरे मे घुस जाती है ॥

परीक्षा इस की बहुत कठन होती. है परन्तु इन लक्षणो का ध्यान रखना चाहिये लम्बाई का थोड़ासा कम होजाना पैर का कुछ बाहर की तरफ रूख करना करे पीटिस का ना सुनाई देना खिंचने से पैर का पहिली अवस्था पर ना आना होरना फरैकचरां (नासें पैर का हिलना कुछ अस्थित रहिना ॥

परागनोसिस) इस फरैकचर का जोड़ हडीओं के अंश से नहीं होता परन्तु उन अवस्था मे कि जहां हडी की नडीयें की झिली साबत रहे अंपैकशन की अवस्था हो या फरैकचर थोड़ा कैपसूल के अंदर और कुछ बाहर हो तो हडी का जोड़ होसकता है कभी कभी हडी गरदन गुम होकर गोल होजाती है ॥

और फीमर के सिर मे पिआला की तरह का गड़ा बना कर हरकत करती है और कपसूल २ लिगेमैंएट अबटुरेटर ३) अकसटरनस) मसल मोटे होकर शरीर के भार को उठाते हैं हडी के ना जुड़ने का कारण येह है कि हडी के टूटे हुए सिरे एकठे (

नही रहिते बुढ़ापे और निर्बली के कारण भी हड्डीओं का अंश थोड़ा पैदा होता है अर्थात् जबभि होजाता है ऊपर के टुकड़े मे परवशी थोड़ी होती है साएनोवीअल झिल्ली के कारण क्यालसिस थोड़ा पैदा होता है ॥

लक्षण) भांवे पहिले थोड़े होते हैं परन्तु रोगी अनीभीओं और थोड़े खून होने के कारण और सरीन के गल जाने के कारण मरजाता है ॥

पहचान) विदित हो कि कोले के बल गिर्ने से कई और रोगभी इस जोड़ के होते हैं जिन के कारण रोगी लंगड़ा होजाता है॥अर्थात्

पहिला) इटर स्पिटशल अब्बसार पधान) अर्थात् जोड़ के हिसे का गुम होना इसमे फीमर(की गर्दन छोटी होजाती है **लिगेमेन्ट** गुम होजातेहैं जोड़ मिलनें वाली जगह पुरानी होजाती है और(गर्दन के गिर्द हड्डीओं का अंश बेकायदा पैदा होता हैयाग्रीन की लंबाई छोटी होजाती है मसल पीले होजाते हैं यह अवस्था रोमाटिकआरथ्राटिस) आदिक में जिनका विख्यान अच्छी तरहं पर आगे कीआजाएगा वो होजाती हैं यदि फ्रैकचर के लक्षण जिन का विख्यान पीछे हो चुका है भली प्रकार देखे जावें तो पहचान भली प्रकार होसकती है ॥

चिकित्सा) यदि रोगी निर्बल हो तो उसकी ताकत को तख्ती आदिक लगाकर ना घटावे और उसको(

दो हफते तक पटड़े या चारपाई पर लटा रखें इस वास्ते कि दर्द और वर्म को आराम हो रोगी जोड़ के दोनो तर्फ रेत के थैले लगावें अडी को अस्थित रखेंने के वास्ते किसी भारी चीज को उसके गिर्द जैसे लोहा का गोला सिर से बांधकर लटकावें कुछ थोड़ी देर के पीछे कुरसी पर बैठने की आज्ञा देवें और भेडीओं के साथ फिरने देवें जब अच्छा होजावे तो अडी उस पैर के जूते की ऊंची होनी चाहिये इसवास्ते कि लंबाई दोनो पैरों की बराबर मालूम हो याद रहे कि रोगी कई वारी तीन हफते के अंदर को लिफ्त और चोट के कारण मरजाता है ॥

और मुदत तक विस्तर पर पड़े रहिने से रोगी बेड़सोर के क्लेशा मे पकड़ा जाता है ॥

दूसरा) फ्रैकचर अकसटर्नल टोदी कपश्यलरल गोसिमैएट) अर्थात् हडी की गर्दन का कपश्यूलर लिगेमिएट का बाहर टूटना यह चोट के स्थानसे टूटती है जैसे कोले के बलगिर्ना या उस पर सख्त चोट का लगना इसमे फीमरकीगर्दन टूटकर बड़े टरोकण्टर मे घुस जाती है जो छोटे टरोकण्टर के साथ फट जाना है यदि फीमर की गर्दन टरोकण्टर के बीच मे अच्छी तरह पर जमजावे ॥

और पैरीआसतक्रिसताबत रहे तो करेपीटस सनाई नहीं देता लंबाई पैर की छोटी होजाती है पैर बा

हर की तर्फ मुड़जाता है और खिंचने से असल अवस्था पर नहीं आता कभी कभी अंदर की तर्फ रूख कर्ती है परन्तु फैसला बड़े टरोकण्टर और (इनटीरीअर)(सुपीरीअर)(एलीअकअसपाइन)के दरमीआन अरोग पासे नालों थोड़ा होजाता है और टरोकण्टर मेजर थोड़ा दखाई देता है यदि अंपैकशन की अवस्था ना हो तो लंबाई थोड़ी होजाती है पैर अंदर को मुड़ जाता है और हड्डी की कड़कड़ाहट लातको खैंचने और उसको हिलाने देने से अच्छी तरह पर मालूम होती है ॥

तीसरा ओवलिकफ्रेकचर थरोदी ग्रेट टरोकण्टर) अर्थात् बड़े टरोकण्टर के बीच से टेढ़ी तरह पर टूटना ॥

लक्षण) पैर बाहर की तर्फ मुड़ जाता है और लंबाई कुछ थोड़ी होजाती है और हड्डी का शरीर टरोकण्टर से अलग मालूम होता है जोड़ हड्डीओं के अंश से होता है ॥

चिकित्सा) पैर को खैंच कर (लांगस्पलिण्ट) अर्थात् लंबी तख्ती लगावें और शरीर के ऊपर के सिरे के गद्दी और गोल पट्टी से ऊंचा रखें इसवास्ते कि टूटे हुए सिरे हड्डी के बराबर रहें ॥

चौथा) फ्रैकचर आफदी एपीफैसिस आफदी टरोकंटर मेजर) अर्थात् बड़े टरोकण्टर का अपने जोड़ से टूटना ॥

येह बात याद रहे कि निकाल हडी (१०) साल के अंदर कुरी से जुड़ा रहिता है परन्तु जब हडी इस स्थान से टूटती है तब पकान मुशकल होती है ॥

लक्षण) टरोकण्टर हर्कत कर्ती है और कड़कड़ाहट कुरी की न्याई सुनाई देती है जोड़ लिगेमैण्टके अंश से होता है ॥

पांचवाँ) फ्रैकचर वीलोदी टरोकण्टर)

अर्थात् हडी का दोनो टरोकण्टर के नीचे से टूटना चोट के स्थानपर बहुत सूजन होता है इसवास्ते कि ऊपर का टुकड़ा खास और एला एकस मसलों के कारण साहम्ने को आजाता है और नीचे का टुकड़ा रान की हडी के मसलों और गलोंटीअसमकसी मसलोंके साथ ऊपर पीछे और बाहर को खिच जाता है ॥

छेवां) फ्रैकचर आफदी शाफट आफदी फीमर)

अर्थात् फीमर के शरीर का टूटना ॥

लक्षण) इसके आम फ्रैकचर की न्याई होते हैं येह बात मसलों के (कनवलशन) और चोटके स्थान पर चोट लगने से होते हैं यदि चोट तीक्षन लगे तो फ्रैकचर टरंसवरसप्रकार का होता है यदि चोट तीक्षण लगे तो हडी टुकड़े २ होजाती है और जब चोट असल स्थान पर ना लगे तो हडी टेडी टूटतीहै हडीके नीचेका सिरा बाहर रूख कर्ती है ॥

जब हड्डी कंआयल के ऊपर से टूटती है तो नीचे का सिरा पीछे को खिच जाता है बचों में कभी फरैकचर एसा नही होता फीमर की गर्दन के फरैकचर कई शलपकारोकेनजदीक अपैकटिड होते हैं और कई अवस्था में पीछे जुदा होते हैं अम्पैकशन की अवस्था मे चोट पर मुनहसर है और इस वास्ते येह जरूर २ होते है परन्तु करैपटिस के मालूम करनै के वास्ते पैर बहुत ना हिलावे इस वास्ते इस वास्ते कि अम्पैकशन की अवस्था रहती है डाकटर ब्राटिड साहिब फीमर की गर्दन की पैछान के वास्ते एक प्रकार का ग देते है जिस की हद पह है इस त्रकोण की चोटी अनटीरीयर सुपीरीअर स्पायेनल प्राईसिस ऐलीअम के स्थान पर है और गड ऐसे खत से बनी है जो ट्रोकंटर मेजर से लेकर ऊपर की तर्फ को लेके जोड की पुशत पर होकर स्थापन होती है नेडे की तर्फ के साथ मिलाने से टूटी होई तर्फ थोडी होगी ॥

चिकित्सा छ प्रकार के फ्रैकचर का अम्पैकटिड फ्रैकचर रोगी को खाली आराम से रक्खें और पैर को न छेडे इस वास्ते कि हिलाने से हड्डी टूकडे र होजाती है लोंगअसपलिंट अर्थात तखती से लम्बाई में यह रोगी की बगल से लेकर पैर के नीचे ४ इञ्च तक बढ़ती होनी चाहिये जवान आदमीओं मे ५ इञ्च और बचों मे थोडी होनी चाहिये (

इस के ऊपर के अखीर में दो छिद्र होते हैं और नीचे के सिरे में दो नाच अर्थात नशेब पाया जाते हैं इन नाच के ऊपर तखती के अंदर की तर्फ एक खाना होता है

लगाने की रीति स्प्लिंट पर अच्छी तरह गद्दी लगावें फिर अंगूठे से ले कर रान तक पट्टी बांध देवें कई जगह इस पट्टी को अच्छा नही जानते कई गद्दी वाली पट्टी को पेर के साथ लगा कर उस के नीचे के सिरे को टखनें के जोड़ के साथ इस तरह अस्थित करें कि पट्टी टखनें निशेवों और पैर के गिर्द पुश्त पर पैर को वल देकर (२०) मूर्ति

(१९)(२०)



की तरह बांधे और अंग्रेजी के (8) अट्ठे की तरह बनावें पीछे तखती को टांग गुठनें और रान के नीचे के हिस्से साथ मूर्ति की न्याईं करें फिर प्रीनीअल वैंड अर्थात स्तन के गिर्द का बंद काम में लावें यह दो प्रकार का होता है (एक) मोटी इंडीअरवड की नाली से बनता है (दूसरा) कपडे से बनता

है डेढ(१½)गज लम्बे कपड़े में सन भर कर उस के गिर्द मोम जामा लगावें फिर सन के गिर्द लपेट कर उस के दोनो सिरो को लांगस्पलिंट के ऊपर के दोनों सूराखों से निकाल लेवें और मददगार रोगी पैर को स्पलिंट के साथ इतना नीचे की तर्फ खेंचे कि जख्मी स्थान जोड़ के बरा बर हो जावे और जराहपरीनिअल बैण्ड के दोनो सिरों को पकड कर ऊपर को खेंचकर गिरह देवें पीछे पटी से ढांप देवें इस रीति से हड्डी के सिरे भली प्रकार एक दूसरे के निज़दीक रहते हैं अगर सीनें गिर्द पट्टी का वाधना मुनासब न समझा जावे तो रोगी अरोग रान के गिर्द लगा कर इस का सिरा सामने दूसरा पीछे से लेजाकर लंबी तख्ती के सूराखों से गुजर कर वांध देवें और रोगी को फ्रेकचर वेड पर लेटा के और हिलनें न देवें पाखाना वेड़ पैन अर्थात् पाखाने के बरतन और मूत्र यूरेटल अर्थात् मूत्र दानी में करावे इस वास्ते कि रोगी पाखाने वेटने के समय या मूत्र ने के समय न हिले इस वासते कि बहुधा अरोग पैर से दूसरे पैर की पट्टीआं उतार देते हैं इस वास्ते उन के अरोग तर्फ में भी स्पलिंट लगाना चाहिये जब हड्डी का शरीर टूट जावे तो एक तख्ती रान के अंदर की तर्फ कच्छापल से टरोकेंटर तक और यदि लोड हो तो सामनें और पीछे लगावे

और उस की रान को और घुटनों को लोहे के बीच वाली सप्लेंट में रख कर बाध देवें तीसरे अन्डे की जरदी और मैदे में भगोई हुई पट्टी शरीर के नीचे की तिहाई के फ्रैकचर में बरतें चौथे डाक्टर साइम साहिब रोगी को गदेले पर लिटा कर एक चादर की तिह करके दोनो लात और शरीर को बलेट देते हैं सिर्फ रोगी के पैर खुले रहते है पीछे रेते के लम्बे थैले रोगी जोड के अंदर और बाहर केवल ऐडी से लेकर कोहले तक लगा देते है पांचवें अमरीका में फ्रैकचर का उपाय इस तरह पर करते है एक लोहे की तार १२ नम्बर की सलाई के बराबर मोटे रान के सामनें से ले करके अंगूठे तक स्टिकेङ्ग पलास्टर और पट्टी से अस्थित करें यह तार घुटने और टखने के पास मुडा हुआ होता है और इस के दो स्थान पर घुटनें के नीचे और ऊपर लोहे के कुंडे लगे हुए होते है इन के बीच में सेरसी साथ करके तार को पैर के साथ छत में लटका

(२८)



से देखो मूर्त नम्बर (१८) अगर कम्पौड फ्रैकचर हो जावे तो डाक्टर लिसटन साहिब का सप्लिंट काम में लाते हैं टांगों को फ्रैकचर कैडल अर्थात् झोले में लटका देते हैं और कमीर ब्रेकेटिड सपलिंट (१९)

(१९)



नम्बर की तरह लगाते है घाव पर पट्टी सपलिंट के कटे हुये स्थान से लगानी चाहिये कमीर शरीर के फ्रैकचर में वोझ के साथ हड्डी के टुकड़े एक दूसरे के पास रखते हैं जकनों में दो सेर का गोला रस्सी में बांध कर रोगी के पैर के साथ अस्थित करके चरखी के साथ लटका देते है देखो मूर्त नम्बर (२०) कई जगह पहिले से मोच

(२०)



गटा परचा या चमड़े का स्प्लिंट वरतते हैं परन्तु हर एक अवस्था में चौथे हफ्ते स्टारचबैंडेज तख्तीओं को उतार कर लगावें यह वैंडिज अंगुलीओं से लेकर कमर तक लगाते है और एक लम्बा सिलिंग २० नम्बर की मली की तरह का पैरों से गर्दन तक लगावें कभी शरीर के फ्रैकचर में लाग स्प्लिंट के अंदर और रान के बाहर कीं तर्फ छोटा सा स्प्लिंट लगावें कम्पाउ फ्रैकचर में निकस स्प्लिंट को भी वरतते हैं एक लम्बी चादर को जितनी लोड़ हो चौड़ी तिह करके हर एक सिरे से स्प्लिंट लपेटनाशुरू करै दोनों स्प्लिंट के बीच में इतनी चादर बाकी रहजावेकिवह रोगी स्थान के गिर्द आजावे और दोनों स्प्लिंट अंदर और बाहर लग जावें इन को वैंडिज़ से कस देवें ॥

सातवां फ्रैकचर आफ दी कान्डायल अर्थात् कन्डायल का टूटना यह बड़ों को होता है और रोगी मरजाता है ॥

चिकित्सा जहा तक होसके रोगी के पैर को सीधा रखें जब रोगी अच्छा होजावे तो जोड़ की हरकत जाती रहती है लोहे का स्प्लिंट लगावें जब हड्डी पीछे को खिंच जाती है तो टैंडो अकीलीज़ के काटने की लोड़ होती है ॥

फ्रैकचर आफ दी पटेला अर्थात् चपनी कीहड्डीकाटूटना यह दो तरह का होता है (प्रथम) पसलों के

कचलशञ्च सें यह बात कूदने के समय जमीन पर पैर सीधा न लगने से होती है इस अवस्था में घुटना मुड़जाता है और चपनी ऊपर की तर्फ खिचजाती है और वैकिस मसल में एक बारी कच लशञ्च होता है और आड़े तरह पर टूटजाती है ॥

लक्षण रोगी अपना घुटना साधा नहीं रख सकता है और अगर परीक्षा की जावे तो दोनो टूकड़े जुदा मालूम होते है और इन के मध्य का फासला घुटने के मोड़नें से बहुत होजाता है जोड़ हड्डीयों के अंश सें बहुत थोड़ा होता है इस वास्ते कि हड्डी के दोनो टूकड़े एक दूसरे से मिले नहीं रहते अगर रोगी अच्छा भी होजावे तो टूकड़े जुदा रहते है घुटने के सीधा करनें काच ल थोड़ा होजाता है देखो शक्ल नम्बर (२१) रोगी सारी आयुषा पर्यन्त लङ्गड़ा रहता है और इस कज के कारण उस के गिर पड़ने का डर होता

(२१)



है जोड़ लिगैमैण्ट के साथ होता है परन्तु कभी२ ऐसा भी होता है कि सिर्फ फेशीया के साथ होते दोनो टुकड़े जुड़ जाता हैं पहिली अवस्था में आधा ½) इन्च से एक इन्च पिछली में ४ इन्च से ५ इन्च तक फर्क रहता है ॥

चिकित्सा रोगी की कमर तकपे से ऊंची रखे इस वास्ते कि वह मसल जिन के साथ से यह टुकड़े मुलगहे ढीले रहें एक गद्दी और सीधी तखती घुटने के पीछे पैर तक लगावें और अडी को ऊंचा रखें और अंग्रेजी आठे (८) की तरह की पट्टी घुटने पर लगा कर दोनो टुकडों को नेड़े लावे या एक गद्दी ऊपर के टुकड़े पर और दूसरी नीचे के टुकड़े पर रख कर स्टिकिंग पलास्टर के लम्बे टुकडों के साथ दोनो हिस्सों को मिला दें. कभी२ सायादार पट्टी पैर से ले कर रान तक लगावे पट्टी का दबाओ रान के नीचे की तेहाई पर होना चाहिये परन्तु घुटने पर कभी न हो और इस समये अडी को ऊंचा नहीं रखते हैं और स्प्लिंट को रान के ऊपर के हिस्से से लेकर अडी तक लगावें घुटने के नीचे और ऊपर लोहे की पतरे तखती में लगावें और गद्दी के ऊपर और नीचे लगा कर इन पाठोंकेसाथ अस्थित करें इस तरह पर दोनो टुकड़े नेड़े आजाते हैं और कभी२ इसी काम के वास्ते कई प्रकार के शस्त्र बनाये गये हैं

डाक्टर मैल गागनी साहिब की गांठों को टूटी हुई हड्डी के ऊपर नीचे चमड़े में लगा कर पेंच को घुमाने से कांटे एक दूसरे पास आकर हड्डी को आपस में मिला देते हैं देखो मूर्ति नम्बर(२२)-



डाक्टर वुड साहिब का स्प्लिंट भी वर्त्ता जाता है यह लोहे के स्प्लिंट के बराबर है परन्तु इसमें नीचे की तरफ़ दो किल्लियें लगी रहती हैं घुटने को स्प्लिंट पर रख कर पट्टी से हड्डी के टुकड़े को नज़दीक लावें और पट्टी के बल कीलों से कस देवें पहिले सूजन होती है इस वास्ते घुटने पर सर्द पानी और जोंकें लगावें जब सूजन जाती रहे तब जर्राह रान के ऊपर से मसलों को हाथ से ढीला करे इस वास्ते ऊपर को खेंचता हुआ हड्डी का टुकड़ा नीचे आजावे इसी प्रकार ऊपर को तरफ़ नीचे के टुकड़े को खेंचे और मसल इन दोनों टुकडों को फिर जुदा न करे चौड़ा टुकड़ा स्टिकिंग प्लास्टर का घुटने के ऊपर और नीचे लगा देवें कई जगह हड्डी के हिस्सों को लोहे से जोड़ देते है यह शस्त्र कारी ऐंटिसिपिक रीति से होनी चाहिये इस वास्ते कि पीप के पैदा होने से गल जाती है और सूजन को रोके अगर सेह हो

जावे तो बहुत जल्दी पट्टी आदिक को खोल देवे-और उपाय इस का रीति पूर्वक करें ॥

दूसरे हड्डी का टूटना चोट के स्थान से इस में-हड्डी के टुकड़े २ होजाते हैं कभी सीधी तरह पर टूटती है टुकड़ों के बीच का फासला पिछली प्रकार से थोड़ा होता है परन्तु सूजन बहुत होती है जब वह दूर होजावे उपाय काम में लावें तीन महीने तक पैर को न सुकेड़े और एक साल तक घुटने पर इलेस्टिक बेण्डेज पहिना कर हिलावे।

चौदवें फ्रेक्चर ओफ़ दी नी जायंट अगर चमड़ा फट कर हड्डी टुकड़े २ हो गई हो या पापलेटिअल आर्टरी ज़ख़मी हो गई हो तो ऐसी अवस्था-में जोड़ को जुदा कर देते हैं परन्तु जब नाड़ियां साबत रहें और हड्डी भी इतनी न टूटे और चमड़ा भी न फटे तो पैर को लिसटन साइड पर रख कर उपाय करें सूजन का उपाय रीति पूर्वक-करना चाहिये।

पंद्रवें फ्रेकचर आफ़ दी लेग अर्थात् साक़ का टूटना—प्रथम टिबिया अर्थात् पिंडली के अंदर की हड्डी का टूटना यह हड्डी नीचे की तिहाई से टूटती है और इसका शरीर सामने की तरफ़ बल खाकर टूटता है यह इनडाईरैक्ट फ़ोर्स अर्थात् चोट की धमक से तिरछी तरह पर टूट जाती है और ऊपर का सिरा सामने और नीचे की तरफ़ आकर हड्डी

के निचले टुकड़े के ऊपर आजाता है और चमड़े में इसका तेज़ किनारा मालूम होता है कभी२ चमड़ा ज़ख़मी होकर कम्पौंड फ्रेकचर होजाता है कभी२ टिबिया डाइरैक्ट चोट के स्थान से टूट जाती है इस अवस्था में हड्डी या तो आड़ी टूटती है या चूर हो जाती है।

चिकित्सा पैर को बाहर की तरफ रख कर और घुटने और टखने की सीध में खेंच हड्डी को अपनी जगह पर बिठलावें अगर कम्पौंड फ्रेकचर हो तो मेनीटेल बैंडेज लगावें ॥

रीति प्रथम एक टुकड़ा पट्टी का कि चौड़ाई में तीसरा हिस्सा (३) लात का पोषीदा करता हो और लंबाई में घुटने से एडी तक पहुंचे और दूसरी पट्टी के छोटे२ टुकड़े काट कर आड़ी तरह पर लगावें। देखो मूर्ति नम्बर (९३) परन्तु खयाल रखें कि एक टुकड़ा दूसरे टुकड़े को पोषीदा करे इन टुकड़ों को पट्टी के साथ मिलने के स्था



स्थान पर सी देवें पैर फ्रैकचर क्रेडल में लटका देवें अगर फ्रैकचर सिंपल हो तो एक गद्दी वाली स्प्लिंट बाहर और दूसरी अंदर ले बल लगायें बाहरले स्प्लिंट में फुट पीस अर्थात् पैर के वास्ते तख्ता होता है इन तख्तियों को कार्ईलस स्प्लिंट बोलते हैं जिन की मदद से पैर अंदर और बाहर नहीं मुड़ सकता स्प्लिंट को पट्टियों से स्थित करें विदित हो कि अंगूठे को पैटड़ा के अंदर के किनारे की सीध में रखना चाहिये ॥

दूसरे प्रकार स्प्लिंट को लिस्टन मेकनटायर आदिक भी कहते हैं इस में रोगी का पैर सीधा रहता है एडी को फलालेन की थैली में रख कर पैर के वास्ते जो तख्ती स्प्लिंट में होती है फुट पीस के कील से टांक देवें और यह स्प्लिंट पेचों के साथ सीधा और टेढा भी होसकता है कम्पौंड फ्रैकचर में यह बहुत फलदायक है इस वास्ते कि घाव का स्थान भली प्रकार से खुला रह सकता है ॥

तीसरे संगजरा माया और गूंद की पट्टी भी इसमें वर्ती जाती है इस्के बनाने की रीति पहिले बतलाई गई है बच्चों के फ्रैकचर में यह वर्ता जाता है जब हड्डी का जोड़ थोड़ा भी पुख्ता हो जावे और पट्टी भी खुश्क हो तो जवान आदमियों में एक लंबी पट्टी स्लिंग की तरह गले से लटका कर एडीड

स में रखदेते हैं और रोगी को फोड़े के साथ फिरनें का हुकम देते हैं कम्पौंड फ्रेकचर में लात को फ्रेकचर केडल या सालटरज़ सोआंग अर्थात झूले में लटका देते हैं देखो मूर्ति नम्बर (२४) कमीर

(२४)



घुटनें के जोड़ के अंदर टिबीआ का सिर टूट जाता है उपाओ इस इस का केडायल के फ्रेकचर की न्याई करते हैं पैर को सीधा और ऊंचा रक्खे जोड़ की हर्कत दूर करने के वास्ते घुटने के पीछे और बगल पर स्टारच बैंडिज़ अर्थात मायादार पट्टी बरतें पांच हफ्ते के पीछे जोड़ को हिलनें दें ॥

दूसरे फ्रेकचर आफ दी फाईब्युला अर्थात् पिंडली के बाहर की हडी का टूटना यह हडी टिबीआ के साथ टूट जाती है पिंडलीओं के मसलों के खिचजानें के कारण हडी को अपनी जगह पर रखना कठन होता है जब हडी नीचे के सिरे से टूटती है तो हडी बल खाजाती है और यह चोटें होती हैं

अर्थात फाईव्युला दो तीन इन्च वाहरकेमेलीओलिस के ऊपर से टूट जाती है और डैलटाइड लिगेमेण्ट फैल जाता है या फट जाता है या फाईव्युला ३ इन्च ट्खनें के ऊपर टूट जाती है और टिबीआ के नीचे का सिरा टेडी तरह पर वाहर से अंदर की तर्फ टूटजाता है और कभी२ अंदर का मेलीओलिस टूट जाता है और फाईव्युला सावत रहती है और ट्खनें के वाहर का लिगेमेण्ट फटजाता है और फाईव्युला ३ इन्च ट्खने के ऊपर टूटती है और अंदर का मेलीओलिस टूटजाता है इस अवस्था को पाटिस फ्रैकचर भी वोलते हैं ॥

कारण पैर में मोच या ऊंची नीची पृथ्वी पर कूदने से यह हड्डी टूटती है इस जोड़ के फ्रैकचर के साथ डिस्लोकेशन भी होजाता है ॥

लक्षण या चिन्ह जव फाईव्युला टूटती है तो पीडा और वर्म होता है किरेपीटस सुनाई देता है जव फाइव्युला के वीच का सिरा टूटता है तव पैर वाहर की तर्फ मुड़जाता है तलवा ऊपर और वाहर की तर्फ होजाता है और उस के अंदर का कनारा पृथ्वी से लगा रहता है यह अवस्था वाटिस फ्रैकचर में होती है और तव टिबीआ के वीचका सिरा भी टूटता है फ्रैकचर के लक्षणों के विना अडी अंदर की तर्फ पैरवाहर को मुड़ जाता है और जोड़ चौडा मालूम होता है ॥

चिकित्सा लम्बी तख्ती का टूकड़ा या लाइन साहिब का सप्लिंट गद्दी आदिक का लगाकर जैसा पीछे वर्णन होचुका है लगाते हैं या आयरन सप्लिंट काम में लाते हैं या वजन के साथ (२०) मूर्ति की न्याई हंडी के टूकड़ों को मलावे और इस समय टांग के फ्रैकचर में इन वजनों को सप्लिंट के साथ वरतते हैं कई शल्यकार रेत की थैलीआं वरतते हैं कभी २ पिंडलीओं के मसलों के हिलनें से हडी के टूकड़े बराबर नहीं रहते ऐसी अवस्था में टिंडो अकुलिनिस के कांटनें की लोड़ होती है जब दोनों हडीआं नीचे के सिरे से टूट जावे तो एक सप्लिंट पिंडलीआं पर लगावें और इस सप्लिंट के साथ एक सीधा फुटपीस होना चाहिये और पैर की दोनों तर्फ सप्लिंट लगावें और सारे को थैले में पाकर लटकावें और पैर के फ्रैकचर में सुरख वाद का डर होता है और हडी के गल जानें का डर होता है उपाओ कम्पोंडफ्रैकचर की न्याई करें ॥

सोलवां १६ फ्रैकचर आफ दी फीट अर्थात् पैर की हडीओं का टूटना कभी इसमें हडीआं इस तरह पर टूटजाती हैं कि पैर के जुदा करनें की लोड़ पड़ती है जहां तक हो कि ठीक हिस्सा जैसा अंगूठा इस के बचानें की कोशश करें और उस में जगह के मुवाफिक तख्ती और पट्टीओं को काम में लाते हैं अगर सुवाद पैदा होजावे तो डिंगे सूराख

करके निकाल देवें और कभी ट्यूब्रासटी आफ दी सकालसिस मसलों के कनवलशन के कारण एडी के बल गिरनें सें टूट जाती है जो टेडी का लिगेमेन्ट के अंश से होता है कभी अस्ट्रागेलिस टूट जाती है ॥

चिकित्सा गटा पारचा की तख्तीआं पट्टी के साथ लगावें मजन का ध्यान रक्खें कई वारी अस्ट्रागेलिस अस्कीफाइड और अंगूठे के ऊपर की हड्डीआं पैर पर गाड़ी के पैये के फिर जानें से टूट जाती है और टूटी हुई हड्डी को निकालना पड़ताहै घाव का उपाय कंटीज्सडवौंड की न्याई करें ॥

आठवां परिच्छेद ॥ ८ ॥

सन्धिस्थानव्याधि जोड़ के रोग

पहिले साईनोवाइटस (वा) मासकप्रदाह

कारण इस का दो प्रकार का होता है (पहिले) स्थानिक चोट मोच घाव और जोड़ का पैनीट्रेटिंग वौंड दूसरे शारीरक सर्दी का लगना गठीआ और गाऊट आतशक सुज़ाख और कभी स्त्रीआं के गर्भ छुट जाने या बच्चा पैदा होनें के पीछे भी होजाता है बच्चों को चोड़े और घुटनें के जोड़ में यह रोग होता है॥

पहिले अक्यूट साईनोवाइटस लक्षण जोड़ में तीखन पीड़ा होती है हिलानें से बहुत होती है जोड़ का स्थान सुरख होजाता है रोगी को तप और पीड़ के

पीछे वर्म होजाता है इस रोग में यह पीज एक खास प्रकार की होती है (सार्ईनोवीअल मेम्ब्रेण) की थैली में सीरस अफ्यूज़न अर्थात ख़ून का पानी भरजाता है इस कारण से जोड़ फूल जाते हैं यदि दिल लगा कर परीक्षा कीजावे तो ऐसे स्थान के जोड़ जो सिर्फ चमडे से पोशीदा हैं वह फूल जाते हैं। और डुल डुलाहिट भली प्रकार मालूम होती है जोड़ की शकल बदल जाती है जहां जोड़ चमडे और लिगेमेंएट और मसल हडी से थोडा पोशीदा है। वहां पानी के भर जाने से ऊंचाई उत्पन्न होजाती। है घुटने के जोड़ में चपनी की हडी साहम्ने को। निकल आती है और जोड़ के दोनों तर्फ वर्म मालूम होता है रान के साहम्ने और नीचे का हिस्सा भी फूल जाता है यदि रोग घुटने के जोड़ में हो तो वर्म कंडायल और कोहनी में ओलीक्रैनन के बीच और ऊपर की तर्फ दखाई देता है जब कुहले और कंधे के जोड़े में स्जम हो तो जोड़ के चारों तर्फ वर्म होता है और दवाने से पीज की शकाइत होती है ॥

प्राग्नोसिस जब चोट या घाव के कारण स्जन। किसी खास जोड़ में हो तो और लक्षण सुहरके तप के जैसे बेसुह होकर बकना इत्यादिक तो यह फल नुकसान के देने वाला होते है ॥

पछानमरने के पीछे जोड़ की असली सूरत और उ

स के अंदर पीप और रक्त का पानी पाया जाता है जब रोग बढ़ जाता है तब झली और कुरी गल जाती है और अगर पुराणा पड़ जावे तो झली की सितह पर अंगूर पैदा हो कर झालर की न्याईं जोड़ में लटकते है ॥

चिकित्सा यदि चोट के कारण हो तो रोगी जोड़ को तखती के साथ बाध देवें इस वास्ते कि जोड़ हिलनें न पावे जब लक्षण तीक्षण होते हैं तब लकडी की तखती लगाते हैं और जब रोग पुराणा होता है तो चमड़ा गत्ता पारचा या काग़ज़ की तखतीआं लगाते हैं और घुटने को सीधा रक्खे जोकें लगावें बर्फ या जलाव रोगी की अवस्था को देख कर करें पीड़ा दूर करनें के वास्ते रात के समय अहिफेन रोगी को देवें गर्म लूपरी पर लाउडनम छिड़क कर लगावें यदि यह रोग गंठीआ के साथ मिला हुआ हो तो आयोडाइड आफ पुटाशयम गुवाएकम के साथ मिला कर काम में लावें यदि गाऊट हो तो कालचीकम देवें ॥

दूसरे क्रानिक साईनोवाएटस वा पुरातनमासकप्रदा

लक्षण पीड़ा मधम और जोड़ फूल जाता है रात को पीड़ बहुत होती है हडीओं के जोड़ मिलने वाली सितह नेड़े आकर आपस में रगड़ खाती है घुटना आप ही आप कांपता है जोड़ ढीला और निर्बल होजाता है थोड़ी देर के पीछे रोगी स्थान में

पानी भर जाता है और डुल डुलाहिट मालूम होती है कभी२ फूल जानें के विनां और कोई लक्षण उदे नही होता अगर रोग मुद्दत तक रहे तो साईनोवीआ की झल्ली गल कर मुवाद जोड़ में पैदा हो जाता है और हडीआं मुरदार पड़ जाती हैं कभी२ पानी इतना होजाता है कि जोड़ के फट जानें का समां पहुंचता है कई अवस्था में जोड़ पर हाथ रख कर हिलानें से एक तरह की आवाज सुनाई देती है ॥

चिकित्सा कारण को दूर करें जैसे बाद फरंग का रोग रेमाटेज़म और गाउट का उपाय करें जब यह चोट के कारण पीड़ा हो तब सूजन का उपाय करें खून के साफ करनें वाली औषधि देने चमड़े का सप्लिंट जोड़ के दोनो तर्फ लगावें इस बात का ध्यान रक्खें कि जोड़ के सामनें की तर्फ दबाओ न पड़े छोटे२ पलस्टर जोड़ के दोनो तर्फ लगाते रहें और आयोडीन लगावें कभी२ अंग्वैण्टम हाईड्रार जराई भी मलते है कभी रोगी जोड़ को अच्छी तरह साफ करके सटिकिङ्ग पलासटर से मढ़ देते हैं और कभी पट्टी से कस देते हैं कभी पारे की मलम कपड़े पर लगा कर सटिकिंग पलासटर की न्याई लगा कर सादी पट्टी बांध देते है थोड़ी देर के पीछे जोड़ सख्त होजाता है इस प्रकार का उपाय अंकीलो सिस की तरह जिस का

व्याख्यान आगे कया जायेगा शस्त्र कारी से पानी को निकाले और कभी आयोडीन की पचकारी करते हैं ॥

तीसरा अरथ्रिटिस इन्फेक्टेड ज्वाइन्ट (वा) सन्धिपूय स्फोटिक अर्थात् जोड़ में पीप का उत्पन्न होना यदि सूजन के लक्षण और पीड़ा कम न हो जोड़ पर वर्म होजावे रोगी को तप कोप नाड़ी तेज़ और शरीरक लक्षण भी हों तो जोड़ में पीप उत्पन्न होजाती है।

चिकित्सा लुपरी लगावें और उस से पीछे ऐस्पिरेटिङ्ग नीडल अर्थात् नाली वाली सूई से पीप मालूम करके छुरी से निकालें और जोड़ को तख्ती के साथ बांध देवें अगर लक्षण तीक्ष्ण हों और पीप बहुत सी निकले तो आपरेशन करना पड़ता है आज कल अस्प्रेटर से पीप को जोड़ से निकालते हैं कभी ट्रोकार केन्यूला भी लगाते हैं अगर जोड़ में पानी भरा हो तो इसी रीति से निकालें ॥

चौथे अरथ्राईटिस वा सन्धिप्रदाह अर्थात् जोड़ की सूजन यह दो प्रकार की होती है एक अक्यूट और दूसरे क्रानिक ॥

पहिले अक्यूट अरथ्राईटिस यह रोग साईनोवीअल पर्दे से हो कर संपूर्ण जोड़ में फैल जाता है

कारण हड्डी के सिरों का मुरदार होना जोड़ मिलनें वाली जगह से सूजन फैल कर या तो हड्डी को मुरदार कर देती है या कुरी गल जाती है या जोड़ में पीप भर जाती है और जोड़ की सारी व

नावटें गल कर जोड़ खराब होजाता है चोट घाव पाईमीआ पारमत फीवर अलब्मनोरिआ

लक्षण पीड़ा बहुत होती है और रोगी चीखता है हाथ नहीं लगानें देता रोगी स्थान गर्म और लाल मालूम होता है रोगी दुःख वाले जोड़ को एक खास स्थान पर रखता है कभी सिजम के कारण से पीड़ा बहुत होती है शारीरक लक्षण बहुत तीक्षण होते हैं पीप उत्पन्न होजाती है और जोड़ की हड्डीआं अलग होजाती है लिगेमिएट गल जाते हैं कुरी गल कर निकलती है कभी चर्बी के अंश में बदल जाती है साईनोवीआ का पर्दा पहिले मोटा और झालर वाला होजाता है और फिर पिलपिला होजाता है परदा छलनी की तरह मोरीआं वाला होजाता है अगर रोग अच्छा होने लगे तो इंकीलो सिस होजाता है परन्तु कुरी दूसरी बारी उत्पन्न होती है

चिकित्सा जोड़ को आराम से रखें सप्लिंट लगावे रोगी जोड़ को थोड़ा सा खेंच रखे जिस से हड्डे सिरे मिले ना रहें कभी बोहझ बाध कर जोड़ का ता। रखते हैं आक्चुअल कारट्री से जला देते हैं पीड़ा दूर करने के वास्ते निद्रा लाने वाली औषधि देवें पारे की औषधिआं फुलाद और आयुडाईड आफ पुटाशीअम भी देते हैं जब पीप उत्पन्न होजावे तो निकालें इंकीलो सिस का उपाय विधि पूर्वक करें स्टाव कटज संपूर्ण जोड़ पर लगादेते हैं ॥

दूसरे क्रानिक रोमाईटिक आरथ्राएटिस ॥

वर्णन इस रोग में जोड़ के सब अंशों में भेद पड़ जाता है जोड़ के खाने बड़े और गहरे होजाते हैं हड्डी के सिरे चौड़े और चिपटे होजाते हैं। और उन के गिर्द हड्डी का अंश उत्पन्न होकर ऊंचान बन जाती है और कारटीलेज़ बढ़ जाते हैं और हड्डी में बदल कर हिलने से घस कर गुप्त होजाते हैं हड्डी नङ्गी और डिङ्गी हो कर फिर गुम्म होजाती है और लिगेंमेण्ट भी गुम्म होजाते है कभी ढीले पड़ जाते हैं और साईनोवीआ की झल्ली मोटी और नाड़ीआं वाली होजाती है और उस पर बहुत कारटीलेजीनसलिगेमेण्ट और हड्डीआं के दाने नज़र आते हैं मास के हिस्से जो जोड़ से मिले हुए होते हैं तो वह भी गुम्म होजाते हैं और हड्डी का सिर अपने खाने से बाहर निकल आता है यह रोग कूहले और कंधे वर टिवरा अंगूठ और लोरज़ा के जोड़ में होता है ॥

लक्षण जोड़ के स्थान पर रोमाटिज़म की तरह पीड़ा बहुत होती है जो सर्दी और गर्मी से रात को बहुत होती है दबानें से थोड़ा सा आराम होता है जोड़ सख्त होजाता है और वह हिलनें से जाता रहता है मास पतला होजाता है पैर की लम्बाई छोटी होजाती है हड्डी को हिलानें से रगड़ की आवाज़ मालूम होती है अगर रोग कोहले में हो।

तो रोगी का शरीर सामने झुक जाता है ॥

कारण रेमाटिज़म गाऊट इस्त्रीओं की युवा अवस्था या उस समय ऋतु स्नान से स्थिर रहजाय और जवान आदमीओं को सर्दी या चोट के लगनें से यह रोग होता है ॥

चिकित्सा जुलाब देवें लाईकार पुटाशी कारबूट आफ पुटाश और आयोडाईड आफ पुटाशियम ग्वाएकम औषधीओं सिनकोना बारक और काड लिवरायल देवें भोजन बल वाला देवें जोड़ के स्थान पर मालश करें फलालेन की पट्टी बांधे पानी गर्म की टकोर करें और खास पट्टीओं से अंग को खेंच रखें

पाञ्चवें कुरी का जोड़ के बीच में अलग होना ॥

चोटके कारण घुटने के जोड़ में कुरी पहिले साईनोवीआ की झिल्ली पर लटक जाती है और फिर से एरी अलग हो जाती है ॥

लक्षण जेकर चमडे के नीचे हो तो अंगुलीओं से। मालूम होती है और जब हड़ीओं के बीच आजाती है तब रोगी को बड़ा क्लेश होता है जिस के कारण वह बेहोश होजाता है और सूजन भी होती है यह अवस्था चलनें के समय होती है ॥

चिकित्सा अगर होसके तो उन टुकड़ो को रूई अथवा सटिकिंग पलास्टर से जोड़ के अंदर चमडे के साथ स्थिर करें इस वास्ते कि यह हडीओं के सिरों के बीच में न आजावें बाद बलर इनसीशन

की रीति से चमड़े में चीरा देवें और साईनोवीआ के परदे को काट कर म्यूकस मेम्ब्रेण के अंदर ले आवें परन्तु औपरेशन से पहिले अंगुलीओं से कुरी के टुकड़ेंकिंचा लेजा कर साईनोवीआ झल्ली के खाने में डाल देते हैं और कुरी को पटिल्ला हड्डी के अंदर के कनारे पर सटिकिंग पलासटर और गदी से स्थिर रक्खे जव झल्ली का घाव अच्छा होजावे तव चमड़े में घाव उत्पन्न करके उस को वाहर निकाल लेवें अगर सैल्यूलर टिशु में रहने दें तो रोगी को वहुत क्लेश नहीं होता ॥

छवे अलसरेशन आफ दी कारटीलेज अर्थात् कुरी कागल जाना जेकर कुरी की पालन में किसी तरह की खरावी हो तो उस में पीप जलदी उत्पन्न होती है और घाव पड़ जाते हैं यह अवस्था किसी दुःख के विना वहुत काल तक ऐसे मनुष्यों के घुटने में जो वोझ उठाते हैं रह सक्ते हैं वूढ़े आदमीओं में कुरी गुम्म होकर हड्डी नंगी होजाती है ॥

चिकित्सा वल वाली औषधिओं देवें जोड़ पर मालश करें ॥

सातवें स्क्राफूलस डिज़ीज़ आफ जाइंट अर्थात् जोड़ की हजीरो के कारण सूजन उस को वाइट स्वैलिंग या आरटीक्यूलर केरेज़ भी वोलते हैं यह दो प्रकार का होता है ॥

पहिले जवानों का ऐसे लोगों के जोड़ में जिन का

खून किसी खास नेहर या शरीर के रोग के कारण खराव हो गया हो तो यह रोग उत्पन्न होता है यदि चोट लगने के पीछे सूजन हो तो सारे हिस्से जोड़े के गल कर पीली लेस वाली जलांश में वदल जाते हैं और जोड़ के अंदर और वाहर उत्पन्न होते हैं ॥

लक्षण थोड़े हफते या महीने तक रोगी के सारे जोड़ों में रोमाटिज़म की तरह दर्द रहता है फिर किसी खास जोड़ में पीड़ा ठेहर कर थोड़ी देर के पीछे वढ़ जाती है रात को वक़्त होती है जोड़ के किसी खास स्थान पर रोगी को ऐसा मालूम होता है कि कोई जानवर उसके जोड़ को चवा रहा है कभी२ हिलने से दूर२ तक दर्द होता है रोग के वढ़ने से दर्द भी वढ़ता जाता है कभी२ कनवलशन होजाता है निद्रा और भूख कम होजाती है चार पान्च हफते के अंदर जोड़ पर वर्म होकर शकल में वेडौल अर्थात् नर्म पिलपिला और गोल होजाता है और वाकी हिस्सा जोड़ का नीला जोड़ के स्थान पर खून कम होने से सफेद होजाता है और नीली नाड़ीआं नजर आती हैं अंत को लिगेमेण्ट और कारटीलेज़ गल जाते हैं मास हडीओं को जोड़ से निकाल कर अपनी तर्फ वीच ले जाता है और रोगी वक़्त निर्वल होजाता है ॥

दूसरे वालको का पहिले लक्षण थोड़े होते हैं अ

गर निर्बल होजाता है थोड़ी देर के पीछे जोड़ पर वर्म होकर असली अवस्था से बदल जाता है मास में फोड़े और नासूर होजाते है ॥

असलअवस्था यह रोग हजीरों के कारण से होता है पहिले सानोवीआ के पर्दे में सूजन होकर पीप उत्पन्न होजाती है हड्डी और कुरी गल जाती है हजीरों वाले बालकों में पहिले हड्डी के जोड़ मिलनें वाला हिस्सा और खानें वाला हिस्सा गलनें लगता है कभी जोड़ के खानें अबरकत्त के अंश से भरे रहते हैं ३० वर्ष के पहिले यह रोग कोहले घुटने कंधे और छोटे२ जोड़ों में होता है ॥

प्रागनोसिस वर्म होने के पहिले फल अच्छा है अगर रोगी थोड़ी देर के पीछे अच्छा होजावे तो जोड़ में अंकीलोसिस होजाता है जवान आदमीओं में जब पीप उत्पन्न होजावे तो अम्पोटेशन या ऐकसीजन के सवाय रोगी का बचना कठन है ॥

चिकित्सा रोगी को आराम से रक्खें और हिलनें न दें गया पारचा या चमड़े की तख्ती लगावें अगर हाथ हो तो स्लिंग मे और पैर हो तो फ्रेकचर बीडल अर्थात् झूले में लटका दें और जब थोड़ा आराम होजावे तो सहारा के साथ चलनें फिरनें का हुकम दें कभी२ जोकें भी लगाते हैं पुलटिस भी लगाते हैं और जवान आदमी में छोटे२ ब्लिस्टर जोड़ के स्थान पर लगाते हैं आयोडीन का बड़ा फा

यह होता है कास्टिक पुटाश और उष्ण लगाते हैं और नर्म लोहे से रोगी स्थान को दाग देते है. कभीर स्टिकिंग पलासटर से जोड़ को कस देते हैं और फोड़ा हो तो चीर दें ॥

शारीरकचिकित्सा आयोडाइड आफ पोटाशीयम कारबुंट आफ ऐरण आयोडाइड आफ ऐरन काडलिवर आइल और बलवान भोजन देवे और पीड़ा दूर करनें के वास्ते निद्रा लानेंवाली औषधि देवें जेकर यह मालूम हो कि जोड़ के अंदर टुकडे हड्डी के स्थिर हैं या मुवाद है तो चीरा दें कभीर सिसांव साहिब की ड्रेनेज ट्यूब दाखल करें इसवास्ते के पीप अच्छी तरह निकल जावे कभीर आयोडीन और डायलूटट नायट्रिक ऐसिड की पचकारी भी करते है जेकर फायदा न हो तो हड्डी के खराब सिरों को काट कर निकाल लेवें अगर इस से भी फायदा न हो तो संपूर्ण अंग को जुदा करें ॥

आठवें इनकीलोसिस वा अचलसन्धि अर्थात जोड़ का जुड़जाना

वर्णन इस रोग में हड्डी के जोड़ मिलनें वालेसिरे एक दूसरे से जुड जाते हैं ॥

कारण यह फल जोड़ के रोग का और जरब का है जब इस रोग के पैदा होनें का डर हो तो जराह को चाहिये कि रोगी जोड़ को इस तरह से रक्खें कि रोगी को फिर उस जोड़ के बरतनें में

लेश न हो अर्थात् कोहनी और टखने के जोड़ को सीधा समकोण और कोहले और घुटनें के जोड़ को जरा मुड़ कर पट्टी के साथ वांध देवें नहीं तो रोगी वीमार जोड़ को वेकायदा मोड़ेगा थोड़ी देर के पीछे उस जोड़ को फलाने वाले मसल काम करनें से रहजाते है और सुकेड़ने वाले सखत और छोटे होकर हड्डी के सिर को जोड़ से निकाल कर दूसरी जगह लेजावेगे यह रोग तीन तरह का होता है॥

पहिला फालस या अस फ्री अस इन की लो सिस अर्थात् छोटे२ जोड़ इस में मोटे होकर लिफ के साथ लिगे मैण्ट और चमड़े को मिला देते हैं॥ जोड़ का हिलना जाता रहता है॥

दूसरे लिगे मैण्टस इन की लो सिस इस प्रकार में हड्डी के जोड़ मिलनें वाली सितह लिग मैण्ट के साथ आपस में जुड़ जाती है कुरी के गुम होनेसे भी यह अवस्था होती है।

तीसरे बोनी इन की लो सिस इस में लिगे मैण्ट का अंश हड्डी के अंश में बदल कर हड्डी के सिरे जुड़ जाते हैं॥

चिकित्सा पहिले सूजन को दूर करे और रोगी को आराम से रक्खे जब तीक्ष्ण लक्षण दूर होजावें मालिश और टकोर करें रोगी जोड़ को दूसरा आदमी पकड़ कर धीरे२ सुकेड़े और फैलावे यह हरकत सिर्फ जोड़ की होती है और मसल इसमें

शामल नहीं होते इस को ऐंक्लोसाम बोलते हैं और ऐंचवाली दस्तकारीओं को काम में लाते है कभी रोगी को क्लोरोफारम सुंघा कर ज़ोर से उस को सीधा कर देते है परन्तु टुकड़े फेशीया या नसों के टेन्डन जिनके कारण से जोड़ का सीधा करना मुश्किल है कांटना पड़ता है जोड़ को सीधा करने पीछे स्प्लिंट लगा देते हैं और जेकर हड्डी आपनी जगह से उखड़ी होई है तो उस को भी अपनी जगह पर बठलावे थोड़े दिनों के पीछे रोगी को हरकत करने का हुकम है घुटने के जोड़ में रान की पुश्त के सब नसल और कुछ हिस्सा फेशीया कुहनी के जोड़ में बाईसिपिटल फेशीया कंधे में टेरीज़ मेजर लाटिस्सीमस डार्सी और पिकटोरलिस मेजर और टीज माएनर नसल और कोहले के जोड़ में ऐडक्टोरस और (साटोरिअस) नसल काटने पड़ते हैं और जब हड्डी का जोड़ होता है तो सिर को या टुकड़ा हड्डी का काट लेते हैं और उस स्थान पर झूठा जोड़ बन जाता है इन दस्तकारीओं में सदा रोगी को क्लोरोफार्म सुंघाते हैं ॥

[illegible] मारबिस काक्सी [illegible] वा [illegible] व्याधि ॥

वर्णन यह रोग खास कोहले के जोड़ का है इस में पहिले सूजन होकर अंग की जोड़ की हड्डीयां और सिरे [illegible] गल जाते हैं ॥

लसाता जोड़ पर दर्द और तनावट होती है पैर वाहर की तर्फ मुड़ कर रोगी लंगड़ा होजाता है दर्द कभी थोड़ा और कभी बढ़ने पर तीव्रता मालूम होता है अगर कोहले को अच्छी तरह हिला कर या ट्रोकेंटर के नेड़े दवा कर या देखे तो रोगी सिर्फ घुटने में पीड़ा बोलता है जरा पैर को खेंच कर अड़ी को जोर से ऊपर को या कोहले के स्थान पर सामने और पीछे की तर्फ दवावे, तो रोगी के जोड़ के अंदर पीड़ा मालूम होगा थोड़ी देर के पीछे चपनी का स्थान चपटा और नीचे का वल थोड़ा दिखाई देगा रोगी जोड़ कम जोर और तनदुरस्त तर्फ वाली लम्बा मालूम होता है इस का से रोगी अंग के अंदर पीप पड़ जाती है और रोगी के खड़ा होने से शरीर भार अरोग्य तर्फ पड़जाता है यह अवस्था थोड़ी देर तक रहती है यह रोग का पहिला दर्जा है दूसरे दर्जे में लम्बाई पैर की थोड़ी होजाती है कभी२ ग्लोटीयल सारटोरीयस टनसर वजाएनी कामोरस एलाएकस सुवास मसलस के खिंच जाने से रोगी का पैर थोड़ी मुद्दत तक छोटा मालूम होता है परन्तु असल में पैर की लम्बाई थोड़ी नहीं होती जब फीमर का सिर गर्दन और अस्थी खूलम का कनारा और कैपशुलर लिगेमेंट गल कर गुम होजाते हैं तब हडी ऊपर की अपने खाने से निकल जाती है रोगी

सदा के वास्ते लङ्गड़ा होजाता है दर्द होता है सम मे रोगी का पैर कांपता है ग्लोटी अस मेगसिमस मसल के ऊपर और नीचे स्वास और पकटेनी मसल कै दरमीयान रान तक पट्टीज के अंदर की तर्फ फोड़ा उत्पन्न होकर मुवाद मसलो के रेशों में भर जाता है कभी असराब्ज़लम को छेद कर पेडू में होकर गुदा के अंदर निकल पड़ता है अर्थात् हिपजोंट के चारो तर्फ मुवाद भर कर अपना रस्ता बाहर की तर्फ को करता है नासूर बनजाते हैं लिगेमैण्ट गलनें के कारण हड्डी अपनें जोड़ से बाहर निकल पड़ती है जवान आदमी इस अवस्था सें थोड़े बचते है परन्तु बचे जैकर किसी शरीर के रोग में पकड़े होंपे न हों तो अच्छा होजाता है परन्तु हर अवस्था में जोड़ का अंकीलोसिस होजाता है ॥

परीक्षा जोड़ को हिलाने मे क्लेश होता है जेकर रोगी को चितलिटावे और घुटनें को सीधा करें तो कमर ऊंची होजाती है और मेराब अर्थात् गोला सा पैदा होजाता है इस रोग मे अगर हम हड्डी को होसीर हिलावें तो सिर अपनें खाने में हिलता है और जोड़ मे वर्म नहीं होती परन्तु साईनोवीएटिस में लक्षण इस के उलट होते है स्वास अबसिस में शुरात में दर्द कमर और रान के ऊपर के हिस्से मे वर्म मालूम नहीं होती और इस का फोड़ा

फीमरस मारज़ी के बाहर की तर्फ और पूपार्ट लिगेमैण्ट के नीचे मालूम होता है क्रानिकरूमैटिकआरथ्राएटिस से रोगी की आयु दर्द का होना और हडी की रगड़ के आवाज़ का सुनाई देना इत्यादि इस रोग की परीक्षा करते है और साएटिका के रोग में फीमर के हिलाने से इतना दर्द नहीं होता ॥ प्रकार पहिले आरथ्राइटिक काफ सीलजीया इस रोग में साइनावीया जल्ली कारटीलेज़लगामेंराट पहिले रोग में पकड़े जाते है दर्द तीसरा होता है यह बाहर को मुड़ जाता है जेकर पीप पैदा न हो तो अंकीलो सिस पैदा होकर रोगी अच्छा होजाता है ॥ दूसरे अस्टा ब्लर काक सील ज्या यह रोग पलवस की हडीओं से शुरू होता है और पीछे फीमर की गर्दन में फैल जाता है और कुछ हडीओं मुर्दार पड़ जातें है परन्तु कैरीज़ भी होता है यह रोग जवानों को बहुत होता है और हिंसक भी होता है कोहले के जोड के स्थान पर शुरू में थोड़ा और पीछे सारे जोड़ में दर्द होता है अंग पतला होजाता है फोड़े पलवस के खाने में पैदा होजाते है और साटिक नाच के रास्ते से हूतड़ पर निकल पड़ते हैं परन्तु अवश्य करके तो पोर्टलिगैमेंराट के नीचे पविस पर होते हैं और कभीर ट्रैकटिम के निज़दीक [illegible] निकल पड़ता है और हडी अपने जोड़ स कम निकलती है ॥

तीसरे फीमरस्त काक सीलजीआ यह रोग वच्चों को होता है फीमर की गर्दन से शुरू होता है जोड़ की चारों तर्फ फोड़ा पैदा होजाता है हड़ी अपने स्थाने से निकल पड़ती है शुरू में लक्षण थोड़े होते है पीछे वच्चा लङ्गड़ा होजाता है ॥

चिकित्सा पहिले पहिल रोग में पैरों को आराम से रक्खें अंदर की तर्फ रेत की थैली एड़ी से लेकर स्तन तक और वाहर की तर्फ वगल से एड़ी तक लगावें अगर जोड़ की शकल वदलनें लगे तो चमड़ा या गट्टा पारचा की तख्तीआं पट और कोहले के स्थान पर लगावें और रोगी को कभी अरोग तर्फ और कभी रोग वाली तर्फ सुलावें दर्द हो तो जोकें और सिङ्गी लगावें वलिस्टर भी लगाते है मछली का तेल और वल वाली औषधियां देवें जव फोड़े होजावें तो चीरा देकर पीप निकालें कई जराह पट अर्थात चेहरा के वल पडा रहना अच्छा जानते हैं कभी फीमर के सिर और अस्था स्लम के कनारा को काट कर निकाल देते है काटनें की रीति आगे लिखी जायेगी यह रोग तीन महीनें से कई मास तक रहता है पहिले प्रकार में वोझ से हड़ी को अपनी जगह पर स्थिर रखते हैं दूसरी प्रकार में आज कल के वैद्य गली हुई हडी को निकाल देते हैं तीसरी प्रकार में ओपरेशन किए जाइन्ट का ओपरेशन करना चाहिये वल वाली औषधी

ओं और अच्छा भोजन देवै ॥

दसवें वुंडज़ अफ जाईण्ट्स अर्थात्त जोडोंका घाव

अगर घाव के कारण जोड़ खुल जावे तो साईनोवी या की जलांश तेल के दानों की तरह वहिती है

चिकित्सा अगर घुठने पर घाव हो और उसके साथ फ्रेकचर भी हो तो एक्सीशन करना पड़ता है और जव नाड़ी कटी जावे तो अम्पोटेशन करना पड़ता है अगर जोड़ को वचाना हो तो घाव को अच्छी तरह से वद करें लैसट के लोशन या सह्न में तर करके लगावें तखती और पटीओं से अच्छी तरह कस देवें सूजन को दूर करे वर्फ लगावें जहां तक हो सके पीप को पैदा न होने देवें ॥

नावां परिछेद

डिस्लोकेशन (या) लैकसेशन (वा) अस्थिवितान (अर्थात्) हड्डी का जोड़ से उखड़ना

लक्षण इस के दो वड़े लक्षण है (पहिले) डिफारमटी उस में जोड़ की शकल वदल जाती है कही ऊंचा कहीं नीचा होता है और लम्बाई कम या वढ़त होजाती है (दूसरे) जोड़ का हिलना जाता रहता है ॥

कारण पहिले चोट दूसरे मास का अकड़ जाना मास अकड़नें के कारण हडी जोड़ से निकल कर एक खास स्थान पर आजाना कि जहां से मास उस

को और जगह पर लेजाता है दूसरे अगर एक तर्फ के मसलस को पैलेसिस होजावे तो सामनें की तर्फ के मसलस हडी को अपनी तर्फ खैंचते है तीसरे जोड की लिगेमेण्ट्स का लंबा होजाना चौथे हडी के सिरे का टूटना या किसी रोग से गल जाना जैसे अस्थी क्षलम के गलजानें से फीमर हड़ी का सिर ऊपर को चला जाता है या कोरानाइड मालिस के टूट जाने से अलना जोड़ के नीचे की तर्फ उखड़ जाती है

मारविड् अनाटमी थोडी देर के पीछे जोड़ की लिगेमेण्ट्स फट कर अच्छी होजाती है अगर हडी अपनी जगह पर न रक्खी जावे तो उस के गिरद उस स्थान पर कि जहा हडी उखड़ने के पीछे पडी रहती है लिफ उत्पन्न होकर नैउलिगमेण्ट बनजाती है थोड़ी देर के पीछे उस स्थान पर एक प्याले की शकल का डूंथान बनजाता है जिस के अंदर उस हड़ी का सिर हिलता है इस नैए जोड़ में कुरी नही होती परन्तु एक श्वेत चीज़ हाथी के दान्त की तरह उत्पन्न होजाती है इसी काल असली जोड़ हडी का भर जाता है और अंग नए जोड़ में हिलने लगता है ॥

डिस्लोकेशन की फ्रैकचर से परीक्षा पहिले कैपीटस हडी का सिर जोड़ के हिलानें से एक तरह की करकराहिट खून के पानी के हिलने के कारण

उत्पन्न करता है परन्तु टूटी हुई हड्डियों की रगड़ से और तरह होती है ॥

दूसरे फ्रेकचर में हड्डी या जोड़ बहुत हिलता है परन्तु डिस्लोक़ेशन में थोड़ा हिलता है ॥

तीसरे टूटी हुई हड्डी की लम्बाई कम होजाती है

चौथे टूटी हुई हड्डी को खेंचने से अंग की शकल और लम्बाई अरोग अंग की तरह होजाती है परन्तु ढीला छोडनेसे फिर वैसा ही होजाता है डिस्लोकेशन में यह बात नहीं होती अगर हड्डी अपनी जगह पर रखी जावे तो फिर अपनी जगह नहीं छोड़ती है ॥

चिकित्सा उखड़ी हुई हड्डी के सिरे को ऐसीजगह पर लावे कि वह मास के हिलने से अपने खाने में चली जावे जैसे कि रोगी अंग को जोर से खेंचना ॥

लगाने की रीति रोगी अंग के ऊपर के हिस्से को अच्छी तरह स्थिर करें और नीचे केसिर की ओर से खेंचे जिस से मास की पकड़ कम हो कर हडी अपनी जगह पर जम जावे हड्डी के खेंचने से वह मसलस जोड़ से और जगह पर स्थिर रखते हैं ढीले होजाते हैं हड्डी को अपनी जगह पर बठलाने के लिये उस के सिरे को ऐक्सटेन्शन की अवस्था में कभी२ घुमाते है ॥

दूसरे मैन्युवरिंग मैनीपुलेशन। चिकित्सा में लगाये जा

ते हैं आगे अच्छी तरह वर्णन कीये जावेंगे जब डिस्लोकेशन कुछ पुराणा पड़ जाये क्लोराफारम वर्तना चाहिये अगर इसमें भी बहुत काल गुजर गया हो तो चर्खी को बड़ी होशयारी से लगाना चाहिये इस लिये बहुत खिचावट से और खास कर पुराणे डिस्लोकेशन में चमड़ा फट जाता है मसलस टूट जाते हैं जोड़ के पास रक्त स्रुजन और पीप उत्पन्न होजाती है पतली नाड़ीयां फट कर खून निकलता है या वेन फट जाती है या आरटरी फट कर ऐन्युरिज़म होजाता ह हड्डी टूट जाती है नरवस फट जाते हैं स्रुजन को रोके अगर होसके तो जोकें लगावें वर्फ लगावें और जुलाब दें जितनी जल्दी होसके तो हड्डी को अपनी जगह बटलाना चाहिये अगर रोगी को कुलैप्स की अवस्था में हो तो सकी को अच्छी बात जान कर हड्डी को अपनी जगह पर बिठलावें इस लिये कि अगर रोगी होश में आजावेगा तो मसलस सुकड़ कर हड्डी को और जगह पर स्थिर कर देंगे रोगी को सदा क्लोराफार्म सुंघावें पिछले जमाने में यारयार श्रौमैटिक और खून भी निकालते थे दो चार हफते तक उस अंग को आराम से बांध रखें कई जगह चमड़े के अंदर मसलस लिगमैण्टस काट देते हैं ॥

कम्पौंड डिस्लोकेशन यह बड़ा भयानक है इस में जोड़ के [illegible] साइनोवाइटिस बहुत होजाते हैं

कभी ऐम्पोटेशन या ऐकसीजन करना पड़ता है अगर इस तरह का डिस्लोकेशन जवान आदमीओं को हो या हडी चूर होजावे या नाडीओं पर घाव हो या बहुत सा हिस्सा फट जावे तो ऊपर का औपरेशन करना पड़ता है जिस कदर होसके ऐकसीशन करें अगर अंग को बचाना हो हडी को अपनी जगह पर करें और अगर चाहिये तो आरी से काट कर रक्खें ॥

चिकित्सा। घाव की जोड़केघाव की तरह करें जबर डिस्लोकेशन फ्रैकचर एक दूसरे के साथ हि हो तो फ्रैकचर का उपाय करें जैसा पट्टी और तखती लगा कर हडी को अपनी जगह बिठलावें कनजैनेटल डिस्लोकेशन अर्थात् जमांदरू हडी उखड़ जाने का यह उपाय है ॥

पहिले डिस्लोकेशन आफदी लोरजा (वा) निम्नहन्वयितान (अर्थात् नीचेके जबड़े का उखड़ना)

कारण अगर मुख खुला होवे और ठोडी पर चोट लगे या जमाई लेने के समय ऐक्सटरनल टैरीगाइड मसलस अकड़ जावे तो हडी के कण्डाइल। अपनी जगह से निकल कर जाइगोमैटिक प्रोसिस की जड़ में चली जाती है कभी एक कभी दोनों कण्डायल इस तरह पर उखड़ जाते हैं इस वास्ते जब हडी एक तर्फ के जोड़ से निकल जाती है। तो उस को पारशल डिस्लोकेशन कहते हैं ॥

लक्षण रोगी का मुख आधी (½) इञ्च से डेड (१½) इञ्च तक खुला रहता है और वंद नहीं कर सक्ता वोल और खा नहीं सक्ता मुहं से थूक निकलती रहती है ठोडी साहम्ने या एक तर्फ को निकल आती है और जव डिस्लोकेशन एक तर्फ होता है तो ठोडी दूसरी तर्फ को निकल आती है कण्डाइल जाइगोमैटिक प्रेसिस के नीचे मालूम होता है अंगुली प्रोटिड गिलट के खाने में जा सक्ती है ॥

चिकित्सा रोगीकेसिर को कुरसी के साथ स्थिर करे और जराह अपने दोनो अंगूठों कोगिरद एक मोटा कपड़ा लपेट कर रोगी के मुख में मोलर दान्त के पीछे और वाहर की तर्फ को कोरोनाइड प्रासिस की जड़ में नीचे और पीछे की तर्फ दवाये और वाकी अंगुलो से रोगी की ठोडी को ऊंचा करे जिससे टैम्परल ईवारड मसलस अपनी जगह पर लेजावे जव हडी अपनी जगह पर आजाती है तो रोगी का मुख अच्छी तरह वंद होसक्ता है और दान्त के साथ दान्त मिलते हैं फिर फोरटेल वैंडिज इस हडी के फ्रैकचर की तरह दो हफते तक लगा रक्खें खाने को दूध और मास का जल देवें जवान आदमीओं में हडी फिर भी उखड सक्ती है ऐसी अवस्था में ओपरेशन के पीछे वल वालीआ औषधिआं और भोजन देवें ठंडे पानी से नलहावें अगर जोड़ में किसी तरह की सख्ती रहजावे तो

तेल की मालश करें टिङ्कचर आयोडीन या छोटे २ टुकडे ब्लिस्टर के लगावें ॥

दूसरे डिस्लोकेशन आफदी क्लैविकल वा जन्त्रस्थिवतान अर्थात् हंसली की हडी का उखडजाना

पहिले स्टरनल या अंदर के सिरे का यह दो प्रकार का होता है साहमने का और पीछे का डिस्लोकेशन ॥

पहिले डिस्लोकेशन फारवर्ड अर्थात् साहमने की तर्फ हडी का उखड जाना

कंधे के ऊपर चोट लगने से हडी का सिरा कभी सामने कभी सटरनम हडी के ऊपर अंगुलीयों से मालूम होता है ॥

चिकित्सा कंधे को बाहर की तर्फ दबा कर पीछे को मोड़ें और हडी को अंगूठे से दबा कर अपनी जगह पर बठलावें रोगी स्थान पर गद्दी पट्टी से लगा कर फ्रेकचर आफदी क्लैवकल की तरह उपाय करें ॥

दूसरे डिस्लोकेशन बैकवर्ड अर्थात् हडी के सिरेका ॥ पीछे की तर्फ उतरजाना

यह रोग करवीचर आफदी स्पाइन के कारण या कंधे की चोट के कारण होता है ॥

लक्षण पीडा और सांस लेनें में दुःख होता है कभीर ऐसा फेगास पर दबाउ पड़नें से रोगी भोजन खा नही सकता ॥

चिकित्सा बगल में एक मोटी गद्दी रक्खें उस तर्फ को कोहनी की छाती के साथ बांध देवें फिर। जराह रोगी के पीछे खड़ा होकर दोनों सकैपुला के बीच गुठना लगा कर दोनों कंधों को पीछे की तर्फ मोड़े यदि अक्रोमस पर बहुत दबाव पहुंचे तो हड्डी को निकाल भी देते हैं ॥

तीसरे डिस्लोकेशन अप वर्ड यह बहुत घट। होजाता है हड्डी स्टरनमकेमसलस के पीछे होजाती है ॥

चिकित्सा कंधे को पीछे खेंचें हड्डी अपनी जगह पर आजाएगी ॥

तीसरे डिस्लोकेशन आफदी सकैपला या क्लैविकल के अक्रोमीयल सीसिस्का डिस्लोकेशन

पहिले हड्डी का अक्रोमीयल सीसिस के ऊपर चला। जाना ॥

लक्षण कंधा झुक जाता है और चिपटा होजाता है। अगर स्पाईन आफदी सकैपुला की जड़ से अन्त तक अंगुली से देखें तो हड्डी अपनी जगह पर मालूम होगी कंधा झुक जावेगा और क्लैविकल का सिरा चमड़े के नीचे मालूम होगा ॥

दूसरे हड्डी का अक्रोमीयल सीसिस के नीचे उखड़। जाना यह चोट जैसे कंधे पर घोड़े की लात लगनें से हड्डी उखड़ जाती है ॥

लक्षण पहिले प्रकार की तरह होते हैं परन्तु कं

थ उस से वहुत झुक जाता है ॥

चिकित्सा कंधे और कोहनी को उठावें और कोहनी को पीछे की तरफ लेजा कर वैंडिज़ से स्थिर रक्खें और क्लैविकल के ऊपर गदी लगावें कभीर सकेप्पुला का वीच का कनारा और कोना अपनी जगह से निकल जाता है मालश करके उसका उपाय करें ॥

चौथे डिस्लोकेशन आफदी शौलडर जौइन्ट या स्कथस न्यिविक्लान अर्थात् कंधे के जोड़ का उखड़जाना

यह चार प्रकार का होता है

कारण अगर भुजा वाहर की तर्फ मुडी होई हो और चोट उसके अंदर या वाहर की तर्फ या कोहनी के ऊपर लगे तो हड्डी कंधे के जोड़ से उखड़ जाती है ॥

पहिले डिस्लोकेशन डौनवर्ड सबग्लीनाइड अर्थात् ह्यूमरस के सिर का नीचे की तर्फ वगल में उतर जाना हड्डी का सिर सब सकैप्युलेरस ड्राई सप्स मसलस के लंबे सिरे के वीच में से गुजर कर सकैप्पुला के वाहर के कनारे में लगा रहता है और ऐग्जीलरी नर्वस पर दवाओ पहुंचता है ॥

लक्षण भुजा वहुत लम्बी होजाती है ऐक्रोमीयन प्रौसिस के नीचे हड्डी के सिर की जगह एक गड़ा मालूम होता है कंधे की गोलाई जाती रहती है और चिपटा होजाता है कोहनी वाहर निकल आती है और किसी तरह से पसलीयों के पास नहीं लासकते



देखो मूर्ति नम्बर १२५ भुजा के उठानें से हडी का सिर बगल में मालुम होता है रोगी को पीडा होती है बगल में साहम्ने का बल कम होजाता है ॥

परीक्षा ऐक्रोमीयन प्रौसिस और सकैप्यूला और ह्यूमरस की गर्दन के फ्रैकचर में हडी खेचनें से अपनी जगह पर आजाती है डिफ़ारमिटी गुम्म होजाती है और क्रैपिटिस सुनाई देता है इन लक्षणों के सवाय ह्यूमरस की गर्दन के टूट जाने में लापकी लम्बाई छोटी होजाती है ऐक्रोमीयन के नीचे इतना गढ़ा मालूम नही होता और शाफट का टूटा हुआ खराब सिरा हडी के गोल सिरे की जगह बगल में मालूम होती है सरकम फ्लैक्सनरव पर चोट लगनें से डेलटाईड मसल को मैलेसिस हो कर जोड़ की अवस्था डिस्लोकेशन की तरह होजाती है इस अवस्था में जोड़ हिलता रहता है परन्तु डिस्लोकेशन में जोड़ हिलना नही है

दूसरे डिस्लोकेशन फारवर्ड या सबक्लेविक्युलर अर्थात् हंसली की हडी के नीचे हडी के सिर का साहम्ने की तर्फ चलाजाना

इस में हड्डी का सिर कोरो कार्इड प्रोसिस के अंदर और क्लाविकल के नीचे मालूम होता है ॥

लक्षण भुजा की लम्बाई यानी छोटी और कोहनी पीछे को निकल जाती है ऐक्रोमीयन प्रोसिस भी पीछे की तर्फ नौकोला होजाता है और उस के नीचे हड्डी का सिर मालूम नहीं होता और कैपस्लर लिगेमेण्ट फट कर या फैल जाते हैं देखो मूर्ति नम्बर २(२६) ॥ ॥



तीसरे डिस्लोकेशन बैकवर्ड या सब स्पाईनस अर्थात हड्डी के सिर का पीछे की तर्फ स्कैप्यूला की पीठ पर चलाजाना कोहनी सामने को निकल आती है कंधे के पीछे व नीचे ऐक्रोमीयन के नीचे गढ़ा मालूम होता है ॥

चौथे पारशल डिस्लोकेशन फारवर्ड या सब कोरा काईड यह सामने की तर्फ होता है और इस में हड्डी का सिर गिलेनाईड कैविटी से निकल कर कोरो काइड के पास आजाता है ॥

लक्षण ऐक्रोमीयन प्रोसिस निकलता हुआ और उसके नीचे और जोड़ के पीछे एक गढ़ा मालूम होता है

और सिर हडी का सामने को निकल आता है और कोहनी के घुमाने से हिलता है हाथ में अकडावट और कोहनी के उठानें से दुःख होता है इस लिये कि हडी का सिर कोरो काइड प्रोसिस से टकर खाता है

चिकित्सा पहिले सिम्पल ऐक्सटैनशन अर्थात खाली खैंचने की रीति एक मोटा तौलीया सीनें के गिर्द लपेट कर रोगी तर्फ की भुजा के नीचे से गुजार कर कंधे के ऊपर सिरों को बदल लेवें अर्थात पीछे का सामनें और सामनें का पीछे को लेजा कर साथी को पकड़ावे कि ता वह उन को अच्छी तरह जोर से पकड़ रक्खे और सकैपूला को स्थिर रक्खे इस पीछे एक पट्टी को क्लविच अर्थात नाक वल की गिरा मुर्त नम्बर (२७) की तरह कोहनी के ऊपर भुजा के गिर्द दबावें और रोगी को फरश या कुरसी के ऊपर बठलावें और कोहनी को मुड देवें और भुजा को बहर की तर्फ उठा कर क्लोविच को खैंचें इस रीति सेडेलटाईड या वाई स्पस और सुप्रा स्पाइ नेटस मस



लस ढीले होजाते हैं भुजा को थोड़ी देर तक खेंचें कर जराह नर्मी से हड्डी के सिर को हिलावे और घुमावें फिर अपने गुठने से हड्डी के सिरे को ऊंचा करें हड्डी का सिर एक आवाज़ के साथ अपने स्थानें में चला आवेगा ॥

दूसरी रीति यह ऐक्सटैनशन बाई पुलेज़ अर्थात् चर्खी से खैंचना याद रहे कि शाख को इस ख्याल से कि हड्डी बहुत जोर से खेंचीजाये न लगाना चाहिये परन्तु बराबर एक जैसा दिबाओ हड्डी पर पहुंचावे पहिले एक भीगा बैंडिज कोहनी के ऊपर भुजा के गिर्द लिपेट कर स्कैपूला को पहिली तरह स्थिर करे फिर चर्खी की गद्दी को लगा कर चर्खी से खेंचें और ऊपर की रीति से हड्डी को आपनी जगहमें पर बठलावें क्लोराफारम ज़रूर देना चाहिये

तीसरी रीति हिलइदी ऐगजला अर्थात् ऐड़ी को बगल में देकर खेंचना रोगी को एक मंजी पर लटावे और जराह कनारे ओर पाई पर बैठ कर पांव से जूता उतार और जिस तर्फ का डिस्लोकेशन हो उसी तर्फ के पैरकीऐडी रोगी की बगल में रक्खे और दूसरा पैर ज़मीन पर स्थिर करे ऐडी रोगी की बगल में स्कैप्यूला के कनारा से और अंगूठे ह्यूमरस से लगे रहते है फिर जराह रोगी की वीनी को पकड़ कर कोहनी के ऊपर भु

जा के गाई एक मोटा तौलीया लपेटकर सीधा नीचे की तर्फ खैंचे देखो मूर्त नम्बर (२८) और हाथ को



पकड़ कर रोगी की छाती पर लेजावे इस रीतिसे ह्यूमस का सिर ओडी के साथ ऊपर और बाहर को आकर अपने खाना में आवाज़ के साथ चला जावेगा ॥

चौथी रीति नीउंदी औगज़्सा अर्थात गुठनें को वगल में देकर हजी को अपनी जगह पर लाना रोगी को एक कुरसी पर बठलावें जराह अपना पाओं कुरसी के कनारा पर रख कर गुठना उसकी वगल में रक्खे और दाहनें हाथ से रोगी की भुजा की कोहनी के ऊपर स पकड़ कर अच्छी तरहसे नीचे को खेंचें और बाएं हाथ से उस के औक्रोमीय

न को स्थिर करें इस रीति से हड्डी अपनी जगह पर आजावेगी

पांचवीं रीति डाक्टर वाइट साहिव की रीति रोगी को एक विछे पर लिटाकर जराह उस के पीछे खडा हुये और अपना वांया हाथ रोगी के कंधे पर रखकर सकैपुला को अच्छी तरह से स्थिर रक्खें और दाहनें हाथ से रोगी की भुजा को सीधा करके पीछे की तर्फ इतना खेंचे कि हडी का सिर अपनें खाना में आजावे देखो मूर्ति नम्बर (२४)



छठी रीकि रोगी को क्लोराफारम सुंघा लेवे और जराह एक हाथ से रोगी का कंधा पकडे और दूसरे हाथ से कोहनी को सकेड कर वाहर की तर्फ भुजा को लेजाकर खेंचैं जब ऐक्सटैन्शन अच्छी तरह होचुके कोहनी को उठावे और चेहरे और स्टरनम

के सामने चक्र देकर जलदी से भुजा के नीचे लाकर पैरक्स के साथ लगा देवें डिस्लोकेशन फारवर्ड और डोनवर्ड में एक हाथ सकैप्युला की पीठ पर और भुजा पर रक्खे इस रीति को मैन्युप्युलशन कहते है देखो मूर्ति नम्बर (३०) डिस्लोकेशन फार वर्ड

([illegible])



में अक्सटेन्शन नीचे और पीछे की तर्फ करना चाहिये इस में हिलक्न्दी ग्रेगजिला की रीती कम वरतते हैं बैक वर्ड डिस्लोकेशन में ऐक्सटैन्शन सामने की तर्फ करना पड़ता है जब के हड्डी अपनी जगह पर बैठ जावे तो रोगी की बगल में एक गद्दी रक्खे और कंधे को फियाफेट बैंडिज से जिस का वर्णन पीछे होचुका है भुजा को छाती के साथ १५ दिन तक बांध रखें इस के पीछे १५ दिन तक रोगी जोड को रुमाल गले में बांध कर लटकावें एक मास के उपरन्तपैसिव मोशन अर्थात खाली जोड़ को हिलावें यदि सूजन होजावे तो जोकें

लगावें और टकोर करें यदि रोगी निर्बल हो या कभी पहिले भी ऐसी तरह का डिस्लोकेशन उसी जगह पर हुआ हो तो भुजा को बहुत काल तक बांधी रखे डिस्लोकेशन में यह प्रसिद्ध रीति है कि जितनी शताबी होसके चोट के पीछे हड्डी को अपनी जगह पर बठलाना चाहिये इस वास्ते कि थोड़े के पीछे रोगी स्थान के मसलज़ सख्त होजाते हैं और फारम और चर्बी लगानी पड़ती है और भुजा को घुमा कर हड्डी के सिर को हाथ से पकड़ कर उस के खाने में डालना पड़ता है जेकर तीन मास के अंदर हड्डी अपने स्थान पर न बठाई जावे और उस जगह नवां जोड़ बन कर थोड़े हिलने भी लग जावे तो इस तरह की अवस्था में। हड्डी को अपनी जगह पर बठलाना चाहिये इस वक्त के पुराने उखड़े हुये जोड़ों को छेड़ने से बहुत दुःख होते हैं अर्थात् चमड़ा और मसलस फट जाते हैं फोड़े निकल आते है ऐगज़िलरी आरटीज़। फट कर ऐन्यरेजम बन जाते हैं ह्यूमस की गर्दन और पसलीआं टूट सक्ती हैं कभी हाथ को मैलेसिस होजाता है जब इस जोड़का डिस्लोकेशन कम्पाउंड हो अर्थात् हड्डी टूट और उखड़ भी जावे या आरटीज़ फट जावे तो पहिले फ्रैकचर और फटीहुई नाड़ीओं का उपाय करते हैं और फिर हड्डी को अपनी जगह पर बठलाते हैं ॥

पांचवें डिस्लोकेशन आफदी अलवुजाइंट वा कूर्पसन्धिविलान अर्थात् कोहनी के जोड़ का उखड़जाना

इस की आठ प्रकार हैं

पहिले रेडीअस और अलना का बेकवर्ड अर्थात् रेडीअस अलना का पीछे की तर्फ उखड़ जाना ॥

लक्षण कोहनी समकोन की तरह मुड़ जाती है। और हिलती नहीं ओली क्रेनन प्रोसिस पीछे को निकला हुआ मालूम होता है और उस के दोनो तर्फ सिग माईड केवटी के स्थान देखने में आते हैं। ह्यूमस का ट्रोकलीआ कोहनी के सामने निकल कर चमड़े के नीचे ऊंचाई पैदा कर्ती है ब्रेकीअल आरट्री जोड़ के साहमने मालूम होती है कोरोनाइड प्रोसिस उस खाने में होता है कि जिस में ओली क्रेनन प्रोसिस होता था और कभी यह टूट भी जाता है तो इस अवस्था में भुजा को साहम्ने खेंचने से क्रेपिटिस की आवाज़ सुनाई देती है अंदर का कण्डाइल ओली क्रेनन प्रोसिस से जुदा होजाता है जोड़ के साहम्ने और पीछे की मध्य रेखा बढ़ जाती है देखो मूर्ति९१

दूसरे बेकवर्ड अण्ड औट वर्ड अर्थात् दोनो हड्डीओं का पीछे और बाहर की तर्फ उखड़जाना ॥

लक्षण कोरोनाइड प्रोसिस बाहर के कण्डाइल के पीछे मालूम होता है और बाकी लक्षण पहिले प्रकार की न्याई होते हैं रेडीअस का सिर अच्छी तरह जोड़ के बाहर की तरफ मालूम होता है अंदर

(۱۳)



का कराडायल निकला हुआ होता है ॥

तीसरे बैकवर्ड ऐण्ड इनवर्ड अर्थात दोनो हडीओं का पीछे की तर्फ और अंदर को चला जाना ॥

लक्षण पहिली प्रकार की न्याई होते हैं बाहर का करण्डाइल बहुत बाहर की तर्फ निकला हुआ होता है ॥

चौथे अलना बैकवर्ड अर्थात अलना हडी का पीछे की तर्फ उखड जाना ॥

लक्षण ओली क्रेनन प्रोसिस बहुत पीछे को निकला हुआ होता है और रेडीअस का सिर अपनी जगह पर होता है भुजा सीधी नहीं रहती है और हिलती नहीं बीनी मुड़ कर पट होजाती है हथेली अंदर की तर्फ बल खा जाती है ॥

पांचवे रेडीअस बैकवर्ड अर्थात रेडीअस हडी का पीछे की तर्फ उखड़ जाना यह कम होता है कोह